रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 23 जून 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 302 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### राष्ट्रपति चुनाव के लिए राजग उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू ने मंदिरों में की पूजा अर्चना



**भुवनेश्वर।** झारखंड की पूर्व राज्यपाल एवं आदिवासी महिला नेता द्रौपदी मुर्मू ने ओडिशा के मयूरभंज जिले के अपने पैतृक गांव रायरंगपुर के कई मंदिरों के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। मुर्मू को राष्ट्रपति चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार बनाया गया है। मुर्मू ने रायरंगपुर में भगवान जगन्नाथ, हनुमान और शिव मंदिरों के दर्शन किए और वहां पूजा-अर्चना की। उन्होंने पूजा अर्चना करने से पहले शिव मंदिर परिसर की सफाई की।

### मोदी 26-28 जून तक जर्मनी, यूएई की यात्रा पर रहेंगे



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 से 28 जून के दौरान जर्मनी एवं संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की यात्रा पर जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि मोदी जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज़ के निमंत्रण पर श्लोज़ एल्माउ में होने वाली जी-7 शिखर बैठक में भाग लेने के लिए 26 एवं 27 जून को जर्मनी की यात्रा पर रहेंगे। शिखर बैठक में प्रधानमंत्री के पर्यावरण, ऊर्जा, जलवायु, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य, लैंगिक समानता और लोकतंत्र पर दो सत्रों को संबोधित करने की संभावना है।

### सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत, ग्यारह घायल

**विदिशा।** मध्यप्रदेश के विदिशा जिले में दो कार के आमने-सामने की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि थाना ग्यारसपुर क्षेत्र के नेशनल हाईवे 146 पीपल खेड़ी के पास दो कार की टक्कर में एक कार में सवार इंदौर जिले के महू निवासी मनोहर लाल वर्मा (60), चंदाबाई वर्मा (55), दीपा वर्मा और कार चालक रिंकू मसीह (40) की मौके पर मौत हो गयी।

### नए सैनिक स्कूलों में प्रवेश के लिए दूसरे दौर की काउंसलिंग शुरू

**नई दिल्ली।** हाल ही में मंजूर किए गए नए 10 सैनिक स्कूलों में प्रवेश के लिए दूसरे दौर की काउंसलिंग बुधवार से शुरू हो गई। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को एक वक्तव्य जारी करके बताया कि इन स्कूलों में पहले दौर की काउंसलिंग सफलतापूर्वक पूरी होने के बाद दूसरे दौर की काउंसलिंग शुरू हो गई । दूसरे दौर की काउंसलिंग में 534 सीटों पर दाखिला किया जाएगा । मंत्रालय ने बताया कि काउंसलिंग के लिए सैनिक स्कूल प्रवेश पोर्टल पर 26 जून तक लॉगिन किया जा सकता है।

### जयशंकर ने इथोपिया में किया भारतीय दूतावास का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने अफ्रीकी देश इथोपिया की राजधानी अदिस अबाबा में भारतीय दूतावास का उद्घाटन किया। डॉ. जयशंकर ने इस अवसर पर मौजूद इथोपिया की महिला एवं सामाजिक मामलों की मंत्री इर्गोगी तेसफाये और विदेश मंत्री तेसमाये यिल्मा का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मेरे साथ इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए इथोपिया की महिला एवं सामाजिक मामलों की मंत्री इर्गोगी तेसफाये और विदेश मंत्री तेसमाये यिल्मा का धन्यवाद।

# पार्टी विधायक कहेंगे तो मैं इस्तीफा देने को तैयार हूं: उद्धव ठाकरे

वार्ता < मुंबई
www.dailypioneer.com

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने बुधवार को कहा कि शिव सेना के बागी विधायक यदि उनके सामने आकर कहें तो वह इस्तीफा देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि उनकी ही पार्टी के विधायक यदि सूरत और गुवाहाटी जाकर कुछ कहते हैं तो यह उचित नहीं है, यदि उन्हें लगता है कि उन्हें (उद्धव ठाकरे) मुख्यमंत्री नहीं रहना चाहिए तो उनके सामने आकर कहें, वह तुरंत इस्तीफा दे देंगे और अगर वे चाहें तो उनका इस्तीफा ले जाकर स्वयं राज्यपाल को दे दें। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के लोग इस्तीफा देने के लिए कहते तो उन्हें इतना कष्ट नहीं होता लेकिन वह जिस कुल्हाड़ी से घायल हो रहे हैं, उसकी लकड़ी उनके ही पेड़ की है। ठाकरे ने कहा कि मुझसे हिंदुत्व पर प्रश्न पूछा जा रहा है लेकिन मैं बताना चाहता हूँ कि श्री बाल ठाकरे और आज की शिव सेना में कोई फर्क नहीं है। मैने ऐसा कोई भी काम नहीं किया है जिससे पहले की शिव सेना और आज की शिव सेना में फर्क आया हो। शिव सेना और हिंदुत्व अलग-अलग नहीं हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें राजनीति में काम करने का कोई



अनुभव नहीं था लेकिन फिर भी जो भी दायित्व उन्हें मिला, उसे अच्छे से निभाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इतना ही नहीं यदि बागी शिव सैनिक यह कहें कि वह शिव सेना का नेतृत्व करने के योग्य नहीं हैं तो वह मुख्यमंत्री पद के साथ ही शिवसेना का अध्यक्ष पद भी छोड़ देंगे, लेकिन वह चाहते हैं कि शिव सैनिक उनके साथ गद्दारी नहीं करें। ठाकरे ने कहा कि हमने 25-30 वर्षों तक कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का विरोध किया लेकिन यह आरोप लगाना गलत है कि उन्होंने हिंदुत्व छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि हमने एकनाथ शिंदे को पूरा सम्मान दिया और अभी कुछ दिन पहले ही वह आदित्य ठाकरे के साथ राम मंदिर का दर्शन करने के लिए गये थे। ठाकरे ने यह भी कहा कि वह अपने घर मातोश्री से ही काम करेंगे।

### कांग्रेस, उद्धव ठाकरे सरकार को अपना समर्थन जारी रखेगी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं महाराष्ट्र कांग्रेस पार्टी के पर्यवेक्षक बनाये गये कमलनाथ ने बुधवार को कहा कि महाराष्ट्र में पार्टी के सभी विधायक एकजुट हैं और महा विकास अघाड़ी(एमवीए) के नेतृत्व वाली उद्धव ठाकरे सरकार को अपना समर्थन जारी रखेंगे। कमलनाथ शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे के विद्रोह के कारण उत्पन्न वर्तमान राजनीतिक संकट की पृष्ठभूमि में कांग्रेस विधायकों के साथ बातचीत करने के लिए पार्टी पर्यवेक्षक के रूप में आए।उन्होंने कहा कि पार्टी के 44 विधायकों में से 41 विधायक बैठक के दौरान उपस्थित थे जबकि तीन लोग रास्ते में थे। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी एमवीए सरकार को समर्थन जारी रखेगी। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की आलोचना करते हुए कहा कि यह पार्टी रुपयों और सत्ता का दुरूपयोग कर रही है जो भविष्य में देश के लिए खतरा है। शिंदे की बगावत की चर्चा करते हुए उन्होंने उम्मीद जतायी कि सभी विधायक घर लौट आएंगे। बैठक के दौरान एमपीसीसी अध्यक्ष नाना पटोले, राजस्व मंत्री बालासाहब थोराट, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण सहित अन्य लोग भी मौजूद थे।

### सरकार के लिए 144 विधायकों का समर्थन जरूरी

288 सदस्यों वाली महाराष्ट्र विधानसभा में शिवसेना के 55, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के 53 और कांग्रेस के 44 विधायक हैं। सरकार बनाने के लिए 144 विधायकों का समर्थन जरूरी है। अब अगर एकनाथ शिंदे 40 विधायकों के साथ पाला बदलते हैं तो राज्य की उद्धव ठाकरे सरकार मुश्किल में पड़ सकती है।

## सोनिया ने पूछताछ टालने के लिए प्रवर्तन निदेशालय को लिखा पत्र

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अपनी खराब तबीयत का हवाला देते हुए प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) को बुधवार को पत्र लिखकर नेशनल हेराल्ड मामले में उनसे की जाने वाली पूछताछ को कुछ सप्ताह टालने का अनुरोध किया। ईडी को नेशनल हेराल्ड धन



शोधन मामले में गांधी से 23 जून यानी गुरुवार को पूछताछ करनी है। गांधी ने इससे एक दिन पहले आज ईडी को पत्र लिखकर पूछताछ के दिन को आगे टालने का अनुरोध किया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने ट्वीट करके कहा कि कोविड और फेफड़े के संक्रमण के कारण गांधी को घर में पूरी तरह से आराम करने की सलाह दी गई है। इसे ध्यान में रखते हुए गांधी ने आज प्रवर्तन निदेशालय को पत्र लिखकर उनसे की जाने वाली पूछताछ को कुछ सप्ताह तक टालने के का अनुरोध किया है जिससे कि वह पूरी तरह ठीक हो सके।

# कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेता मेरी ताकत : राहुल

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की पूछताछ के दौरान 50 घंटे तक वह निडर होकर सवालों का जवाब देते रहे और इस दौरान वह अकेले नहीं बल्कि हजारों पार्टी कार्यकर्ता और नेता उनकी ताकत बने हुए थे। गांधी ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में उदयपुर घोषणा पत्र के तहत पार्टी के 'भारत जोड़ो' अभियान की श्रृंखला में कांग्रेस नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ईडी के अधिकारी भी उनके निडर और धैर्य के साथ दिए गए सवालों का जवाब देखकर हैरान थे। उनका कहना था कि उसके धैर्य एवम निडरता की बुनियाद में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं की ताकत उनके साथ थी। उन्होंने कहा कि अपने निडर कार्यकर्ताओं और नेताओं पर मुझे बहुत गर्व है। आप सब ने बीते दिनों जिस जोश और जुनून से संघर्ष किया और अभी भी कर रहे हैं मैं उससे अभिभूत हूं। उन पांचों दिन मैं अकेला नहीं बैठा था आप सब मेरे साथ बैठे थे। आप सब से मुझे धैर्य मिला, शक्ति मिली। मैं आप सभी को दिल से धन्यवाद देता हूं, परिस्थिति चाहे जो भी हो हम सब साथ मिल कर तानाशाह का मुकाबला करेंगे। गांधी ने कहा कि मोदी सरकार ने रोजगार को खत्म कर दिया है। सेना के लिए जो योजना बनाई है, उसको लेकर वह गारंटी के साथ कह सकते हैं कि सेना से वापस आने के बाद युवाओं को रोजगार नहीं मिलेगा। यह देश के युवाओं के साथ धोखा है और इसे सरकार को रद्द करना चाहिए। उन्होंने कहा कीज़रकर के इस कदम का खामियाजा युद्ध के समय देश को भुगतना पड़ेगा।



### केंद्र नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही : भूपेश बघेल

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा केंद्र सरकार नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। भाजपा देश में आरक्षण और नौकरी खत्म कर देना चाहती है। इसके साथ ही उन्होंने ईडी की कार्रवाई पर राहुल गांधी को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। इस मौके पर काँग्रेस नेता, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत सभी राज्यों के काँग्रेस विधायक शामिल रहे। ईडी की कार्रवाई और अग्निपथ योजना के खिलाफ कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए भूपेश बघेल ने कहा कि युवा देश में बनी स्थिति देख रहे हैं। केंद्र की सरकार काँग्रेस से डरी हुई है। कार्यकर्ताओं को अपने कार्यालय जाने से रोका जा रहा है। कहा भाजपा को खतरा सिर्फ काँग्रेस और राहुल गांधी से है। राहुल गांधी ही किसानों, नौजवानों, दलितों की लड़ाई लड़ते हैं, इसीलिए उनकी आवाज को केंद्र की भाजपा सरकार दबाना चाहती है। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ की काँग्रेस पार्टी और जनता राहुल गांधी के साथ खड़ी है। बघेल ने अग्निपथ योजना पर सवाल उठाते हुए कहा केंद्र सरकार नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। चार साल बाद सेवानिवृत्त युवाओं को भाजपा अपने कार्यालय में चपरासी के रूप में रखना चाहती है। इसके साथ ही बघेल ने भाजपा पर आरक्षण और नौकरी खत्म करने का आरोप लगाया।








# रक्षा क्षेत्र में सहयोग का दायरा बढ़ाएंगे भारत और ऑस्ट्रेलिया

वार्ता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारत और ऑस्ट्रेलिया ने रक्षा क्षेत्र में सहयोग को और पुख्ता करने तथा इसके दायरे को व्यापक बनाने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत की चार दिन की यात्रा पर आए ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री तथा रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ले के साथ बुधवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता की। वार्ता के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है कि दोनों मंत्रियों ने रक्षा सहयोग से संबंधित गतिविधियों की समीक्षा की और इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि कोरोना महामारी के बावजूद ये गतिविधि बढ़ी हैं। उन्होंने रक्षा क्षेत्र में सहयोग का दायरा व्यापक करने के उपायों पर भी चर्चा की। वार्ता के दौरान दोनों मंत्रियों ने भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक सामरिक साझेदारी के महत्वपूर्ण सतंभों रक्षा तथा सुरक्षा के संदर्भ में स्थिति की



समीक्षा की। उन्होंने व्यापक सामरिक साझेदारी के क्रियान्वयन के प्रति वचनबद्धता दोहराई और कहा कि यह परस्पर विश्वास, समझ , साझा हितों तथा लोकतंत्र और नियमों में बंधी व्यवस्था के साझा मूल्यों पर आधारित है। उन्होंने दोनों देशों की सेनाओं के बीच अभ्यासों की बढ़ती संख्या और विविधता का स्वागत किया और भारत-ऑस्ट्रेलिया सैन्य साजो सामान आदान-प्रदान से संबंधित व्यवस्था के तहत संचालन संबंधी मेलजोल पर भी बल दिया। रक्षा मंत्रियों ने रक्षा अनुसंधान एवं सामग्री सहयोग पर भारत-ऑस्ट्रेलिया संयुक्त कार्य दल के प्रति वचनबद्धता दोहराई। इस कार्य दल की इस वर्ष ऑस्ट्रेलिया में बैठक होनी है। यह कार्य बल दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों को मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण तंत्र के रूप में कार्य करता है। दोनों मंत्रियों ने आपूर्ति श्रंखला को मजबूत बनाने तथा अपनी अपनी सेनाओं को सामान की आपूर्ति क्षमता बढ़ाने के लिए औद्योगिक सहयोग को और अधिक बढ़ाने की संभावनाओं का पता लगाने पर भी चर्चा की. दोनों पक्षों ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के रक्षा औद्योगिक आधार को बढ़ाने तथा अवसरों का पता लगाने पर भी सहमति व्यक्त की। उन्होंने दोनों देशों के बीच युवा अधिकारियों के आदान-प्रदान कार्यक्रम ञ्जनरल रावत यंग ऑफिसर एक्सचेंज प्रोग्राम को इसी वर्ष शुरू किए जाने का भी स्वागत किया। दोनों मंत्रियों ने सामरिक चुनौतियों तथा क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की और स्वतंत्र, मुक्त तथा समावेशी , समृद्ध एवं नियम आधारित हिन्द प्रशांत क्षेत्र के साझा लक्ष्य के प्रति अपनी वचनबद्धता जाहिर की। दोनों देशों ने कहा कि वे ऑस्ट्रेलिया में आगामी अक्टूबर में होने वाले हिंद प्रशांत अभ्यास को लेकर भी आशान्वित हैं। दोनों मंत्रियों ने आपूर्ति श्रंखला को मजबूत बनाने तथा अपनी-अपनी सेनाओं को सामान की आपूर्ति क्षमता बढ़ाने के लिए औद्योगिक सहयोग को और अधिक बढ़ाने की संभावनाओं का पता लगाने पर भी चर्चा की।दोनों पक्षों ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के रक्षा औद्योगिक आधार को बढ़ाने तथा अवसरों का पता लगाने पर भी सहमति व्यक्त की। उन्होंने दोनों देशों के बीच युवा अधिकारियों के आदान-प्रदान कार्यक्रम 'जनरल रावत यंग ऑफिसर एक्सचेंज प्रोग्राम'को इसी वर्ष शुरू किए जाने का भी स्वागत किया। दोनों मंत्रियों ने सामरिक चुनौतियों तथा क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की और स्वतंत्र, मुक्त तथा समावेशी , समृद्ध एवं नियम आधारित हिन्द प्रशांत क्षेत्र के साझा लक्ष्य के प्रति अपनी वचनबद्धता जाहिर की।

# सफलता के लिए अनुशासन और समय प्रबंधन सबसे अहम : योगी

वार्ता ➤ लखनऊ
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छात्रों को अनुशासित जीवन शैली और समय प्रबंधन का मंत्र देते हुये कहा कि नियम और संयम किसी भी क्षेत्र में सफलता दिलाने के लिये महत्वपूर्ण आधार होते हैं। योगी ने बुधवार को यूपी बोर्ड परीक्षा-2022 में लखनऊ जिले के टॉपर विद्यार्थियों से मुलाकात कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी। उन्होने कहा कि जीवन में सफलता के लिए अनुशासन का बड़ा महत्व है। नियम और संयम आपको किसी भी क्षेत्र में सफलता दिलाने के लिए महत्वपूर्ण आधार होता है। छात्रों को समय प्रबन्धन पर विशेष ध्यान देना चाहिए। दिनचर्या में सोकर उठने से लेकर सोने तक का पूरा टाइम टेबल तय होना चाहिए। सुबह जल्दी उठें और रात्रि में अध्ययन के उपरांत समय से सोएं, यह आपके



मन और तन को स्वस्थ और तरोताजा रखेगा। उन्होने कहा कि तय पाठ्यक्रम के अलावा आपको देश-दुनिया के समसामयिक स्थिति से अपडेट रहना चहिए। अखबार एक अच्छा माध्यम है। दिनचर्या में एक समय अखबार पढ़ने के जरूर रखें। अखबारों के सम्पादकीय पृष्ठ विचारों से परिपूर्ण होते हैं अलग अलग विचारों को पढ़कर आप किसी विषय में अपना नजरिया तय कर सकते हैं। यह आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं में आपके लिए उपयोगी सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा अभिनव प्रयास करते हुए प्रतिवर्ष 'परीक्षा पे चर्चा' की जाती है। विद्यार्थियों और अभिभावकों को यह चर्चा जरूर सुननी चहिए। विद्यालय और घर..दोनों जगह का माहौल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व पर असर डालता है। इसलिये शिक्षक हों या अभिभावक सकारात्मक माहौल बनाए रखने का प्रयास करें। महत्वपूर्ण यह भी है कि आप घर पर स्वाध्याय जरूर करें। उन्होने कहा कि शिक्षक के पढ़ाने की शैली विषय की ग्राह्यता पर प्रभाव डालती है। शिक्षण संस्थाओं को चाहिए कि रोचक ढंग से पढ़ाएं। अध्ययन में अपेक्षाकृत कमजोर बच्चों के लिए विशेष कक्षाएं चलाई जानी चाहिए। केंद्र व राज्य सरकार द्वारा छात्रों/युवाओं के हित मे अनेक योजनाएं संचालित की जाती हैं। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, स्टैंड अप योजना, स्टार्ट अप योजना, मुद्रा योजना, डिजिटल इंडिया आदि योजनाओं का बड़ी संख्या में युवाओं ने लाभ लिया है। ऐसी व्यवस्था बनाये कि विद्यालयों में इन योजनाओं की जानकारी छात्रों को मिल सके। योजना का पूरा विवरण जैसे, उद्देश्य, अर्हता, आवेदन का तरीका आदि पूरी जानकारी दें। प्रातःकालीन प्रार्थना सभा इसके लिए उचित अवसर हो सकती है। योगी ने कहा कि राज्य सरकार अभ्युदय कोचिंग संचालित करती है।

# मंसूरी बाईपास के चौड़ीकरण को मिली हरी झंडी, 700 पेड़ों को अन्यत्र लगाया जाएगा

एजेंसी ➤ नैनीताल
www.dailypioneer.com

राजधानी देहरादून के जोगीवाला-सहस्त्रधारा सड़क के चौड़ीकरण में बाधा बने 1700 पेड़ों का मामला सुलझ गया है। सरकार की ओर से लगभग 700 पेड़ों को अन्यत्र लगाया (ट्रांसप्लांट) जायेगा। इसी के साथ उच्च न्यायालय ने सड़क के चौड़ीकरण को हरी झंडी दे दी है। देहरादून के आशीष कुमार गर्ग की ओर से दायर जनहित याचिका पर कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति आरसी खुल्बे की युगलपीठ में सुनवाई हुई। सरकार की ओर से कहा गया कि मंसूरी बाईपास रोड पर्यटन के लिहाज से महत्वपूर्ण है। यह सड़क पर्यटक शहर मंसूरी को जोड़ती है। सड़क के चौड़ीकरण में 1700 पेड़ आड़े आ रहे हैं। इनमें 1006 पेड़ यूकेलिप्टस, 465 पेड़ आरक्षित प्रजाति और बाकी अन्य सामान्य प्रजाति के हैं। सरकार की ओर से यह भी कहा गया कि आरक्षित प्रजाति के 465 पेड़ों को अन्य जगह स्थानांतरित करने की योजना है। बाकी शेष पेड़ों का कटान एवं पातन किया जायेगा। याचिकाकर्ता की ओर से इसका विरोध किया गया लेकिन अदालत ने याचिकाकर्ता की दलील को नहीं सुना। लंबी बहस के बाद अदालत ने सरकार को निर्देश दिये कि यूकेलिप्टस के पेड़ों के अलावा सभी पेड़ों को स्थानांतरित किया जाये। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के ऋषिकेश के अधिशासी अभियंता वीरेन्द्र कुमार व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश हुए और उन्होंने सभी पेड़ों के स्थानांतरित की स्वीकारोक्ति दी।

# एसटीएफ ने दो अंतर्राज्यीय नशा तस्करों को किया गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में खोरधा जिले में विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की टीम ने पीतापल्ली से एक कंटेनर में 800 किलोग्राम से अधिक गांजा छिपाकर ले जा रहे दो अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ सूत्रों ने बुधवार को कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर टीम ने खोरधा जिले के पीतापल्ली के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-16 पर मंगलवार को छापेमारी की। टीम ने एक कंटेनर वाहन को रोक कर जब उसकी जांच की तो उन्हें कंटेनर में लदा गांजा पाया। गांजे की मात्रा 800 किलोग्राम थी जिसे टीम ने जब्त कर लिया और एक नेपाली नागरिक सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। एसटीएफ ने बताया कि पकड़े गए आरोपी का नाम अनिल कुमार है, जो उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के साफी नगर गजरौला निवासी है और दूसरे आरोपी का नाम गणेश शाह है जो नेपाल के महेंद्रनगर जिले के कंचनपुर थाने के अंतर्गत गजरौला गांव का निवासी है।

# जम्मू-कश्मीर के बड़गाम में सुरक्षा बलों की बड़ी कार्रवाई, लश्कर के तीन आतंकवादी गिरफ्तार

एजेंसी ➤ बड़गाम
www.dailypioneer.com

जम्मू-कश्मीर में आतंकियों का धरपकड़ जारी है। इसी कड़ी में जम्मू-कश्मीर के बड़गाम जिले में सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और लश्कर के तीन सहयोगियों को गिरफ्तार किया। यह जानकारी जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मंगलवार को दी है।

दरअसल, गिरफ्तार आतंकी साथियों की पहचान आशिक हुसैन हाजम गुलाम मोही दीन डार और ताहिर बिन अहमद के रूप में हुई है। पुलिस ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि बड़गाम




पुलिस ने 53 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 181 बटालियनों के साथ लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकी सहयोगियों को गिरफ्तार करके प्रतिबंधित संगठन लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया। इस ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने उनके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद के साथ लश्कर-ए-तैयबा की आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की। इस मामले में एक चीनी पिस्तौल, दो पिस्टल मैगजीन, 22 पिस्टल, एक एके मैगजीन और 30 एके राउंड सहित आतंकी अपराध में इस्तेमाल की गई एक बाइक भी बरामद की गई है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि गिरफ्तार आतंकवादी सहयोगी आतंकवादियों, हथियारों और विस्फोटक सामग्री के परिवहन में शामिल रहे हैं और जिले के लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों को रसद सहायता प्रदान कर रहे थे।

# अग्निपथ योजना हिंदुस्तान के नौजवानों के साथ धोखा: 'आप'

वार्ता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

आम आदमी पार्टी (आप)ने अग्निपथ योजना को पूरी तरह से निरस्त करने की माँग करते हुए बुधवार को कहा कि यह हिंदुस्तान के नौजवानों के साथ धोखा है। 'आप' के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा पत्र लिखकर कहा कि अग्निपथ योजना को पूरी तरह से निरस्त कीजिए। यह हिंदुस्तान के नौजवानों के साथ धोखा है। सिंह ने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार ने नौजवानों की पेट और पीठ पर लात मारने का काम किया है। यह भारत माता की सुरक्षा के साथ भी गद्दारी है, इसलिए ये अग्निपथ योजना तत्काल वापस होनी ही चाहिए। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अग्निपथ योजना को लेकर बिहार के मंत्री ने आपत्तिजनक बयान दिया है। उससे पहले भाजपा के विधायक, केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय महासचिव ने शर्मनाक बयान दिया था। इस वक्त नौजवान आंदोलन कर रहे हैं। राजस्थान में कन्हैया कुमार, अंकित कुमार सहित दो युवकों ने अग्निपथ योजना के चलते आत्महत्या कर ली



है। नौजवानों के रोते बिलखते हुए वीडियो सामने आ रहे हैं। कई युवा ओवरेज हो गए हैं। इसके अलावा बहुत सारे अग्निपथ योजना में जाना नहीं चाहते हैं। वह पीड़ित और दुखी हैं। उनके इस घाव पर नमक छिड़कने का काम भारतीय जनता पार्टी के नेता कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा विधायक हर भूषण ठाकुर कह रहे हैं कि यह लोग जिहादी हैं। बिहार के मंत्री ने कल कहा कि ये आतंकवादी हैं। इससे पहले इनके केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी ने कहा कि यह लोग नाई, ड्राइवर चालक इलेक्ट्रिशियन बन जाएंगे। इनके राष्ट्रीय महासचिव कह रहे हैं कि भाजपा के दफ्तर में गार्ड लगा लेंगे।

# रक्षा मंत्रालय ने सीमावर्ती क्षेत्रों में 75 'बीआरओ कैफे' को मंजूरी दी

वार्ता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

रक्षा मंत्रालय ने सुदूर सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़कों का जाल बिछाने के बाद अब वहां आने जाने वाले लोगों के लिए चाय पानी की सुविधा की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 75 स्थानों पर सड़क किनारे' बीआरओ कैफे' की स्थापना को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के साथ 12 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में सड़कों के विभिन्न खंडों पर 75 स्थानों पर सड़क किनारे 'बाआरओ कैफे' सुविधाओं की स्थापना को स्वीकृति दी है। इनका उद्देश्य पर्यटकों को बुनियादी सुविधाएं और सुख-साधन प्रदान करना तथा स्थानीय लोगों के लिए रोजगार सृजन के अलावा सीमावर्ती क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। बीआरओ की पहुंच सुदूर के सीमावर्ती क्षेत्रों में है और रणनीतिक जरूरतों को पूरा करने के अलावा, यह उत्तरी और पूर्वी सीमाओं के सामाजिक-आर्थिक उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसके परिणाम स्वरूप इन खूबसूरत जगह पर पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हुई है। प्रतिकूल जलवायु और भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए इन सड़कों पर पर्यटकों के अनुकूल और सुविधाजनक आवागमन के लिए, इन क्षेत्रों में प्रमुख पर्यटक स्थलों तथा सर्किटों के साथ बहु-उपयोगी सड़क के किनारे इन सुविधाओं को स्थापित करने की आवश्यकता को समझा गया था। इन सड़कों के दुर्गम और बहुत दूर होने के कारण वहां व्यापक वाणिज्यिक गतिविधि कठिन है, इसलिए बीआरओ ने दूरदराज के स्थानों पर ये सुविधाएं शुरू करने की जिम्मेदारी ली है। इस योजना में लाइसेंस के आधार पर एजेंसियों के साथ सार्वजनिक निजी भागीदारी प्रणाली में सड़क किनारे सुविधाओं के विकास और संचालन का प्रावधान है। एजेंसियां बीआरओ के दिशानिर्देशों के अनुसार इन सुविधाओं का डिजाइन, निर्माण और संचालन करेंगी। दो और चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग, फूड प्लाजा, रेस्तरां, पुरुषों, महिलाओं और दिव्यांगों के लिए अलग-अलग विश्राम कक्ष, प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं, एमआई रूम आदि जैसी सुविधाएं प्रदान करने का प्रस्ताव है।

# सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा, उत्तर प्रदेश सरकार ने कानपुर-प्रयागराज में तोड़फोड़ को उचित ठहराया

एजेंसी ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश सरकार ने पैगंबर मुहम्मद पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेताओं की कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ हिंसक विरोध के बाद प्रयागराज और कानपुर में स्थानीय प्राधिकरणों की ओर से कथित अवैध भवनों में तोड़फोड़ की कार्रवाई को बुधवार को उचित करार दिया। उच्चतम न्यायालय में एक हलफनामा दायर कर राज्य सरकार ने दावा किया कि याचिका में लगाए आरोप 'एकतरफा मीडिया रिपोर्टिंग' पर आधारित हैं। जमीयत उलमा-ए-हिंद द्वारा दायर इस याचिका में लगाए गए आरोप 'पूरी तरह से झूठे और भ्रामक हैं।' हलफनामे में कहा गया,÷वास्तव में, किसी भी वास्तविक प्रभावित पक्ष ने (यदि कोई हो) कानूनी तोड़फोड़ की कार्रवाई के संबंध में इस शीर्ष



अदालत में गुहार नहीं लगायी है। उत्तर प्रदेश सरकार ने अपना पक्ष शीर्ष अदालत के समक्ष कहा है कि जमीयत उलमा-ए-हिंद के आरोप अनुचित हैं।

सरकार ने विभिन्न तर्कों के माध्यम से अपने जवाब में कहा है कि हाल ही में कुछ लोगों के घरों को तोड़े जाने के खिलाफ दायर एक याचिका में 'स्थानीय विकास प्राधिकरणों द्वारा की गई कानूनी कार्रवाई को विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया को दुर्भावनापूर्ण रंग देने का प्रयास किया गया है।' राज्य सरकार ने जावेद मोहम्मद के कब्जे वाले भवन को गिराने के बारे में कहा कि स्थानीय निवासियों की ओर से अवैध निर्माण और 'वेलफेयर पार्टी ऑफ इंडिया' के कार्यालय के लिए उसी भवन को व्यावसायिक तौर पर इस्तेमाल करने की शिकायतें मिली थीं। सरकार ने कहा कि यह निर्धारित मानदंडों का उल्लंघन के दायरे में था, लोग दिन-रात हर समय यहां आते-जाते रहे और अपने गाड़ियों को सड़क पर खड़ी करते थे। इस वजह से राहगीरों को आने-जाने में लगातार समस्या पैदा हो रही थी। इन शिकायतों के के मद्देनजर तोड़फोड़ से पूर्व 12 जून को नोटिस जारी की गई थी। हलफनामे में तर्क दिया गया है कि स्थानीय विकास प्राधिकरणों द्वारा अवैध निर्माण तोड़े गए हैं। यह प्राधिकरण राज्य प्रशासन से स्वतंत्र वैधानिक स्वायत्त निकाय हैं।

# कश्मीर में रखी जा रही है बाढ़ की स्थिति पर निगरानी




वार्ता ➤ श्रीनगर
www.dailypioneer.com

केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में कश्मीर घाटी में कुछ दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश से नदियां एवं छोटे नालों में ऊफान आने से बाढ़ की स्थिति बन गई है तथा कुछ क्षेत्रों में सड़के भी बह गई। प्रशासन ने लोगों को किसी भी हादसे से बचने के लिए घरों से बाहर नहीं आने की सलाह दी है। कृषि एवं बाढ़ नियंत्रण के मुख्य इंजीनियर नरेश कुमार ने कहा कि घाटी में पिछले कुछ दिनों से हो रही भारी बारिश से नदियों का जलस्तर बढ़ गया है और खतरे के निशान पर है। प्रशासन स्थिति पर लगातार निगरानी रखे हुए है। उन्होंने कहा कि लगातार बारिश से जलस्तर बढ़ गया है लेकिन अभी तक स्थिति नियंत्रण में है और दक्षिण कश्मीर के संगम में झेलम नदी खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। झेलम नदी में जलस्तर खतरे के निशन 25 फुट के मुकाबले 21 फुट तक पहुंच चुका है। बरसात हालांकि थम गई है। मौसम विभाग के अनुमान के आगे मौसम में सुधार आयेगा। कुमार ने मीडिया से कहा कि विभाग स्थिति पर पूरी तरह से नजरें रखे हुए है।

# योजना निर्माण और क्रियान्वयन का प्रभावी साधन है पी.एम. गतिशक्ति : शिवराज

पायनियर संवाददाता ➤ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पी.एम. गतिशक्ति, योजना निर्माण और क्रियान्वयन का प्रभावी साधन है। इसके प्रभावी उपयोग से समय की बचत के साथ योजनाओं का बेहतर और मितव्ययी क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान निवास कार्यालय में पी.एम. गतिशक्ति मध्यप्रदेश की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मैदानी स्तर तक अधिकारी-कर्मचारियों का पी.एम. गतिशक्ति से ओरिएंटेशन सुनिश्चित किया जाए। पी.एम. गतिशक्ति में प्रदेश से संबंधित कोई भी जानकारी अथवा डाटा को जोड़ने की आवश्यकता हो तो उसकी समय-सीमा में पूर्ति सुनिश्चित करें। राज्य का विकास किसी भी स्थिति में प्रभावित नहीं होना चाहिए। बैठक में मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विनोद कुमार, प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन संजय शुक्ला, प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अमित राठौर, प्रबंध



संचालक मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड नंद कुमारम तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी के लिए अक्टूबर 2021 में पी.एम. गतिशक्ति का शुभारंभ किया गया। इसमें देश में एकीकृत योजना और बुनियादी ढाँचे की कनेक्टिविटी के समन्वित कार्यान्वयन को सुविधाजनक बनाने के लिए भारत सरकार के 16 मंत्रालयों और राज्य सरकारों को सम्मिलित किया गया है। देश के व्यवसायों को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने टेक्सटाईल क्लस्टर, फार्मास्युटिकल क्लस्टर जैसे आर्थिक जोन भी इसमें सम्मिलित हैं। इससे अधो-संरचना से संबंधित योजनाओं में मंत्रालयीन और विभागीय स्तर तक समन्वय और सहयोग बढ़ेगा। साथ ही विकास योजनाएँ तैयार करने के तरीकों में बड़ा बदलाव आएगा। संसाधनों और क्षमताओं का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित होगा। कार्य-क्षमता में वृद्धि, समय का सद्उपयोग सुनिश्चित होने के साथ कार्य में दोहराव की संभावनाओं को भी रोका जा सकेगा। प्रदेश में पी.एम. गतिशक्ति के क्रियान्वयन के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एम्पावर्ड ग्रुप ऑफ सेक्रेटरीज़ और नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप गठित किया गया है। इसमें अधो-संरचना से जुड़े मंत्रालयों और विभाग के अधिकारी शामिल हैं। प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित विशेषज्ञों को शामिल कर टेक्निकल सपोर्ट यूनिट का गठन किया जा रहा है। पी.एम. गतिशक्ति में मुख्य रूप से सड़क, जल संसाधन, ऊर्जा, उद्योग, नगरीय विकास एवं आवास और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभागों में समग्र बुनियादी ढाँचे को सशक्त करने और बेहतर समन्वय के लिए व्यवस्था विकसित होगी। प्रदेश के विभिन्न विभागों के 27 अधिकारी, गांधी नगर गुजरात के भास्कराचार्य नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस एप्लीकेशन एण्ड जियो इन्फॉरमेटिक्स में हुए प्रशिक्षण में शामिल हुए। इनके द्वारा राज्य में विभिन्न स्तरों पर क्षमता विकास गतिविधियाँ संचालित की जाएंगी।

# सरकार के लहसून खरीदने का फैसला एक अच्छा कदम–जाट

**जयपुर।** किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने राजस्थान सरकार द्वारा राजफैड के माध्यम से लहसून की खरीद करने के फैसले को अच्छा कदम बताते हुए कहा है कि इससे किसानों को फायदा पहुंचेगा। जाट ने सरकार के लहसून खरीद का निर्णय करने के बाद अपनी प्रतिक्रिया में आज यह बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार का किसानों के हित में यह एक अच्छा कदम हैं भले ही विलंब से उठाया हो। उन्होंने कहा कि अगर सरकार इससे पहले यह कदम उठाती तो अधिक किसानों का भला होता लेकिन अब भी जो किसान अपनी फसल बेचेंगे उन्हें एक क्विंटल पर करीब 1500 रुपए का फायदा पहुंचेगा। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने मंगलवार को राजफैड के माध्यम से 46830 मैट्रिक टन लहसून खरीद का निर्णय लिया है। केन्द्र सरकार द्वारा लहसून खरीद का मूल्य 2957 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित है। किसान लहसून की खरीद के लिये पिछले कई दिनों से मांग कर रहे थे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निर्देश पर कृषि, उद्यानिकी, सहकारिता सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक प्रमुख शासन सचिव कृषि की अध्यक्षता में आयोजित कर लहसून खरीद का निर्णय लिया गया।

# बच्चे हैं त्रस्त, अधिकारी हैं मस्त, पोटाकेबिन भवन एक साल में ही तोड़ दी दम

पायनियर संवाददाता पखांजुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश के प्रत्येक वर्ग को शिक्षा उपलब्ध कराने के सरकारी दावों को अंदुरुनी क्षेत्र में सही अनुमान लगाया जा सकता है। छत पर बरसाती पानी का भराव एवं रिसाव हो रहा है। छत का प्लास्टर टूटकर गिरने लगा है और छड़ दिखने लगे हैं। कक्षा में हमेशा डर का माहौल बना हुआ है। जिसके कारण पंचायत भवन में कक्षा संचालित हो रहे हैं।उलिया के प्राथमिक शाला भवन जर्जर ,पंचायत भवन में हो रही है कक्षाएं संचालित,प्राथमिक शाला उलिया के कुल 60 बच्चों के लिए नही है स्कूल भवन,बच्चों को सुविधा अनुसार कभी यहाँ कभी वहा बैठकर पढ़ाई करना पड़ रहा है,भवन नही होने से पिछले 2 साल से पंचायत भवन में बैठकर पढ़ने को मजबूर हैं बच्चे, पुराना स्कूल भवन जर्जर हो जाने से शिक्षक द्वारा नया भवन का मांग करते रहे पर भवन तो बना नही 5 लाख से अधिक में एक पोटाकेबिन बनाया गया वहा भी घटिया निर्माण का भेंट चढ़ने से एक साल में ही टूटने लगी है, बच्चों को




मजबूरन पंचायत भवन में बैठना पड़ रहा है, शिक्षा विभाग की बदहाल व्यवस्था से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है,जब पंचायत में पंचायत प्रतिनिधियो तथा अन्य बैठक होता है तो स्कूल को छुट्टी करनी पड़ती है जिससे बच्चों एवं शिक्षको को परेशानी का सामना करना होता है,भवन के अभाव में परेशानी के साथ साथ बच्चों के लिए पीने का व्यवस्था तक नही 1 किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ता है स्कूल के सामने जरूर नल लगा है पर उपयोग योग्य नही है आयरन युक्त लाल पानी निकलते हैं,बच्चों के लिए पीने का पानी के लिए एक किलोमीटर दूर से लाना पड़ता है जिससे भी भारी जोखिम उठाना पड़ता है, अब देखना होगा खबर दिखाने के बाद विभाग में बैठे अधिकारी बच्चों के लिए सुचारू व्यवस्था कर पाते हैं या फिर बच्चों को उनके हाल में ऐसे छोड़ देते हैं।

स्कूल भवन जर्जर तथा पोटाकेविन में सभी बच्चों के लिए प्रयाप्त जगह नही है ।बच्चों को पंचायत भवन में बिठाया जाता है,इसकी जानकारी भी दो सालों से शिक्षा विभाग को दिया जा रहा है।

**-लालचु राम पददा-शिक्षक उलिया**

जिला से उलिया प्राथमिक शाला भवन निर्माण की स्वीकृति मिला है जल्द ही जिला कार्यालय से संपर्क कर समस्या का समाधान किया जाएगा,रही बात पानी की सीएससी से चर्चा कर जल्द ही पानी की व्यवस्था किया जाएगा।

**-आर के सिन्हा-खण्ड शिक्षा अधिकारी**

# सौंपे गये कार्यों को समय-सीमा के भीतर पूर्ण करें : सांसद मोहन मण्डावी

पायनियर संवाददाता कांकेर
www.dailypioneer.com

सांसद मोहन मण्डावी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई। जिसमें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा संचालित जल जीवन मिशन के कार्य, महिला एवं बाल विकास अंतर्गत पूरक पोषण आहार एवं मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, मनरेगा के कार्य, प्रधानमंत्री आवास निर्माण, स्व-सहायता समूह को अनुदान, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, समाज कल्याण विभाग द्वारा सामाजिक सहायता कार्यक्रम, विद्युत एवं सिंचाई विभाग में संचालित कार्यों एवं योजनाओं में प्रगति की विस्तृत समीक्षा किया गया। अधिकारियों को निर्देशित करते हुए सांसद मोहन मण्डावी ने कहा कि कांकेर जिले में जिला प्रशासन द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है, जो भी कार्य सौंपे गये हैं, उन्हें समय पर और गुणवत्तायुक्त पूर्ण किया जावे, गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न करें।




जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में उद्योग विभाग में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अंतर्गत जिले के लक्ष्य को बढ़ाने का प्रयास किया जाये तथा लक्ष्य से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित किया जावे। बताया गया कि इस योजनांतर्गत उद्योग स्थापना के लिए 50 लाख रूपये और सेवा क्षेत्र के लिए 20 लाख रूपये का ऋण बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। मनरेगा अंतर्गत जिले में गत वित्तीय वर्ष में 72 हजार 400 मानव दिवस रोजगार सृजित किये गये। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत जिले के 592 महिला स्व-सहायता समूहों को आरएफ प्रदान करने का लक्ष्य दिया गया है। कलेक्टर चन्दन कुमार ने इस योजना से अधिक से अधिक महिला स्व-सहायता समूहों को लाभान्वित कराने सहयोग का जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया। प्रधानमंत्री आवास निर्माण की समीक्षा के दौरान पूर्व में स्वीकृत अपूर्ण भवनों को पहले पूर्ण कराने के बाद नया आवास स्वीकृत करने के लिए कहा गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में 54 लाख 632 हितग्राहियों को सामाजिक सहायता कार्यक्रम से लाभान्वित किया जा रहा है। जल जीवन मिशन अंतर्गत पाईप लाईन बिछाने के लिए खोदे गये गड्ढे को भरने तथा स्वीकृत कार्यां के प्रशासकीय स्वीकृति की छायाप्रति ग्राम पंचायतों को उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर चन्दन कुमार ने उन्हें भरोसा दिलाया कि उनके द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करते हुए सभी कार्यों को समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जायेगा।

बैठक में जिला पंचायत के अध्यक्ष हेमंत ध्रुव, जनपद अध्यक्ष चारामा अरूण मरकाम, कांकेर रामचरण कोर्राम, दुर्गूकोंदल संतोबाई दुग्गा, नरहरपुर संजूलता नेताम, नगर पंचायत नरहरपुर के अध्यक्ष प्यारी सलाम, सदस्य विद्यासागर ध्रुव, कमलेश उसेण्डी, पंचूराम नायक, सुरेखा नेताम, अनिता रावटे सहित जनप्रतिनिधिगण, वन मण्डलाधिकारी कांकेर आलोक बाजपेयी, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी कमल सिदार सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे।

# कलेक्टर ने अपने पिता के साथ लगवाया बूस्टर डोज

- **जिले के नागरिकों को कोरोना संक्रमण को रोकने निर्धारित तिथि पर समस्त डोज लगवाने की अपील की**

पायनियर संवाददाता बीजापुर
www.dailypioneer.com

कोरोना का संक्रमण पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है अभी संक्रमण फिर से बढ़ रहा है। कोरोना संक्रमण से बचने के लिए टीकाकरण एक कारगर उपाय है। सभी टीकाकरण के समस्त डोज समय पर अवश्य लगवाएँ स्वयं को और परिवार को कोरोना संक्रमण से बचाएं एवं जिम्मेदार नागरिक बने उक्त संदेश कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने अपना बूस्टर डोज लगवाने के बाद दिया। कलेक्टर कटारा ने अपने पिता को भी कोरोना का टीका लगवाने बीजापुर जनपद स्कूल



लेकर गए जहाँ कलेक्टर कटारा के पिताजी एनएल कटारा को टीका लगाया टीका लगने के बाद प्रोटोकाल के अनुसार 30 मिनट तक विशेष निगरानी कक्ष में रखा गया। इस दौरान कलेक्टर कटारा ने टीकाकरण केन्द्र का अवलोकन कर साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की समझाईश दी। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. भारती, बीएमओ डॉ. राजेन्द्र राय सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद थी।

# मुठभेड़ में 1 पुरूष माओवादी ढेर

**बीजापुर।** जिले में चलाये जा रहे माआवादी विरोधी अभियान के तहत् दिनांक 21.06.2022 को डी0 आर0 जी0 बीजापुर एवं थाना मिरतुर का संयुक्त बल ग्राम कुड़मेर की ओर निकली थी। अभियान के दौरान दिनांक 21.06.2022 को भैरमगढ़ एरिया कमेटी के माओवादी की उपस्थिति की सूचना पर कैम्प बेचापाल से डी0आर0जी0 एवं थाना मिरतुर के जिला पुलिस बल की संयुक्त पार्टी ग्राम कुड़मेर की ओर गष्त सर्चिंग पर रवाना हुए थे । गष्त सर्चिंग से वापसी के दौराना पुलिस - नक्सलियों के





बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ पश्चात घटना स्थल का सर्चिंग करने पर 01 पुरूष माओवादी राकेष कतलाम उर्फ कमलू कतलाम पिता गुंडा कतलाम, उम्र 25 वर्ष, साकिन स्कूलपारा छोटे पोटेनार थाना जांगला जिला बीजापुर का शव बरामद किया गया जिसके समीप ही 01 नग देषी पिस्टल, 04 नग जिन्दा राउण्ड, 02 नग खाली खोखा, विस्फोटक सामग्री, पिटठू व मौके से ही अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई।

# बैलाडीला योग समिति के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता किरंदुल
www.dailypioneer.com

बैलाडीला योग समिति किरंदुल के तत्वाधान एवं एनएमडीसी लिमिटेड किरंदुल परियोजना के सौजन्य से बीआईओपी विद्यालय के सभागार में योगाभ्यास कर 8वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। विदित हो कि 27 सितम्बर 2014 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संयुक्त राष्ट्र संघ में 21 जून को योग दिवस मनाए जाने के सम्बंध में प्रस्ताव रखे जाने पर 11 दिसम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा इस पर सहमति व्यक्त करते हुए 21 जून 2015 से प्रति वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाये जाने की घोषणा की गई थी, तब से प्रति वर्ष यह मनाया जाता है। इस वर्ष का थीम है मानवता के लिए योग। इसी तारतम्य में



बैलाडीला योग समिति किरंदुल द्वारा अंतर्राष्टीय योग दिवस पर गरिमामयी आयोजन किया गया। सर्वप्रथम उप महाप्रबंधक (कार्मिक) बी के माधव, एमएमडब्ल्यूयूनियन के सचिव ए के सिंह, बीआईओपी विद्यालय के प्राचार्य ए विश्वास, केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य बी सी द्विवेदी, डीएवी विद्यालय के प्राचार्य पी एल वर्मा के करकमलों से भारत माता के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। ततपश्चात योग गुरु राजेश सिन्हा एवं श्री विश्वास द्वारा उपस्थित बच्चों, युवाओं, बुजुर्गों, अतिथियों को योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर बैलाडीला योग समिति के डी पी डेहरिया, प्रकाशचंद्र जैन, अशोक शर्मा, राजू राव, तुलेश्वर निषाद, तुलसीदास नेताम, योग शिक्षिका साधना, राजेन्द्र यादव उपस्थित थे।

# स्कूल की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे अबूझमाड़ के ग्रामीण

पायनियर संवाददाता नारायणपुर
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय से लगभग 50 किमी दूर ओरछा मार्ग पर बटुम के पास तीन से चार गाँव के लगभग 200 की संख्या में ग्रामीण एकत्रित होकर प्रशासन से अपने गाँवो में स्कूल खोलने की मांग को लेकर खण्ड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा हैं। बता दें कि ग्रामीण ज्ञापन के माध्यम से कलेक्टर से निवेदन किया है कि अबूझमाड़ के ग्राम होयँगेर में सरकारी स्कूल खोलने की माँग कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हमारे गाँव मे सरकारी स्कूल नही है जबकि गाँव मे 30 से ज्यादा बच्चे है गांव में स्कूल नही होने के कारण सभी बच्चे बैल चराते है या तो अन्य मजदूरी कार्य करते हैं



ग्रामीण बताते है कि उनके गांव से साढ़े चार किमी दूर एक मौहल्ले में स्कूल है परंतु वहाँ शिक्षक महीनों नही आते जिस कारण कोई भी पालक अपने बच्चो को वहाँ भर्ती नही करवाना चाहते हैं इसलिए हम सभी अपने गाँव में स्कूल खोलने की मांग कर रहे हैं।

# द्रौपदी मुर्मू का राष्ट्रपति बनना देश के आदिवासियों के लिए गौरव का विषय है : वीरेंद्र बघेल

**केशकाल।** राष्ट्रपति पद के लिए एनडीए की ओर से झारखंड के पूर्व राज्यपाल द्रोपदी मुर्मू को प्रत्याशी बनाने के बाद विरेन्द्र महेश बघेल जनपद सदस्य केशकाल व जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो कोंडागांव ने बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आदिवासी समाज के विकास में अपना सम्पूर्ण जीवन अर्पण करने वाली द्रौपदी मुर्मू जी को एनडीए की ओर से राष्ट्रपति पद का उम्मदीवार घोषित करने का



निर्णय का मैं ह्रदय से स्वागत करता हूँ। मुर्मू देश की पहली आदिवासी महिला हैं जिन्हें राष्ट्रपति बनने का गौरव प्राप्त होगा। वीरेंद्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केवल भाजपा में ही यह संभव है कि द्रौपदी मुर्मू जैसे जमीन से जुड़ी महिला को देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद के लिये सामने लाया जाये। वे राष्ट्रपति पद के लिये अनुसूचित जनजाति वर्ग की पहली प्रमुख महिला प्रत्याशी हैं। राष्ट्पति पद के लिये निर्वाचित होने पर वे अनुसूचित जनजाति वर्ग से महिला या पुरुष दोनों ही दृष्टि से,आजादी के बाद भारत की पहली अनुसूचित जनजाति वर्ग की राष्ट्पति होंगी।

# फरसगांव पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 80 लाख नगदी के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता केशकाल
www.dailypioneer.com

कोंडागांव जिले के फरसगांव पुलिस ने बुधवार को बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस द्वारा एमसीपी कार्यवाही के दौरान सन्देहास्पद वाहन को रोक कर जांच करने पर पिछली सीट के नीचे स्पेशल चेम्बर में रख कर 80 लाख रुपए की राशि का अवैध परिवहन कर रहे गुजरात निवासी 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि उक्त आरोपी यह राशि हैदराबाद से लेकर उत्तरप्रदेश जा रहे थे। फिलहाल पुलिस के द्वारा परिवहन में प्रयुक्त उत्तरप्रदेश पासिंग कार और नगदी राशि जप्त कर के अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

**कार में विशेष चेम्बर बनाकर छुपाया था पैसे का पैकेट-** कोंडागांव



एसपी दिव्यांग पटेल से मिली जानकारी के अनुसार फरसगांव पुलिस को एमसीपी कार्यवाही के दौरान कोंडागांव की ओर से आ रही एक सफेद रंग की महेन्द्र टी.यू. वाहन को रोक कर की विधिवत तलाशी ली गई । तलाशी के दौरान वाहन में पीछे के सीट के निये बनाये गये चेम्बर में एक पीले रंग की बोरी में भारी मात्रा में नगदी रकम बरामद हुआ जिसे गवाहों के समक्ष गिनती करने पर कुल 80 लाख रूपये होना पाया गया। बरामद रूपये के संबंध में चालक व कंडक्टर से वैध दस्तावेज की मांग किये जाने पर कोई दस्तावेज नहीं होने पर बरामद नगदी रकम 80 लाख रूपये चोरी का होने का संदेह पाये जाने पर उपरोक्त दोनों आरोपीगण के कब्जे से बरामद रकम 80 लाख रूपये एवं घटना में उपयोग किये गये वाहन को विधीवत जप्त किया गया। आरोपीगण का कृत्य अपराध धारा 41 (14 )/ 379 भा.द.वि. का पाये जाने से थाना फरसगांव में इस्तगाशा क्र. 03 पंजीबद्ध कर जांच कार्यवाही में लिया गया है।

## भारी बारिश के कारण तालाब पारा में गिरा घर

**किरंदुल।** सोमवार रात को हुई भारी बारिश के कारण कोड़ेनार पंचायत तालाब पारा स्थित सोमनाथ नामक व्यक्ति की घर गिर गई है। बता दें घटना रात्रि 02 बजे की है। घटना की जानकारी आज सुबह पटवारी हेमंत देवांगन को दी गई। पटवारी ने बताया घटना उक्त स्थल का मुआयना कर प्रकरण बनाकर तहसील कार्यालय भेजी जाएगी।



# दिल्ली में ईडी के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन पुलिस से झूमाझटकी में घायल हुए मेमन

पायनियर संवाददाता केशकाल
www.dailypioneer.com

अग्निपथ योजना और श्नष्ठ की कार्रवाई के विरोध में दिल्ली में कांग्रेस नेताओं का विरोध प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने भी मोर्चा खोल दिया है। जिसके कारण एआईसीसी का मुख्यालय अब पूर्णतः पुलिस छावनी के रूप में तब्दील हो गया है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के कई विधायकों के साथ साथ छत्तीसगढ़



अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन भी विगत दिनों अपने कार्यकर्ताओं के साथ दिल्ली रवाना हुए थे। मंगलवार को ईडी के खिलाफ प्रदर्शन कांग्रेस कार्यालय दफ्तर के सामने प्रदर्शन के दौरान पुलिस से हुई झूमाझटकी में लाठी से वार से अमीन मेमन घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि मेमन के पैर की उंगली में फ्रैक्चर हुआ, जिसके चलते उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती किया गया है। मेमन का कहना है कि केंद्र में बैठी मोदी सरकार चाहे जितने भी जुल्म करे लेकिन कांग्रेस पार्टी का एक एक कार्यकर्ता राहुल गांधी के समर्थन में खड़ा है, और अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद कर रहा है।

# आईटीआई बीजापुर में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित

**बीजापुर।** जिले के अंतर्गत संचालित शासकीय औद्यौगिक प्रशिक्षण संस्था बीजापुर, भैरमगढ़, भोपालपटनम एवं उसूर में सत्र 2022-23 एवं 2023-24 के तहत एनसीवीटी एवं एससीवीटी व्यवसायों में प्रवेश हेतु ईच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। जिसके तहत आईटीआई बीजापुर में फिटर द्विवर्षीय व्यवसाय में 20 स्थान सहित मैकेनिक डीजल एक वर्षीय व्यवसाय में 48 एवं कोपा एक वर्षीय व्यवसाय में 48 सीट उपलब्ध है। वहीं आईटीआई भैरमगढ़ में विद्युतकार एवं फिटर द्विवर्षीय व्यवसाय दोनों में बीस-बीस स्थान और मैकेनिकल डीजल एक वर्षीय व्यवसाय में 48 एवं कोपा एक वर्षीय व्यवसाय में 48 सीट सुलभ है। इसी तरह आईटीआई भोपालपटनम में कोपा एक वर्षीय व्यवसाय में 48 तथा आईटीआई उसूर में कोपा एक वर्षीय व्यवसाय में 48 सीट उपलब्ध है। उक्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में व्यवसायवॉर प्रवेश हेतु ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया, प्रवेश के लिए समय चक्र प्रशिक्षण विवरणिका, प्रवेश हेतु संस्थावॉर एवं व्यवसायवॉर एनसीवीटी तथा एससीवीटी अंतर्गत उपलब्ध सीटों की जानकारी विभागीय वेबसाईट सीजीआईटीआई डॉट सीजीस्टेट डॉट जीओव्ही डॉट इन पर लॉगिन कर देखी जा सकती है। इसके साथ ही संबन्धित संस्थाओं में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

# थाना पामेड़ क्षेत्रान्तर्गत, जारपल्ली से पांच माओवादी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता बीजापुर
www.dailypioneer.com

थाना पामेड़ जिला पुलिस बल एवं सीआरपीएफ 151 बटालियन तोंगगुड़ा की संयुक्त कार्यवाही। जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् दिनांक 21.06.2022 को थाना पामेड़ से जिला पुलिस बल एवं सीआरपीएफ 151 बटा0 तोंगगुड़ा का संयुक्त बल जारपल्ली की ओर निकली थी।



अभियान के दौरान ग्राम जारपल्ली से 05 माओवादियों को पकड़ा गया। जो जारपल्ली जंगल, पगडन्डी कच्ची रास्ते पर फोर्स को देखकर 02 मोटर सायकल को छोड़कर भाग रहे थे। जिसे घेरा बंदी कर पकड़ा गया। कुंजाम जोगा पिता गुण्डा जोगा, उम्र 20, ग्राम दरभा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा, कारम भीमा पिता गुट्टा, उम्र 28 वर्ष ग्राम घुरना दरभा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा।

लेकाम भीमा पिता धुरवा उम्र 32 वर्ष, ग्राम दरभा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा व अन्य 02 नाबालिक। माओवादियों के कब्जे से बरामद सामग्री, मोटर सायकल 02 नग । विस्फोटक सामग्री 100 नग जिलेटिन रॉड (लिक्विड बारूद)। बड़ा जिलेटिन 02 नग (प्रत्येक नग लगभग 2.78 कि0ग्रा0)। धूकनी मषीन 01 नग। बिजली वायर लगभग 35 मीटर , 01 सफेद बोरी में लगभग 20 कि0ग्रा0 येरिया एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किया गया। उक्त पकड़े गये माओवादियों के विरूद्ध थाना पामेड़ मे अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही उपरान्त माननीय न्यायालय बीजापुर पेश किया गया।

# चंपादेवी अस्पताल में डॉ. गीतिका तिवारी के सतत निगरानी में तीन स्वस्थ नवजात का जन्म हुआ

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com







दिलकुमारी जयसवाल, उम्र-30 वर्ष, पति दिलहरण जयसवाल, ग्राम - खर्वे, तह - कसडोल, जिला - बलौदा बाजार (छ.ग.) को गर्भावस्था के तीसरे माह की सोनोग्राफी में पता चला की उसके गर्भ में 3 भ्रूण पल रहे है , जो की 10,000 में से किसी एक महिला में पाया जाता है, जिसे Triples Pregnancy कहा जाता है। Triples Pregnancy एक उच्च जोखिम की गर्भवस्था होती है, जिसमें महिलाओं को शुरुआती पांच महीने में ही गर्भपात होने की संभावना रहती है। मरीज दिलकुमारी जयसवाल के पति उसे प्राथमिक उपचार हेतु चँदा देवी तिवारी हॉस्पिटल ले गयें, जँहा इनका शुरुआत से ही ईलाज चला एवं डॉ. गीतिका शंकर तिवारी (स्त्री रोग विशेषज्ञ) की सतत निगरानी में रही, जिससे गर्भ को 9 माह तक ले जाया गया। परन्तु, 9 वें माह की शुरुआत में ही मरीज Severe Pre-Eclampsia (गर्भावस्था में रक्त चाप का बढ़ जाना) की बीमारी से ग्रसित हो गयी। यह बीमारी 8% महिलाओं में पायें जाने वाली एक गंभीर बीमारी है, जिसमे लगभग 10-23% महिलाओं की जान गर्भावस्था में ही चली जाती है। इस जटिलताओं को देखते हुए, डॉक्टरों की टीम ने तत्काल सर्जरी करके बच्चों को गर्भ से निकालने का निर्णय लिया। ज्ञात हो की गर्भ मात्र 8 माह का पूर्ण हुआ था, जिसके कारण नवजात शिशुओं को तत्काल नवजात गहन चिकित्सा इकाई (NICU) की जरुरत थी। ऑपरेशन के बाद तीनों बच्चों को अनुभवी शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल देव की निगरानी में चँदा देवी तिवारी हॉस्पिटल के ही नवजात गहन चिकित्सा इकाई (NICU) में रखा गया। डॉ. राहुल देव ने बताया की, तीनों बच्चों के फेफड़े पूर्ण विकसित नहीं हुए थे एवं उनके वजन भी सामान्यतः कम था। तीनों शिशुओं को डॉक्टरों की भरपूर प्रयास से बचा लिया गया एवं 15 दिनों के बाद छुट्टी दे दिया गया। मरीज (माँ) को भी ऑपरेशन के बाद ICU में डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया और ऑपरेशन के 8 वें दिन स्वस्थ अवस्था में छुट्टी कर दिया गया।

सच ही कहा जाता है की, डॉक्टर भगवान का रूप होते है, यह बात एक बार फिर से सिटी कोतवाली के सामने, बलौदा-बाजार (छ.ग.) स्थित चँदा देवी तिवारी हॉस्पिटल में साबित हुआ है, जँहा मरीज दिलकुमारी जयसवाल, उम्र-30 वर्ष, पति दिलहरण जयसवाल, ग्राम - खर्वे, तह - कसडोल,

निवासी का गर्भावस्था के ऑपरेशन के उपरांत एक नहीं, दो नहीं बल्कि तीन-तीन स्वस्थ नवजात शिशुओं का जन्म हुआ।

**ऑपरेशन के दौरान उपलब्ध डॉक्टरों की टीम :** डॉ. गीतिका शंकर तिवारी ( एम.डी. स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. नितिन तिवारी (एम.एस. सर्जन), डॉ. अंकित जैपुरिअर (जनरल सर्जन), डॉ. राहुल देव (शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉ. ऋत्विक रायज़ादा (एम डी, क्रिटिकल केयर विभाग)।

# नरवा विकास कार्यक्रम का जल संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका : अमित अग्रवाल

**रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क के तहत विकसित किये जा रहे गौठान एवं छत्तीसगढ़ मॉडल की भी प्रशंसा**



पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

दिल्ली से पहुँचे जल शक्ति अभियान के नोडल अधिकारी एवं मिनिस्ट्री ऑफ कार्मस एंड इंडस्ट्री नई दिल्ली के डायरेक्टर अमित अग्रवाल ने जिले में तीन दिनों से जल शक्ति अभियान के तहत चल रहे कार्यो का अवलोकन कर जायजा लिया। उन्होनें छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नरवा विकास की प्रशंसा की। उन्होनें आगे कहा कि मैदानी स्तर में नरवा विकास के तहत छोटी-छोटी संरचनाओं से निश्चित ही भू-गर्भ जल स्तर में सुधार एवं वाटर रिचार्ज को काफी बल मिला है। रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क के तहत विकसित किये जा रहे गौठान में बने आजीविका मॉडल की भी प्रशंसा की। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती एवं ग्रामीण महिलाओं को रोजगार के साधन उपलब्ध हो रहे है। उन्होने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में तीन दिनों के निरीक्षण के बाद कार्यो में आवश्यक सुधार एवं विस्तार हेतु महत्वपूर्ण सुझाव जिला प्रशासन को दिए। जिस में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता अभियान चलाने, डिस्ट्रीक्ट वाटर कंजरवेशन प्लान बनाने एवं मध्यम तथा वृहद सिंचाई परियोजनाओं की रख-रखाव एवं साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। जिससे इनकी क्षमताओं में वृध्दि एवं सिंचाई के लिए भी जल की उपलब्धता बढ़ेगी। कलेक्टर डोमन सिंह ने सुझाव के अनुरूप आगे कार्य करने का आश्वासन दिए। केन्द्रीय टीम ने पहले दिन बलौदाबाजार नगरीय निकाय क्षेत्र में वाटर हार्वेस्टिंग,तालाब गहरीकरण भाटापारा के ग्राम सुमा में नरवा संरचना,गौठान दूसरे दिन कसडोल में वन विभाग के द्वारा किये जा रहे विभिन्न कार्यो एवं अंतिम दिन पुरेना खपरी के गौठान का भी अवलोकन किया। इस दौरान गौठान में कार्य कर रहे महिलाओं से भी रूबरू हुए। गौठान के भीतर डबरी को देखकर अमित अग्रवाल आश्चर्य चकित होते कहा कि इस तरह से भी क्या जल संरक्षण को भी बढ़ावा दिया जा सकता है। उन्होनें गौठान में चल रहे कार्यो की प्रशंसा किए। कलेक्टर के अनुरोध पर अमित अग्रवाल ने सी मार्ट का भी अवलोकन किया। बलौदाबाजार के निरीक्षण उपरांत जांजगीर-चांपा जिलें के रवाना हुए। इस दौरान सेंट्रल बोर्ड रायपुर साइंटिस्ट जी श्रीनाथ, जिला पंचायत सीईओ डॉ. फरिहा आलम सिद्की, संयुक्त कलेक्टर अनुपम तिवारी, डिप्टी कलेक्टर अंशुल वर्मा, जल संसाधन विभाग ईई कसडोल एन.के.पाण्डेय, ईई बलौदाबाजार अनिल राही,लोक निर्माण विभाग ईई टीसी वर्मा, कृषि उप संचालक जोसेफ टोप्पो,पीएचई ईई एच.एस.मरकाम सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में किया गया योग






पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है।क्रोविड 19 कोरोना महामारी के चलते बीते दो साल से अंतर राष्ट्रीय योग दिवस सार्वजनिक तौर पर नहीं मनाया गया था। वर्ष 2019 के बाद सार्वजनिक स्थानो पर एक साथ अभी वर्तमान में योग दिवस मनाया गया। वही तिल्दा से लगे ग्राम बहेसर के स्कूल एवं आस पास के गांवों में भी अंतर राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया योग व नेहरू युवा केंद्र रायपुर जिला युवा अधिकारी अर्पित तिवारी जी के मार्गदर्शन में एनवायवी भारती साहू के द्वारा ब्लॉक तिल्दा के ग्राम बहेसर में दिनांक 21/06/2022 को इंटरनेशनल योग दिवस मनाया गया। जिसमें ग्राम निवासी पूर्व सैनिक विनय वर्मा द्वारा ग्रामीणों को योगभ्यास् कराया गया। तथा उन्हें योग से जुड़े रोचक बाते बताई गयी। योग के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि योग से मनुष्य स्वस्थ रहता है, साथ ही फिट रहकर वो लंबे जीवन को प्राप्त करता है। योग का मानव जीवन में महत्व देखते हुए साल 2015 से पूरे विश्व में 21 जून को अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इस साल 8वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इस दिन दुनियाभर के लोग इकट्ठा होकर जगह-जगह योग दिवस मनाते हैं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दिन लोगों में योग के प्रति जागरूकता फैलाने का मकसद है। शरीर को निरोगी रखने के लिए योग करना जरूरी है। योगअभ्यास के दौरान फाल्गो राम वर्मा, लखन वर्मा, टॉपसिंह, बल्दाऊ, नरेश ध्रूव, गोवर्धन चंद्रवंशी, संजय वर्मा, थानु यादव, रामेश्वर गालव, रंहला वर्मा, ममता वर्मा, चंद्रकला साहू, आरती साहू, नीरा वर्मा शामिल हुए।

# योग दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने योग के महत्व की जानकारी लोगों को दी

पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी तिल्दा-नेवरा द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के लगभग सभी शक्ति केन्द्रो के विभिन्न बुथो में भाजपा प्रभारियो की उपस्थिति में योग दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत भुरसुदा, भुमिया, खपरीकला, सांकरा, बेमता, बहेसर, टंण्डवा, भिलौनी, घुलघुल, जोता, हथबंद, किरना, सिनोधा नकटी, तुलसी नेवरा, आदि अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा कार्यकताओं द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग प्रभारी फाल्गो राम वर्मा, भाजपा ग्रामीण महामंत्री द्वय टेकराम यादव, केयूर भूषण शर्मा, कमलेश वर्मा, विजय ठाकुर, सुभाष मंडावी, रुवेल सोनवानी, गिरीश साहू, धनुष साहू, भुवन, साहू, देवेंद्र वर्मा, संतोष नायक,लोकनाथ टिकरिहा, सुदर्शन वर्मा, द्वारिका यदु, आदि भाजपा कार्यकताओं व योग प्रभारीयो द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।तथा इन सबका विशेष सहयोग रहा। भाजपा के योग कार्यक्रम प्रभारियों द्वारा अनेक ग्रामीण कार्यकर्ताओं व युवक , युवतियों व प्रशिक्षकों को योग कराया गया। भारतीय जनता पार्टी के रायपुर जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल व भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भागबली साहू तिल्दा-नेवरा ने सभी प्रशिक्षणार्थियों युवक युवतियों व प्रशिक्षकों को योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए बताया कि नियमित योगाभ्यास स्वस्थ्य जीवन के लिए आवश्यक है। यह हमारी मानसिक शारीरिक और अध्यात्मिक ऊर्जा को बढाता है।योग अपनाईये खुद को स्वस्थ व निरोग बने रहने के लिए आवश्यक जानकारी दी गई।

# 7 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब जब्त

पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



पुलिस चौकी भंवरपुर द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम दलदली के ननकी तलाब मेड में आरोपी प्यारी लाल जगत पिता वासुदेव जगत उम्र 48 साल जाति गोड़ साकिन दलदली चौकी भंवरपुर थाना बसना के कब्जे से एक सफेद रंग के बड़े थैला के अंदर एक बड़ी सफेद झिल्ली में रखा करीबन 07 लीटर हाथ भट्टी महुवा शराब कीमत लगभग 14 सौ रुपए गवाहों के समक्ष जप्त कर मौके पर सीलबंद कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी प्यारी लाल जगत का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने पर गिरफ्तार कर मामला अजमानतीय होने से आरोपी को ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक नसीम उद्दीन खान, प्र.आ. जनक राम उराव आरक्षक गोपाल साहू, शैलेंद्र देवागन का विशेष योगदान रहा।

# जुआरियों के फड़ से अवैध जुआ रेड पर पुलिस की बड़ी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com



पुलिस को मुखबिर से सुचना मिला की 32 के वी के पीछे झिलमिला में वाहन स्कार्पियो में कुछ लोग 52 पत्ती ताश से रुपए पैसे का हार जीत का दाव लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं की सूचना पर हमराह स्टाफ अवैध जुआ कार्यवाही हेतु मौके पर पहुंचकर जुआ खेल रहे व्यक्तियो को घेराबंदी कर अवैध जुआ खेलते रंगे हाथों पकड़े जाने पर उनका नाम पता पुछने पर अपना नाम (1) विक्रांत थवाइत पिता स्वर्गीय विनय थवाईत उम्र 43वर्ष साकिन छोटे मठपारा वार्ड नंबर 9 सारंगढ़ (2) कुंदन थवाईत पिता प्यारेलाल थवाईत उम्र 21 वर्ष साकिन छोटे मठ पारा वार्ड नंबर 9 सारंगढ़ (3)भुनेश्वर प्रसाद तिवारी पिता फटिंदर प्रसाद तिवारी उम्र 42 वर्ष साकिन उल्ठत्तर थाना सारंगढ़ (4) देवनारायण महिलांगे पिता बुधूराम महिलांगे उम्र 46 वर्ष साकिन बिल्दी थाना सारंगढ़ (5) लखन साहू पिता राम रतन साहू उम्र 32 वर्ष साकिन रेड़ा थाना सारंगढ़ (6) लखन निषाद पिता समारू निषाद उम्र 26 वर्ष साकिन भंवरादादर थाना सारंगढ़ जिला सारंगढ छत्तीसगढ़ का होना बताया जिनके कब्जे से नगदी रकम (दो लाख तीन हजार तीन सौ दस रुपए)203310 रूपए 52 पत्ती ताश, 06 नग मोबाइल एक स्कार्पियो वाहन क्रमांक छत्त 13ष्ठ 5568 मुताबिक जब्ती पत्रक के जप्त किया गया आरोपीयो का कृत्य अपराध धारा 13 जुआ एक्ट का पाए जाने से आरोपियों के विरुद्ध थाना सरायपाली में अपराध क्रमांक 257/2022 धारा 13 जुआ एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया संपूर्ण कार्यवाही में उप निरीक्षक अनिल पालेश्वर विनोद नेताम प्रधान आरक्षक ललित पटेल सुखलाल भोई आरक्षक शिवशंकर राज राहुल वर्मा कमल जांगड़े मानवेन्द्र ढीढ़ी योगेन्द्र बंजारे व समस्त स्टाफ थाना सरायपाली का योगदान रहा।

# चलित थाना में गांवों को अपराध से मुक्त रखने की दी जानकारी

पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



चौकी प्रभारी भंवरपुर नसीम उद्दीन द्वारा चौकी पुलिस स्टाफ के साथ ग्राम रूपापाली में चलित थाना लगाया गया, जिसमें ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार की महिला सम्बंधित अपराधों, बलात्कार, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, मारपीट, टोनही प्रताड़ना, दहेज प्रताड़ना, अपहरण, बाल विवाह, मानव तस्करी, एसिड अटैक, महिला सम्बधित अपराधों, की जानकारी देते हुए अभिव्यक्ति एप के माध्यम से शिकायत करने एवं निराकरण करने के सम्बंध में विस्तार से जानकारी दी गयी तथा ग्रामीणों को यातायात नियमों, संदिग्ध व्यक्तियों के दिखने पर चौकी में जानकारी देने, सांप काटने पर झाड़ फूंक अंधविश्वास में ध्यान न देते हुए अस्पताल में इलाज कराने,गांव में शराबबंदी हेतु प्रेरित किया गया तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के सम्बंध जानकारी दी गई। विदित हो कि यह आयोजन पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेघा टेम्भूरकर तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विकास पाटले एवं थाना प्रभारी बसना निखिल राखेचा (प्र.भा.पु.से.) के दिशा निर्देश पर हुआ।

**केंद्र सरकार के कार्यकाल के आठ वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित**

# विधानसभा बलौदा बाजार भाजयुमो विकास तीर्थ बाइक रैली निकाली

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण हेतु देश की सेवा में समर्पित केंद्र सरकार के स्वर्णिम 8 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश के आह्वान पर भाजयुमो कार्यकर्ताओ द्वारा विकास तीर्थ बाइक रैली का आयोजन किया गया। जिसमे भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में चलने वाली केंद्र सरकार के जन कल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों को दी गई एवं प्रदेश के कांग्रेस सरकार के विफलताओं असफलताओं की जानकारी से आम जनों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भजयुमो प्रदेश आमंत्रित सदस्य रोमी साहू, जिला उपाध्यक्ष अभिषेक तिवारी, कार्यक्रम के प्रभारी एवं जिला महामंत्री अंजय श्रीवास, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अजय गर्ग, शहर मंडल अध्यक्ष वाशु ठाकुर, प्रहलाद साय, आदित्य बाजपई, कामेश वर्मा, कृष्णा द्विवेदी, अमन तिवारी, अंशु ताम्रकर, सागर यादव, गुलशन वर्मा, घनश्याम साहू, मनीष यादव, सोहन भारती व अन्य सभी प्रमुख युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की शिक्षक सहित अन्य पदों की पात्र-अपात्रों की सूची जारी

**बलौदाबाजार।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सोनाखान विकास खण्ड कसडोल जिला बलौदाबाजार- भाटापारा में शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए अस्थायी रूप से हिन्दी, अंग्रेजी माध्यम, सी.बी.एस.ई. पैटर्न पर शाला संचालन हेतु निर्धारित मानदेय पर अतिथि शिक्षक पी.जी.टी., टी.जी.टी. एवं अन्य पद की पूर्ति हेतु 10 जून 2022 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। निर्धारित अंतिम तिथि तक प्राप्त आवेदनो पत्रों की स्कुटनी कर पात्र-अपात्र अभ्यर्थियों की प्रावधिक मेरिट सूची तैयार किया गया है। उक्त सूची का प्रकाशन जिले की वेबसाइट डब्ल्यू.डब्ल्यू.डब्ल्यू डॉट बलौदाबाजार डॉट जीओवी डॉट इन एवं विभाग के सूचना पटल पर उपलब्ध है। उक्त प्रकाशित मेरिट सूची में आवेदक को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो अपना दावा-आपत्ति 25 जून 2022 तक कार्यालयीन समय में सप्रमाण कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है।

# नशे से आजादी पखवाड़ा कार्यक्रम तुहर पुलिस तुहर द्वार 'नशा मुक्ति' जागरूकता अभियान का आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के निर्देशन में अति.पुलिस अधीक्षक किर्तन राठौर एवं, उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अंजली गुप्ता के मार्गदर्शन पर थाना तिल्दानेवरा क्षेत्रर्न्तगत नशे से आजादी पखवाड़ा कार्यक्रम तुहर पुलिस तुहर द्वार नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत 'थाना तिल्दानेवरा के वार्ड क्र.15, 17' में निवासरत लोगों एंव महिलाओं, युवाओ एवं बच्चों को एकत्रित कर नशा से मुक्ति के लिए नुक्कड़ जागरूकता का कार्यक्रम किया गया जिसमें पुलिस स्टाफ द्वारा लोगो को जागरूक करते हुये नशे के दुष्प्रभाव और उससे होने वाली अपराधों के संबंध में अवगत कराया गया एंव लोगों को नशा मुक्त समाज के लिए संकल्पित किया गया उक्त कार्यक्रम में लगभग 35-40 व्यक्ति उपस्थित रहे ।

## नवागढ़ विधानसभा भर में भाजपाइयों ने किया योग

# मोदी ने योग को विश्व पटल पर निखारा : विकास दीवान

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकताओं ने जगह -जगह सामूहिक योगाभ्यास किया। जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए। योग दिवस के जिला प्रभारी व भाजपा जिला महामंत्री विकास धर दिवान के नेतृत्व में नवागढ़ मंडल की ओर से भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं और स्थानीय लोगों के लिए माँ शारदा मंदिर गार्डन में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी ने अनुलोम विलोम, भ्रामरी, सूर्यनमस्कार सहित विभिन्न योग आसन किये। महामंत्री दीवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को विश्व पटल पर निखारने की विचारधारा की शुरुआत की थी। संयुक्त राष्ट्र ने प्रधानमंत्री मोदी के आव्हान पर 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस निर्धारित किया, उसके 8 साल पूरे हो रहे हैं। सूर्य की किरणों की तरह एक-एक कर के हर देश में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। यूरोप, अमेरिका से होते हुए जापान तक योग हो रहा है, पूरे विश्व में पहली बार ऐसा हो रहा है। इसके जरिए हम शरीर, मन और आत्मा को मजबूती प्रदान करते हैं। महिला मोर्चा जिला महामंत्री मधु रॉय ने कहा कि आज का दिन न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को गौरवान्वित करता है। बीच में कोविड की वजह से सामूहिक रूप से प्रभावित जरूर हुआ, लेकिन पिछले 8 सालों में भारत के योग ने दुनिया भर में प्रसिद्धि हासिल की है। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष चन्द्रपाल साहू, महामंत्री मिन्टू बिसेन, बंशी धर दीवान, राजेन्द्र मिश्रा, सुरेश निषाद, गजेन्द्र साहू, विद्यानन्द जायसवाल, सन्तोष देवांगन, धनीराम निर्मलकर, फूलचंद साहू, गोर्ल सिंहा, रमेश निषाद, शिव सोनकर, ईश्वर कुम्भकार, पृथ्वीराज ठाकुर, सरिता कुम्भकार, उमा मिश्रा, सुभाष महिलांग, कृष्णा ध्रुव सहित भाजपाई उपस्थित रहे।

**विधानसभा में किया गया योग**

नवागढ़ मण्डल में मनहरण सिंह ठाकुर, नंदं साहू, मिलाप साहू, विष्णु ठाकुर, जितेंद्र सिंह भुवाल, डॉ जगजीवन खरे, अनुज दिवाकर, देवदास चतुर्वेदी, युवराज ठाकुर, सुरेश साहू, दुर्जन साहू, मीना रामकिशुन साहू, रितेश मिश्रा, रामसागर साहू, निमिराज सोनवानी, वीरेश सिंह, रोहित साहू, मनीराम साहू, उमेश ध्रुव, महेश टण्डन,मनमोहन बघेल, फलचंद साहू, विनोद साहू, भुनेश्वर वर्मा, वेदप्रकाश वर्मा, तोपसिंह साहू, केदार साहू ने योग किया। मारो मण्डल में नरेंद्र शर्मा, बबलु राजपूत, हरिकिशन कुर्रे, सुभाष सोनी, दुर्गा सोनी, प्रेमु वर्मा, अभिषेक राजपूत, युपेश साहू, मुचकुंद राजपूत, अमिता बघेल, संतोष चौबे, आलोक तिवारी, रामकुमार देशलहरा, बालशंकर वर्मा, कृष्णा ठाकुर, लक्ष्मी वर्मा, त्रिलोक साहू, महावीर साहू, प्रदीप शुक्ला, सन्दीप वैष्णव, गुरमुख भार्गव, विजय डहरिया, वीरेन्द्र घृतलहरे, पुष्पा मात्रे,बबर्ल बांधे ने भी आसन लगाए। वहीं खण्डसरा मण्डल में फिरतुराम साहू, होरिलाल सिन्हा, दीपक तिवारी, छर्न्नू गुप्ता, कृपाशंकर त्रिपाठी, अनिल मिश्रा, अर्पित गुप्ता, कुंजबिहारी ठाकुर, अश्वनी साहू, गजेन्द्र साहू, सती सिन्हा, कपिक बंजारे, कृष्णा वैष्णव, राजाराम चंद्राकर, गुड्डा खान, नागेश ध्रुव, महेंद्र जायसवाल आदि ने योग किया।

## शासकीय आईटीआई बेमेतरा में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

**बेमेतरा।** छ.ग. शासन कौशल विकास विभाग के अंतर्गत संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छ.ग. रायपुर के अधीन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, बेमेतरा में सत्र 2022-23 एवं 2022-24 में प्रवेश हेतु आवेदकों से व्यवसाय-विद्युतकार, कम्प्यूटर आपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट एवं मेकेनिक डीजल के लिये ऑनलाइन पंजीयन संचालनालय, रोजगार एवं प्रशिक्षण के वेबसाइट cgiti.cgstate.gov.in के 'ऑनलाइन एप्लीकेशन 2022' पर क्लिक कर आनलाइन आवेदन 02 जुलाई 2022 तक कर सकते हैं। रजिष्ट्रेऊशन के पूर्व प्रशिक्षण विवरणिका जो कि वेबसाईट पर उपलब्ध है। जिसमें प्रवेश हेतु शासकीय आई.टी.आई. का नाम, व्यवसायवार सीटों की संख्या एवं शैक्षणिक योग्यता की जानकारी प्रदर्शित है, उसे डाउनलोड कर आवेदक सावधानी पूर्वक अध्ययन कर ऑनलाइन आवेदन करना है। आवेदक की आयु 01 अगस्त 2022 को 14 वर्ष से कम नहीं होना चाहिये। उच्चतम आयु सीमा का बंधन नहीं है। आवेदक का चयन होने पर एसएमएस के माध्यम से सूचना भेजी जावेगी।

# डीजल की मारामारी, पत्थलगांव में सुबह से पंप में लगी लंबी लाइन, किसान एवं वाहन मालिक जरीकेन लेकर खड़े

पायनियर संवाददाता ◄ पत्थलगांव
www.dailypioneer.com



दिन निकलने के साथ ही पत्थलगांव के पेट्रोल पंपों पर डीजल एवं पेट्रोल लेने के लिए लंबी कतारें लगना शुरू हो गई। सबसे ज्यादा डीजल लेने को मारामारी मची हुई है, छत्तीसगढ़ में भी पेट्रोल-डीजल की भारी किल्लत हो रही है। आज पत्थलगांव शहर में लोगों को डीजल के लिए भारी मशक्कत करना पड़ा। वहीं पेट्रोल डीजल की कमी की खबर फैलते ही लोगों में हड़कंप मच गया। जिसके बाद शहर के कई पंपों पर डीजल के लिए लोगों की भारी भीड़ लग गई। पेट्रोल-डीजल न मिलने के डर से लोग ड्रम, कुप्पे में भर भर कर ले जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार शहर में सुबह 5 बजे से कई पेट्रोल पंप पर डीजल-पेट्रोल लेने वालों की लंबी लाइन लग गई। वहीं एकमात्र पेट्रोल पंप पर ही डीजल मिलने से लोग परेशान नजर आए। हालांकि अन्य सभी पेट्रोल पंपों में पेट्रोल की आपूर्ति जारी है परंतु इन पंपों में डीजल ड्राय होने से इस प्रकार की स्थिति निर्मित हो रही है। वहीं पेट्रोल पंप स्वामी की मानें तो एक दो दिन में स्थिति सामान्य हो जाएगी। दरअसल पत्थलगांव स्थित सभी पम्पो मे डीजल की आपूर्ति ठप्प हो जाने के चलते यह स्थिति निर्मीत हो रही है, पत्थलगांव शहर में संचालित समस्त पेट्रोल पंपों समेत आसपास किलकिला कार्प के पेट्रोल पंप में डीजल ड्राई होने की वजह से डीजल के लिए मारामारी देखी जा रही है 1 दिन पूर्व पत्थलगांव बस स्टैंड के नीचे पेट्रोल पंप में डीजल की टैंकर की आपूर्ति होने की खबर के बाद इस पेट्रोल पंप में डीजल लेने वालों की होड़ मच गई सबसे ज्यादा परेशानी खेती किसानी से जुड़े लोगों को हो रही है मानसून के आगमन पश्चात खेती किसानी का दौर शुरू हो चुका है ट्रैक्टर एवं अन्य कृषि संयंत्रों में डीजल की अनिवार्यता ने डीजल की कमी से जूझ रहे किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें ला दी है किसान दिन दिन भर लाइन में लगकर डीजल लें या फिर-फिर खेत में काम करे।।बता दें कि पत्थलगांव, कार्प किलकिला सहित अन्य मार्गो के कई पेट्रोल पंप पर डीजल नहीं मिल रहा है। इधर शहर के बस स्टैंड नीचे स्थित तेज पेट्रोल पंप पर जब लोगों को डीजल उपलब्ध होने की जानकारी मिलते ही शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। स्थिति यह हो गई कि इस पेट्रोल पंप पर वाहन मालिको समेत किसानों की जेरीकेंन लेकर लंबी लाइन लग गई।

## योग दिवस पर दिव्यांग परिणय सूत्र में बंधी



**रायपुर।** दिव्यांग बिटीया मीनाक्षी कि शादी 21 जून योगादिवस के अवसर पर मूकबधिर युवक लकी श्रीवास्तव दुर्ग के साथ गायत्री मंदिर समता कालोनी में संपन्न हुई। यह विवाह कई विशेषताएं लिया हुआ था। शादी मे जयमाला वीरभद्रासन योगमुद्रा में संपन्न हुई। इस विवाह में सहभागीता के लिए प्रस्ताव रखा गया। रायपुर के विभिन्न सामाजिक संगठनो ने इस प्रस्ताव को स्वीकार कर एक मंच पर साथ नजर आए, किसी से भोजन व्यवस्था सम्हाली, किसी ने स्वागत की जवाबदारी ली, सामान्य तौर पर माता पिता जो बच्ची को देना चाहते हैं, उससे कहीं ज्यादा सामान सभी ने मिलकर दिया इस शादी में डिस्पोजल पूर्णतः प्रतिबंधित था, पर्यावरण का ध्यान रखा गया। बाल कल्याण परिषद कि सदस्य सुगंधा जैन जो कि इस शादी में शुभ सक्रिय थी उनके सुझाव पर विवाह कि रस्में वर-वधु को कोपलवाणी की संस्थापक पदमाशर्मा ने साइन लेंग्वेज में समझाई, इस तरह विवाह कि रस्मों में रौनक आ गई सौभग्यशाली है की इस विवाह में सक्षम संस्था छग. की ओर से बिटीया को आर्शीवाद स्वरूप कुछ भेट करने का अवसर मिला। सक्षम से संगठन मंत्री रामलाल जी रजवाड़ें एवं प्रांत महिला प्रमुख इंदिरा जैन ने भी वर-वधु को शुभकामनाएं दी।

### बाल कल्याण परिषद ने दिव्यांग बालिकाओं के साथ मनाया योग दिवस

**रायपुर।** छ.ग. राज्य बालकल्याण परिषद कि संस्था बाल जीवन ज्योति में मानसिक रूप से दिव्यांग बालिकाओं के साथ योगा दिवस मनाया गया, इस अवसर पर परिषद कि संयुक्त सचिव इंदिरा जैन, सदस्य सुगंधा जैन इसके अलावा संगीता जग्गी, श्वेता मैडम एवं अन्य शिक्षिकाएं मौजूद थी योगा के बाद मंगलवार होने के कारण हनुमान चालीसा का पाठ कर फिर आरती की गई।



## कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ़ फार्मेसी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन



**रायपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कोलंबिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी में इंस्टिट्यूट की एन एस एस इकाई जो कि छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय से संबंधित है के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के सहायक प्राध्यापकों तथा छात्रों ने योग के माध्यम से शारीरिक स्वास्थ्य के बारे मे जाना। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का थीम मानवता के लिए योग था, योग दिवस के थीम पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे संस्थान के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया पर निबंध का आयोजन किया गया जिसमे छात्र छात्राओ द्वारा हिस्सा लिया गया। गौरतलब है कि 2015 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने प्रतिवर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने की मंजूरी दी, योग हमारे जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि योग के द्वारा अनेकानेक जटिल रोगों का इलाज संभव है, इस अवसर पर संस्थान की एन एस एस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी सागर साहू के अलावा संस्थान के सचिव सचिव हरजीत सिंह हुरा, प्राचार्य डॉ. अमित रॉय एवं अन्य प्राध्यापक गण भी उपस्थित थे।

## कोटा स्टेडियम में योग दिवस मनाया



**रायपुर।** 8 सीजी गर्ल्स बटालियन एनसीसी कॉम्प्लेक्स कोटा के तत्वाधान में 8 वॉ अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस विवेकानंद स्टेडियम कोटा में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। योग हमारी आत्मा और तन की शुद्धि के लिए आज के परिपेक्ष में बहुत ही आवश्यक हो गया है जिस तरीके से आज हम सब तनाव भरी जिन्दगी जी रहे हैं उससे मुक्ति हेतु अगर हम सब कुछ देर अपना समय योगा के लिए देते हैं, या करते हैं तो हमारी आत्मा से लेकर हमारा शरीर सभी स्वस्थ होगा और मन की भी शुद्धि होगी और कहा भी गया है कि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है इसी उद्देश्य से आज इस योगा दिवस को मनाया गया जिसमें दुर्गा महाविद्यालय,जे वाय योगानंदम छत्तीसगढ़ कॉलेज ,डॉक्टर राधाबाई नवीन कन्या महाविद्यालय, दूधाधारी बजरंग कन्या पीजी महाविद्यालय, महंत लक्ष्मी नारायण दास महाविद्यालय ,दिशा स्कूल,जेआर दानी स्कूल, महर्षि विद्या मंदिर, के पी एस डूंडा,भारत माता स्कूल,बी पी पुजारी स्कूल ,पी जी उमाठे स्कूल शांति नगर के टोटल 250 कैडेट्स उपस्थित थे। दिशा स्कूल रामनगर, की केयर टेकर निक्की दत्ता ने कैडेट्स को योग के महत्व के बारे में बताकर योग की विधियों से अवगत कराया ।इस अवसर पर 8 सीजी गर्ल्स बटालियन कि प्रशासनिक अधिकारी मेजर पी सुरेखा राव, सूबेदार मेजर इस्माइल खान, विभिन्न महाविद्यालयों एवं विद्यालयों के एनसीसी अधिकारी एवं केयर टेकरस एवं अन्य स्टाफमौजूद थे।

## मुखर्जी की पुण्यतिथि पर होंगे विभिन्न आयोजन

**तिल्दा नेवरा।** भाजपा शहर मंडल के द्वारा जनसंघ के नेता श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि और जन्मदिवस में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है तिल्दा शहर मंडल के अध्यक्ष ईश्वर यदु और शहर महामंत्री सौरभ जैन ने बताया कि भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के स्मृति दिवस पुण्यतिथि 23 जून से लेकर के उनके जन्म दिवस 6 जुलाई तक मंडल के शक्ति केंद्रों में और सभी बूथ में भाजपा के कार्यकताओं के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें सर्वजनिक चौक-चौराहों की साफ -सफ ाई वृक्षारोपण व झुग्गी झोपड़ी बस्तियों में फल वितरण का कार्यक्रम किया जाना सुनिश्चित है वही भाजपा नेता जिला के महामंत्री अनिल अग्रवाल के द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के जीवनी पर एवं उनके बलिदानों का बखान भी सार्वजनिक स्थलों में किया जाना है मंडल के महामंत्री मनोज निषाद व पार्षद ने बताया कि मुखर्जी जी के सप्ताह भर से ज्यादा चलने वाले कार्यक्रमों की तैयारी किया जा चुके हैं और सभी भूतों पर बूथ अध्यक्षों को इस कार्यक्रम का प्रभारी नियुक्त किया गया है वही इस कार्यक्रम में तिल्दा शहर मंडल में निवासरत प्रदेश जिला मंडल प्रकोष्ठ मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को इस कार्यक्रम में उपस्थिति देने का आग्रह किया गया है 23 जून को सुबह 11:00 बजे पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यालय नेवरा में और मुखर्जी चौक पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया जाएगा जिसमें भारतीय जनता पार्टी परिवार सैकड़ों के संख्या में उपस्थित रहेंगे।

## देवरबीजा पुलिस ने अपहृता बालिका को किया बरामद

**बेमेतरा।** 20 जून को प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी नाबालिक लडकी को एक व्यक्ति द्वारा इसके संरक्षण से बिना अनुमति के बहला फुसलाकर साथ ले गया है कि रिपोर्ट पर चौकी देवरबीजा थाना बेमेतरा में अपराध सदर धारा 363, 366 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन पर अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा के द्वारा चौकी देवरबीजा प्रभारी सहायक उप निरीक्षक डिग्री लाल सोना एवं चौकी स्टाफ को तत्काल अपहृता को बरामद करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान चौकी देवरबीजा पुलिस टीम ने नाबालिग अपहृता (बालिका) को दिनांक 20.06.2022 को बरामद किया गया है बच्ची (बालिका) को उनके परिजनो के सुपुर्द किया गया। बच्ची (बालिका) के परिजनो ने अपने बच्ची को अपने पास पाकर बहुत खुश हुये और खुशी जाहिर करते हुए चौकी देवरबीजा बेमेतरा पुलिस का हृदय से अभार व्यक्त किये। उक्त कार्यवाही में चौकी देवरबीजा प्रभारी सहायक उप निरीक्षक डिग्री लाल सोना, प्रधान आरक्षक भागवत सिंह, महिला प्रधान आरक्षक रीना गायकवाड, आरक्षक रामेश्वर पटेल, प्रवीण वर्मा, रमेश चंद्रवंशी एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

## 'सुहानी रात ढल चुकी' गाकर 72 वर्षीय प्रकाश भाई कोटक विजेता बने



**रायपुर।** गुजराती म्यूज़िकल ग्रुप द्वारा आयोजित संगीत स्पर्धा में प्रतिभागियों की सुर लहरियों ने श्रोताओं को तीन घंटे तक बांधकर रखा। दया भवन, देवेन्द्र नगर में आयोजित यह स्पर्धा तीन आयु वर्गो में रखी गई थी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध पोपट नमकीन के संचालक भूपेश भाई पोपट थे जबकि अध्यक्षता गुजराती ब्रम्ह समाज के अध्यक्ष कीर्ति भाई व्यास ने की। विशिष्ट तौर पर उपस्थित रहे रेखा बेन रायचुरा, रंजन बेन शाह, जितेन्द्र भाई दोशी, अशोक भाई पटेल, जयंती भाई पटेल। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन उपरांत मुकेश शाह ने संस्था के गठन व कार्यक्रम का उद्देश्य बताया। अतिथियों का स्वागत नरेश ठक्कर, ललित रायचुरा, प्रकाश पुजारा, मनीष पारपाणी, किरीट गढ़िया, संजय टांक, चेतन बारमेड़ा, कमलेश नथवाणी, विनोद सांघाणी, तरुण पिथालिया ने किया। स्पर्धा में भाग लेने वाले तीस प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों ने सांगीतिक समां बांध दिया। जहाँ एक ओर सर्वाधिक उम्र के प्रतिभागी 76 वर्षीय महेश भाई व्यास ने भूली हुई यादों गाकर श्रोताओं का दिल जीत लिया वहीं दूसरी ओर 72 वर्षीय प्रकाश भाई कोटक ने सुहानी रात ढल चुकी की शानदार प्रस्तुति से वर्ग स में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। वर्ग स में ही मोनिका टांक आओगे जब तुम ओ साजना गाकर दूसरे स्थान पर रहीं। वर्ग अ में बेहतरीन नग़मे गाकर विवेक व्यास (बेताब दिल की तमन्ना यही है) प्रथम एवं साकेत परमार (तेरी मिट्टी में मिल जावां) द्वितीय स्थान पर रहे। वर्ग ब में एक अजनबी हसीना से गाकर जहाँ दिव्यांश व्यास ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया वहीं दूसरी ओर मीनल बेन सोमैया होश वालों को खबर क्या गाकर द्वितीय स्थान पर रहीं। विजेताओं को स्व. रमणीक भाई रायचुरा की स्मृति में पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन दीपक व्यास व ललित रायचुरा ने जबकि आभार प्रदर्शन नरेश ठक्कर ने किया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक रूप से चलते चलते मेरे ये गीत गाकर किया गया ।

# हम सभी पत्रकार साथियों को एक जुट होकर पत्रकारों के हित में काम करे : जिलाध्यक्ष बलराज

पायनियर संवाददाता ◄ पिथौरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन ब्लॉक इकाई पिथौरा की मासिक बैठक दिनांक आज दिनांक 22 जून 2022 बुधवार को स्थानी फॉरेस्ट रेस्ट हाउस पिथौरा में संपन्न हुई। साथ ही ब्लॉक अध्यक्ष गौरव चंद्राकर, उपाध्यक्ष रमेश सिन्हा के द्वारा उपस्थित सभी पत्रकार साथियों से विभिन्न गतिविधियों आगामी कार्यक्रम पर चर्चा की गई। उक्त बैठक में सर्वप्रथम छग जर्नलिस्ट वेलफेयर युनियन पिथौरा ईकाई की बैठक में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष बलराज नायडू, जिला महासचिव आकाश अग्रवाल ने बैठक मे युनियन को मजबूत बनाने एवं पत्रकारों के हित संवर्धन को लेकर विचार विमर्श किया गया। जिलाध्यक्ष बलराज ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि वर्तमान परिस्थिति मे पत्रकारिता एक चुनौती है। हम सभी साथियों को एक जुट होकर पत्रकारों के हित मे काम करना है। समाचार कवरेज़ के दौरान कोई भी परेशानी आती है। तो आवश्यक रूप से युनियन में अपनी समस्या को रखें। पत्रकारों के हित मे युनियन हमेशा खड़ा रहेगा। निष्पक्ष रूप से पत्रकारिता करते हुए पित पत्रकारिता से दूर रहें। बैठक में उपस्थित सभी पत्रकारों ने पिथौरा ब्लाक के 10वीं 12वीं टॉप टेन में स्थान बनाने वाले छात्रों को सम्मान करने की योजना बनाई है। प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम ने कहा किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या के लिए हमारा यूनियन परिवार सभी सदस्यों के साथ खड़ा रहेगा जहाँ तक हो विवादित पोस्ट से बचने का प्रयास करें। बैठक मे उपस्थित सभी पत्रकारों ने भी आज की पत्रकारिता पर अपने विचार रखे उक्त बैठक में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष बलराज नायडू ,आकाश अग्रवाल जिला महासचिव, जिला कार्यकारिणी ताराचंद पटेल, संतराम कुर्रे ,गौरव चंद्राकर ब्लॉक अध्यक्ष ,रमेश सिन्हा ब्लॉक उपाध्यक्ष ,गोविंद शर्मा, चंद्रशेखर प्रभाकर, राजा शुक्ला, राजेश साव, प्रीतम जोशी, कमलेश डडसेना, राजकुमार अग्रवाल ,बद्री प्रसाद दुबे उपस्थित थे।

**नशा ने गांव से लेकर शहर को किया बर्बाद**

# पत्थलगांव पुलिस ने चलित थाना लगा लोगों की समस्याएं सुनीं

पायनियर संवाददाता ◄ पत्थलगांव
www.dailypioneer.com




पुलिस अधीक्षक जशपुर के द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देने हेतु ग्रामों में चलित थाना लगाने एवं नशा मुक्ति अभियान के तहत आमजन को शराब से होने वाली हानियों की जानकारी देकर नशा न करने की समझाईश देने एवं नशा मुक्ति जागरूकता हेतु अभियान चलाने के निर्देश दिए गए है। इसी क्रम में पत्थलगांव पुलिस के द्वारा ग्राम गाला में चलित थाना का आयोजन कर ग्रामीणों को साईबर क्राईम, नशा मुक्ति, चिटफंड कंपनी, फोन द्वारा ठगी, यातायात नियमों, घरेलू हिंसा, टोनही प्रताड़ना अधिनियम की जानकारी देते हुए सोशल मिडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट न करने की समझाईश दी गई। चलित थाना के दौरान ग्रामीणों से पत्थलगांव थाना प्रभारी मल्लिका बनर्जी ने उनकी समस्याओं व शिकायत के संबंध में जानकारी लेते हुए उसका उचित निराकरण किया। इस दौरान उपस्थित पुलिसकर्मियों ने नशा मुक्ति अभियान के तहत ग्रामीणजन को नशा न करने, नशा से होने वाले हानियों की जानकारी देते हुए शराब बनाने एवं बेचने वालों की सूचना देने हेतु कहा। उपस्थित यातायात प्रभारी मनोज साहू ने लोगों को दुपहिया वाहन चलाने के दौरान हेलमेट लगाने, कार चलाने के दौरान सीट बेल्ट बांधने, शराब पीकर वाहन न चलाने, बिना ड्राइविंग लाइसेंस एवं बिना बीमा वाहन न चलाने, नियमों की जानकारी दी। इसके साथ ही वाहन चालकों को अपने वाहनों को निर्धारित स्थल पर खड़ा करने कहा। इस दौरान नियम तोड़ने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा चालानी कार्रवाई किये जाने की बात कही। इस मोके पर थाना प्रभारी मल्लिका बनर्जी ,यातायात प्रभारी सहायक उप निरीक्षक मनोज साहू ,सहायक उपनिरीक्षक जयसिंह मिर्रे, जनप्रतिनिधि अजय राजपूत समेत ग्राम की सरपंच एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थी।

## मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत आवेदन पत्र होंगे स्वीकार

**बेमेतरा।** मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत स्वयं के रोजगार स्थापना के इच्छुक युवाओं से आवेदन पत्र स्वीकार किये जायगें। इस योजना के लिए छत्तीसगढ़ निवासी न्यूनतम कक्षा 8 वीं उत्तीर्ण युवा पात्र होगा। इस योजना में उद्योग स्थापना हेतु 25 लाख अधिकतम, सेवा कार्य हेतु 10 लाख अधिकतम एवं व्यवसाय हेतु अधिकतम 2 लाख रूपये का ऋण बैंक के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन हेतु जाति प्रमाण पत्र, निवासी प्रमाण पत्र, आय संबंधी शपथ पत्र, परियोजना प्रतिवेदन, अंकसूची, भूमि संबंधी दस्तावेज एवं फोटो सहित संयुक्त जिला कार्यालय बेमेतरा के कक्ष क्रमांक 83 में संचालित जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, बेमेतरा में आवेदन जमा कर सकते हैं।

# योग आनंदम के अध्यक्ष ने शंकराचार्य में सिखाया योग



**रायपुर।** अंतराष्ट्रीय योगा दिवस के उपलक्ष्य में शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, रायपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर और गोद ग्राम पलोद, रायपुर में योग आनंदम संस्थान के अध्यक्ष सिन्हा एवम तेशु गौरव सिंह योगाचार्य के नेतृत्व में योग का कार्यक्रम कराया गया। यह कार्यक्रम के प्रथम सत्र प्रातः स 9 बजे से 11 बजे तक महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में तकरीबन 140 छात्रों एवम छात्राओं के साथ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार जैन, महाविद्यालय के टीचिंग, नॉन टीचिंग स्टाफ ने योगाभ्यास में अपनी सक्रिय सहभागिता प्रदान किए। इसके पश्चात 11:30 बजे से 1:30 बजे तक गोद ग्राम पलोद के प्राथमिक शाला, पूर्व प्राथमिक शाला के तकरीबन 110 छात्र छात्राओं ,प्रधानाचार्य, प्रधानपाठक, समस्त शिक्षक गण, पंचायत के कर्मचारीगण, मितानिन समिति के सदस्य, पंचगणों ने अपनी हिस्सेदारी देकर, आठवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाया।

इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी आनंद ताम्रकार सहित 45 स्वयंसेवकों ने अपना सहयोग दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संस्था के चेयरमैन (बी.जी) निशांत त्रिपाठी ने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई,समस्त स्वायसेवको को बधाई प्रेषित किए।

संपादकीय

## बेरोजगारी का संकट भड़की भावनाएं

**काफी** लंबे समय से व्याप्त गंभीर बेरोजगारी संकट के कारण अग्निपथ योजना के खिलाफ लोगों की भावनायें भड़क गईं। अग्निपथ योजना के खिलाफ पैदा आंदोलन में यदि एकमात्र नहीं तो मुख्य कारण चारों ओर व्याप्त भयानक बेरोजगारी है जो खासकर कम कुशल लोगों में अधिक है। इसे समझने के लिए अर्थशास्त्री होना जरूरी नहीं है। नरेन्द्र मोदी सरकार और उसके समर्थक भले ही इसकी सारी जिम्मेदारी कोविड वैश्विक महामारी पर डाल दें, पर सच्चाई यह है कि नोवेल कोरोनावायरस के भारत में आने से पहले ही स्थिति काफी खराब थी। श्रम मंत्रालय द्वारा मई, 2019 में जारी डेटा के अनुसार देश में बेरोजगारी दर 2017-18 में 6.1 प्रतिशत थी जो पिछले 45 साल में सर्वाधिक थी। जहां शहरों में सभी रोजगार योग्य नौजवानों में 7.8 प्रतिशत बिना रोजगार के हैं, वहीं गांवों में इनकी संख्या 5.3 प्रतिशत है। वैश्विक महामारी ने खासकर उन लोगों की स्थिति और खराब कर दी है जो पिरामिड में सबसे नीचे हैं। सौभाग्य से कुछ सुधार दर्ज किया गया है। सांख्यिकी व कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा पिछले सप्ताह जारी तिमाही श्रम शक्ति सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार शहरी भारत में बेरोजगारी दर इस वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में लगातार चौथी तिमाही गिरी है। यह अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 8.7 प्रतिशत से घट कर 8.2 प्रतिशत हो गई। जुलाई-सितंबर की तिमाही में यह 9.8 प्रतिशत तथा अप्रैल-जून तिमाही में 12.6 प्रतिशत थी। यह गिरावट स्पष्ट थी तथा पूरे वित्त वर्ष बनी रही। गैर-सरकारी स्त्रोत संभवतः आधिकारिक दावों की पुष्टि करते हैं, भले ही वे आंकड़ों से पूर्णतः सहमत न हों।


अक्सर सरकार के प्रति आलोचनात्मक दृष्टिकोण से डेटा व विश्लेषण पेश करने वाले सेंटर फार मानीटरिंग इंडियन इकोनोमी ने अप्रैल के पहले सप्ताह में कहा कि फरवरी 2022 में बेरोजगारी दर 8.1 से घट कर मार्च में 7.6 प्रतिशत रह गई। विनिर्माण पर फिक्की के तिमाही सर्वेक्षण ने भी रोजगार बाजार में उछाल के संकेत मिलते हैं। सोमवार को जारी सर्वेक्षण में कहा गया, '2020-21 की तीसरी तिमाही की तुलना में इस क्षेत्र में रोजगार सृजन की स्थिति में सुधार हुआ है, जहां अगले पांच महीने में प्रतीक्षा करने वाले लगभग 25 प्रतिशत लोग होंगे। इस प्रतिशत में काफी सुधार हुआ है क्योंकि 2022-23 की पहली तिमाही में रोजगार की प्रतीक्षा करने 53 प्रतिशत थे। अगले तीन महीने में अतिरिक्त कार्यबल की भर्ती होगी।' लेकिन बेरोजगारी का संकट इतना गंभीर है कि दर्ज किए सुधार नगण्य हैं और इस पर कोई बड़ा प्रभाव छोड़ने में अक्षम हैं। ऐसे में कोई आश्चर्य नहीं कि कार्यकाल की सुरक्षा तथा सामाजिक सुरक्षा लाभ, आदि के साथ सरकारी नौकरी को वरदान माना जाता है। इसके साथ ही इसे हटाना या हटाने की आशंका धोखे के सिवा और कुछ नहीं लगती है। यह ऐसे में और बड़ा धोखा लगती है जब अन्य स्थानों पर रोजगार का गंभीर संकट हो। अग्निपथ योजना के खिलाफ आंदोलन में इसी दर्द की अभिव्यक्ति हुई है जो कई जगह हिंसक हो गया। जहां आंदोलन समाप्त कराने के लिए अल्पकालीन व मध्यकालीन उपायों की जरूरत है, वहीं बेरोजगारी के लंबे समय से जारी मुद्दे से निपटने के लिए दीर्घकालीन कदमों की आवश्यकता भी होगी। आर्थिक बहाली के समय देश में आंदोलन अत्यधिक हानिकारक हो सकते हैं।

# डब्लूटीओ में भारत की सफल रणनीति

विश्व व्यापार संगठन में जहां विकसित देश लाभ की स्थिति में थे, भारत अपने हितों को ज्यादा नुकसान होने से बचाने में सफल रहा।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)




**विश्व** व्यापार संगठन-डब्लूटीओ में सारे निर्णय सहमति से लिए जाते हैं तथा हर सदस्य देश का स्वर समान होता है, लेकिन जब वास्तविक वार्ता का समय आता है तो भयानक असमानतायें देखने को मिलती हैं। विकसित देशों का प्रभाव बहुत अधिक है जिनमें अमेरिका, यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, आदि शामिल हैं। वे बैठकों का एजेंडा तय करते हैं तथा विकासशील देशों से अपनी इच्छानुसार चीजें मनवा लेते हैं। हाल ही में जेनेवा में डब्लूटीओ के मुख्यालय में समाप्त व 12-17 जून तक चला 12वां मत्रिस्तरीय सम्मलेन-एमसी12 मोटेतौर से अतीत की इस परंपरा पर ही चला। भारत के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण क्षेत्र 'खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम के लिए सार्वजनिक स्टाकहोल्डिंग-पीएसएच का स्थाई समाधान' था। इस कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी पर गेंहू, चावल-धान व मोटे अनाज जैसे कृषि उत्पाद खरीदता है तथा उनको भारत के गरीबों व संकटग्रस्त जनसंख्या में 1,2,3 रुपये प्रति किलो की संस्ती कीमत पर वितरित करता है।

एमएसपी के साथ ही हैंडलिंग, भंडारण व वितरण पर होने वाला बिक्री मूल्य से अधिक अतिरिक्त खर्च का भुगतान सब्सिडी के रूप में केन्द्र सरकार के बजट से होता है। इसमें किसानों को सब्सिडी शामिल है जो एमएसपी के अलावा होती है। डब्लूटीओ की शब्दावली में इसे एक्सटर्नल रेफरेंस प्राइस-ईआरपी कहा जाता है जिसका उदाहरण अंतरराष्ट्रीय कीमत की तुलना में धान का अधिक मूल्य है। दूसरा, इसमें खाद्य उपभोक्ता को दी जानी वाली सब्सिडी है जिसका भुगतान मूल्य ईआरपी से अधिक होता है, जैसे 3 रुपये किलो चावल। डब्लूटीओ का सरोकार 'उत्पाद विशिष्ट' कही जाने वाली सब्सिडी से है। उसे कृषि निवेश, जैसे उर्वरकों, बीज, सिंचाई, बिजली, आदि पर दी जाने वाली सब्सिडी की भी चिन्ता है जिसे 'गैर-उत्पाद विशिष्ट' सब्सिडी कहा जाता है। डब्लूटीओ के कृषि समझौते-एओए के अंतर्गत उत्पाद व गैर-उत्पाद विशिष्ट सब्सिडी के योग या समेकित समर्थन उपाय-एएमएस को विकासशील देशों के कृषि उत्पादन का 10 प्रतिशत रखा गया है। यदि कोई सदस्य देश 10 प्रतिशत से अधिक एएमएस देता है तो यह समझौते का उल्लंघन होगा।

वर्तमान समय में भारत को 2013 में बाली की नवीं मंत्रिस्तरीय बैठक में 'शांति धारा' के अंतर्गत संरक्षण प्राप्त था। इसके अनुसार, 'यदि कोई विकासशील देश 10 प्रतिशत से अधिक एएमएस देता है तो कोई सदस्य इसे 2017 तक चुनौती नहीं देगा, जब डब्लूटीओ इसके स्थाई समाधान पर गौर करेगा।' दिसंबर, 2014 में आयोजित आम सभा-जीसी में इस प्रतिबंध में परिवर्तन कर कहा गया 'शांति धारा उस समय तक बनी रहेगी, जब तक कोई स्थाई समाधान नहीं तलाशा जाता है।' लेकिन शांति धारा के साथ अनेक शर्तें जुड़ी हैं। इसके अंतर्गत खाद्यान्न खरीद, स्टाकहोल्डिंग, वितरण व सब्सिडी के डेटा देने होंगे।

इसमें यह भी निर्धारित है कि सब्सिडी से 'व्यापार विकृति' नहीं पैदा होनी चाहिए। इससे भारत संकटग्रस्त स्थिति में आ जाता है। यह इस बात से स्पष्ट है कि कुछ देशों ने वर्ष 2018-19 में शांति धारा लागू करने पर 'सुरक्षा उपायों' व 'पारदर्शिता' पर जोर दिया था। इस पृष्ठभूमि में भारत 'स्थाई समाधान' की प्रतीक्षा कर रहा था। उसने 'खाद्य सुरक्षा के लिए पीएसएच समर्थन से पूर्णतः अलग रखने' की मांग की थी। विकल्प के रूप में उसने एओए के अंतर्गत कमियों को दूर कर एएमएस गणना का नया फार्मूला तैयार करने का अनुरोध किया था। इन कमियों में-1. ईआरपी को 1986-88 के आधार पर तय करना, 2. संसाधनहीन किसानों को दी जाने वाली सहायता को सब्सिडी से बाहर रखना तथा 3. पीएसएच के अंतर्गत खरीद की मात्रा के बजाय पूरा उत्पाद शामिल करना थीं। इन कमियों से 'कृत्रिम' रूप से एएमएस बढ़ जाता था जिससे भारत की सब्सिडी 10 प्रतिशत की सीमा से ऊपर चली जाती थीं और इस प्रकार उसे डब्लूटीओ के प्रति दायित्वों का उल्लंघन माना जा सकता था।

भारत तथा अन्य विकासशील देशों के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण होने के बावजूद इस मुद्दे को चर्चा के लिए ही नहीं रखा गया और इसे अगली मंत्रिस्तरीय बैठक के लिए टाल दिया गया। इस बीच एमसी12 ने विश्व खाद्य कार्यक्रम-डब्लूएफपी के अंतर्गत दूसरे देशों में खाद्य सुरक्षा के लिए निर्यात नियंत्रण पर रोक लगाने के खिलाफ निर्णय दिया। भारत के लिए ऐसे में गरिमा की बात यह है कि वह 'घरेलू खाद्य सुरक्षा' के लिए निर्यात पर रोक लगा सकता है। भारत के लिए दूसरा महत्वपूर्ण मुद्दा बौद्धिक संपदा अधिकारों-ट्रिप्स के व्यापार संबंधी आयामों पर सभी कोविड-संबंधी चिकित्सकीय व निदान उपायों का अपवाद रखना था जिसमें वैक्सीनें शामिल हैं। इस पर एमसी12 ने एक 'अस्थाई' व 'सीमित' पेंटेट अपवाद को स्वीकार किया जिसका संबंध केवल कोविड-19 वैक्सीनों से है। इससे भारत को घरेलू आवयश्यकताओं तथा निर्यात के लिए बिना पेटेंट धारक की अनुमति लिए पेंटेट वैक्सीन बनाने का उत्पादन अधिकार देने की अनुमति मिल जाती है। वैश्विक महामारी कोविड के खिलाफ संघर्ष में सभी तीन महत्वपूर्ण आयामों-टेस्टिंग, ट्रैकिंग व ट्रीटमेंट को शामिल किया जाना चाहिए। इसके साथ ही वैक्सीनों, निदान व चिकित्सकीय वस्तुओं को सस्ती दरों पर उपलब्ध कराने की जरूरत है। लेकिन इन मुद्दों पर 'छः महीने में निर्णय लेने' की बात बेतुकी लगती है। वैक्सीनों के लिए पेटेंट रियायत की बात पर भी केवल पांच साल की समयसीमा रखना बहुत संकुचित है क्योंकि कोविड-19 अभी बना रहेगा तथा इसके अनेक नए स्वरूप जब तब सामने आते रहते हैं। यहां तक कि विश्व स्वास्थ्य संगठन-डब्लूटीओ भी लोगों को हर छः महीने पर वैश्विक महामारी लौटने की चेतावनी दी है।

जहां तक फिशरीज़ सब्सिडी के तीसरे मुद्दे का मामला है, इसका संबंध 'प्रदूषक द्वारा भुगतान' तथा 'साझा पर अलग अलग जिम्मेदारियां' सिद्धान्त से है। भारत ने प्रस्ताव किया है कि विकसित देश अगले 25 साल में अपनी सब्सिडी समाप्त करें तथा विकासशील देशों को 25 साल के भीतर ओवर-फिशिंग के लिए सब्सिडी देने पर रोक लगाएं। एमसी12 ने तय किया कि 'ईईजेड या आरएफएमओ क्षेत्रों के बाहर फिशिंग पर कोई सब्सिडी नहीं दी जाएगी। ये अंतर-सरकारी संगठन हैं और इनमें संरक्षण-प्रबंधन उपायों के विधिक पालन की क्षमता मौजूद है। इनका निर्धारण 1982 में समुद्री मामलों में संरा. कानून में निर्धारित था जिसका वर्णन 1995 के संरा. फिश स्टाक समझौते में भी किया गया था।' यह भी सहमति बनी कि अवैध, चोरी छिपे या अनियमिति फिशिंग पर नियंत्रण लगाया जाए तथा ओवरफिशिंग पर 'बहुत कठोर नियंत्रण' लगाए जांए। यह निर्णय लीक से हट कर है और इससे गहरे समुद्र में बड़े पक्षों द्वारा ओवरफिशिंग पर रोक लगनी चाहिए। लेकिन यदि सब्सिडी समाप्त करने तथा व्यवस्थायें लागू करने व निगरानी पर समयसीमा होती तो ज्यादा अच्छा होता। इन निर्णयों का हमारे ऊपर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा क्योंकि ये कटौतियां केवल आईयूयू फिशिंग तथा ईईजेड या आरएफएमओ के बाहर फिशिंग पर हैं और भारत ऐसी गतिविधियों में शामिल नहीं है।

चौथे मुद्दे का संबंध ई-कामर्स पर कस्टम ड्यूटी से है। विकसित देश 1998 से जारी इस व्यवस्था के प्रमुख लाभार्थी हैं। भारत इसे समाप्त करवाने के पक्ष में था क्योंकि इससे विकासशील देशों को अरबों डालर का नुकसान होता है। इसके बावजूद इस सीमा को एमसी13 या मार्च 2024 तक विस्तार देने का निर्णय हुआ। भारत इसका प्रयोग विकसित देशों से लेनदेन के लिए कर सकता था ताकि वे 'खाद्य सुरक्षा पर पीएसएच के स्थाई समाधान' के लिए तैयार हो जाएं। उल्लेखनीय है कि जेनेवा में 31 जुलाई, 2014 को डब्लूटीओ महासभा की बैठक में भारत ने जोर दिया था कि खाद्य सुरक्षा के लिए स्थाई समाधान तलाशा जाए तथा उसे 2014 के अंत में व्यापार सुविधा समझौता-टीएफआर समाप्त होने के पहले क्रियान्वित कर दिया जाए जो विकसित देशों के लिए दिलचस्पी का विषय है। लेकिन दिसंबर, 2014 में यह अवसर हाथ से जाने दिया गया। भारत ने इस बार भी डब्लूटीओ में यह मौका गंवा दिया है।

कुल मिला कर यह कहा जा सकता है कि एमसी12 में विकसित देश हमेशा की तरह लाभ की स्थिति में रहे, हालांकि भारत ने अपने हितों को नुकसान नहीं होने दिया। इसका श्रेय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में भारतीय टीम द्वारा वार्ता में शानदार दृष्टिकोण अपनाना था।

# अग्निपथ को अधिक स्वीकार्य बनाने के उपाय



**वी.के. बहुगुणा**
(लेखक सेंटर फार रिसोर्स मैनेजमेंट एंड इन्वायरमेंट के अध्यक्ष हैं)

**स**रकार कुछ वर्षों के लिए सीधे तकनीकी विंग में 50 प्रतिशत पदों की पेशकश कर सकती है, डीए, ग्रेच्युटी और बीमा कवर बढ़ा सकती है। सेना, वायु सेना और नौसेना के तीनों अंगों में युवाओं की भर्ती के लिए सरकार की हाल ही में घोषित अग्निपथ योजना को देश के कई हिस्सों में हिंसक आंदोलन का सामना करना पड़ा है। यह योजना, 'टूर आफ ड्यूटी', आमतौर पर सैनिकों द्वारा युद्ध में या शत्रुतापूर्ण वातावरण में बिताई गई अवधि है। यह योजना देशभक्त और प्रेरित युवाओं को रक्षा बलों की सेवा करने का अवसर प्रदान करती है। कई देश अपने युवाओं को सेना में कुछ वर्षों तक सेवा करने का अवसर देते हैं जिससे उनमें देशभक्ति की भावना पैदा होती है। यह आपातकाल के समय आरक्षित लड़ाके भी तैयार करता है।

भारत में, सरकार शॉर्ट-सर्विस कमीशन के जरिए कमीशन अधिकारियों के रूप में चार साल के विस्तार के विकल्प के साथ 10 साल की सेवा की अनुमति देती है। पहले -1948, 1962 और 1965 के दौरान-आपातकालीन आयोग के तहत कमी को पूरा करने के लिए अधिकारियों की भर्ती की जाती थी। अग्निपथ योजना गैर-अधिकारी संवर्ग के लिए वैसी ही योजना है, इस अंतर के साथ कि यह तीन भारतीय रक्षा बलों में प्रवेश करने का एकमात्र तरीका होगा। यदि योग्यता और पारदर्शिता के आधार पर इसे ठीक से लागू किया जाता है, तो यह रक्षा बलों के आधुनिकीकरण के लिए स्वतंत्रता के बाद सरकार द्वारा उठाए गए सबसे दूरगामी क्रांतिकारी कदमों में से एक होगा।

यह योजना भारतीय सेना को युवा बनाएगी। सैनिकों की औसत आयु, जो अभी 32 वर्ष है, नियत समय में घटाकर 26 वर्ष कर दी जाएगी। यह अन्य खर्चों को भी कम करेगा जिन्हें आधुनिकीकरण के लिए मोड़ा जा सकता है और उन्हें आधुनिक युद्धों से लड़ने के लिए तकनीकी रूप से सुसज्जित किया जा सकता है, जबकि युवाओं को थोड़े समय के लिए सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। सवाल यह है कि इस योजना का




राजनीतिकरण क्यों किया गया है? हिंसा और आगजनी में शामिल कई युवकों के साथ युवा सड़कों पर उतर आए हैं। असहमति व्यक्त करने के लिए संस्थान और मंच मौजूद हैं लेकिन हाल के दिनों में गुंडागर्दी और सड़क जाम होना आम बात हो गई है। ज्यादातर समय, इस तरह की हलचलों को बाहरी और साथ ही आंतरिक राष्ट्र-विरोधी ताकतों ने अपने कब्जे में ले लिया है। इस तरह के विरोध प्रदर्शन से लोगों को काफी परेशानी होती है। सरकार कुछ हद तक इस दोष के लिए साझीदार मानी जानी चाहिए। कोई योजना कितनी भी अच्छी हो, उसे हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद ही शुरू किया जाना चाहिए। खासकर किसान आंदोलन के अनुभव के बाद किसी ने सोचा होगा कि सरकार यह सबक सीखेगी, अच्छे कानूनों को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को वापस लेना पड़ा। अग्निपथ योजना के लिए रक्षा मंत्रालय को सार्वजनिक टिप्पणियों को आमंत्रित करना चाहिए था और फिर सरकार के बजाय इसकी घोषणा करनी चाहिए थी कि अब केंद्रीय पुलिस संगठनों में 10 प्रतिशत रिक्तियां अग्निपथ के लिए आरक्षित होंगी और ऊपरी आयु को बढ़ाकर 23 कर दिया जाएगा। निराश नेताओं द्वारा समर्थित कुछ असामाजिक तत्व ऐसे अवसरों को भुनाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं, क्योंकि वे जानते हैं कि वे वापस लेने के लिए मजबूर कर सकते हैं और पुलिस आगजनी व हिंसा में लिप्त होने पर भी कड़ी कार्रवाई नहीं कर सकती है। संसाधन प्रबंधन के छात्र के रूप में, यह लेखक प्रधान मंत्री और रक्षा मंत्री को सुझाव देना चाहता है कि अग्निपथ की अवधारणा निश्चित रूप से एक क्रांतिकारी अवधारणा है जिसे क्रमिक रूप से पेश करने की आवश्यकता है। हमें अपनी सामाजिक-आर्थिक स्थितियों के बारे में भी जागरूक होना चाहिए। इसके अलावा, युवाओं के सैन्यीकरण की संभावना है। कुछ विचार कठिन प्रश्न की ओर जाने चाहिएः क्या होगा, यदि चार साल के सैन्य प्रशिक्षण वाले युवाओं की ऊर्जा को सेना से लौटने के बाद सावधानी से नहीं लगाया जाता है। जब तक अग्निपथ की प्रभावशीलता सुनिश्चित नहीं हो जाती, तब तक सरकार को तकनीकी विंग में कम से कम 50 प्रतिशत पदों को कुछ वर्षों तक सीधे नियमित आधार पर भरना जारी रखना चाहिए। दूसरा, नेपाल के गोरखाओं के लिए कोई प्रावधान नहीं है जो भारतीय सेना का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और जो भारत-नेपाल संबंधों का एक चमकदार उदाहरण हैं।

तीसरा, रेजीमेंटों के जाति, धर्म और क्षेत्रवार गठन को नहीं छोड़ना चाहिए क्योंकि यह एक बड़ा प्रेरक कारक रहा है। चौथा, बिना किसी पेंशन दायित्व के अग्निशामकों के लिए चार साल के विस्तार का प्रावधान करना संभव बनाना चाहिए। पांचवां, सरकार को अपने मासिक योगदान को उचित रूप से बढ़ाना चाहिए, महंगाई भत्ते की अनुमति देनी चाहिए और जो वादा किया गया है उसके अलावा 10 लाख की ग्रेच्युटी देनी चाहिए। छठा, युवा अग्निवीर के लिए 44 लाख रुपये का बीमा कवर कम है। यह कम से कम एक करोड़ रुपये होना चाहिए।

अंत में, मगर महत्वपूर्ण यह कि राजनीतिक नेताओं और नौकरशाही द्वारा मौखिक व कार्यकारी निर्देशों की अवहेलना की जाती है। इसलिए, पुलिस और अन्य वर्दीधारी सेवाओं में, केंद्र के साथ-साथ राज्यों व निजी क्षेत्र में भी कुछ प्रतिशत पदों को संसद के एक अधिनियम द्वारा पात्र अग्निशामकों के लिए आरक्षित किया जाना चाहिए। यदि इन सुझावों पर विचार किया जाता है, तो यह योजना भारतीय रक्षा बलों के भविष्य के साथ-साथ हमारे युवाओं की मानसिकता को भी बदल सकती है।

## फरमाया



**पिछले** साल बांग्लादेश से हमारे संबंध उच्च स्तर पर पहुंचे हैं।
**– एस. जयशंकर**
विदेश मंत्री



**हमारा** लक्ष्य यह तय करना है कि समय यूक्रेन के पक्ष में रहे।
**– बोरिस जान्सन**
ब्रिटिश प्रधानमंत्री



**मुझसे** पूछा गया था कि क्या सहमति बनने पर मैं राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनूंगा।
**– गोपाल कृष्ण गांधी**
महात्मा गांधी के प्रपौत्र

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## स्वस्थ जीवन का आधार

**योग** भारत देश की प्राचीन परंपरा है। इसे सारी दुनिया मे लोकप्रिय बनाने के संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाए जाने का प्रस्ताव पारित किया था। देश के प्रधानमंत्री स्वयं हर वर्ष योगदिवस पर योग समारोह में योग करते है। इसके अलावा मोदी जी की दिनचर्या का अंग है योगाभ्यास। इसी का कमाल है कि वे 18 घण्टे दिन-रात राष्ट्र सेवा में आठ वर्षो से बिना छुट्टी के लगे है। योग को एकांत स्थान में करना चाहिये। सड़कों, गलियारों, पार्कों और सार्वजनिक स्थल पर लोगों को दिखाने के लिये नहीं करना चाहिये। इसका लाभ निरोगी काया के रूप में मिलेगा। अच्छा होगा सरकार यदि बच्चों को प्राथमिक विद्यालयों से ही योगाभ्यास कराने की व्यवस्था करे। ये बच्चे आगे चलकर देश के स्वस्थ नागरिक बनकर भारत के विकास में अपना योगदान देंगे। आत्मनिर्भर और शक्तिशाली देश के लिये स्वस्थ नागरिकों की जरूरत है। जो योग के नियमित अभ्यास से मिल सकते है। योग एक विज्ञान है। इसका अभ्यास बच्चे,बूढ़े और जवान सभी कर सकते है। हम सभी लोग खुशहाल और स्वस्थ जीवन योग से प्राप्त कर सकते हैं।

**– कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, उन्नाव

## राष्ट्रपति चुनाव

**भारत** के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का कार्यकाल 24 जुलाई को खत्म हो रहा है और संविधान के अनुसार, नए राष्ट्रपति का चुनाव उससे पहले पूरा हो जाना चाहिए। राष्ट्रपति की महत्वपूर्ण भूमिका के मद्देनजर, राष्ट्रपति चुनाव के संभावित उम्मीदवार पर सरकार और विपक्षी दलों में गहमागहमी तेज हो गई है। एक तरफ जहां भाजपा ने पार्टी प्रमुख जेपी नड्डा और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को राजनातिक दलों और निर्दलीय सांसदों के साथ बातचीत के लिए अधिकृत किया है तो वहीं विपक्ष भी आपस में बातचीत कर रहा है। 15 जून को ममता बैनर्जी ने दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में सभी प्रोग्रेसिव विपक्षी शक्तियों की बैठक बुलाई थी लेकिन विपक्ष में बिखराव, एकता की कमी, किसी विषय पर आपस में लीड लेने की होड़ में, कई मानकों में प्रधानमंत्री मोदी और बीजेपी की मजूबत स्थिति को दशार्ती है। ऐसे वक्त में, जब राष्ट्रपति चुनाव नजदीक हैं व भाजपा दिन-प्रतिदिन मजबूत होती जा रही है तब तो यह मौका विपक्षी दलों के लिए खास है आपस में बात करने और भारतीय राजनीति के भविष्य के रास्ते को तय करने की जरूरत है, लेकिन विपक्ष की स्थिति मुश्किल ही है।

**– निधि जैन**, गाजियाबाद

## परम्परागत भारतीय भोजन

**भारत** बहुत तेज़ी से ताजे भोजन की त्याग डिब्बेबन्द भोजन की ओर अग्रसर है। अमरीका में गरीब वर्ग मैक्डॉनल्ड केएफसी का खाना खाता है। अमरीका के रईस धनाढ्य करोड़पति लोग ताज़ी सब्जियां उबाल कर खाते हैं, ताज़े गुंधे आटे की गर्मा गर्म रोटी खाना बहुत बड़ी विलासिता है। ताज़े फलों और सब्जियों का सलाद वहां पैसे वालों को नसीब होता है ताजी हरी पत्तेदार सब्जियां अमीर लोग ही खा पाते हैं। गरीब जनता पैकिज फूड खाती है। आजकल भारतीय शहरों के नव धनाढ्य लोग अपने बच्चों का जन्मदिन मैक्डॉनल्ड में मनाते हैं। भारत का गरीब से गरीब आदमी भी ताजी सब्जी, ताजी उबली हुई दाल भात खाता है । ताजा खीरा ककड़ी खाता है। ताज़ा भोजन समय के साथ महंगा सस्ता होता रहता है। आवश्यकता इस बात की है कि हम पश्चिम की अंधी नकल छोड़ कर परंपरागत व ताजे भोजन की भारतीय परंपरा को समृद्ध बनाएं। भारत के सभी क्षेत्रों का परंपरागत भोजन सभी आवश्यक तत्वों से भरपूर होता है और हमें समुचित पोषण देता है।

**– परमवीर 'केसरी'**, मेरठ

# निगम की बड़ी कार्रवाई, लक्ष्मी मार्केट सब्जी बाजार जहां में अतिक्रमण को हटाकर 4 फीट सड़क को मुक्त कराया

## नाली सफाई के लिए समस्या थी, नालियों से अतिक्रमण हटाकर हुई सफाई, फिर निकली भिलाई निगम की जेसीबी





पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अतिक्रमण हटाओ अभियान ने जोर पकड़ लिया है। प्रतिदिन भिलाई निगम क्षेत्र में अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने अवैध अतिक्रमण, अवैध कब्जे, अवैध प्लाटिंग पर लगाम लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हुए हैं। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी के नेतृत्व में जोन की टीम कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में आज सुपेला के लक्ष्मी मार्केट में बड़ी कार्यवाही की गई, दो जेसीबी और दो डंपर की मदद से लक्ष्मी मार्केट से नालियों के ऊपर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। आसपास के लोगों ने बताया कि नालियों में अतिक्रमण की वजह से इसी अतिक्रमण स्थल पर सब्जी आदि विक्रय का काम किया जाता था, इसके चलते सड़क की चौड़ाई लोगों को आने जाने के लिए कम मिलती थी, जिससे विक्रेताओं को आने, जाने में काफी परेशानियां होती थी, वही बाजार में भीड़ भी अधिक हो जाती थी। केवल 4 फीट जगह ही आने जाने के लिए मिलता था। इसलिए नालियों से अतिक्रमण को हटाकर नाली की सफाई आज कराई गई। जेसीबी ने लक्ष्मी मार्केट से सभी नालियों से अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की।

इस दौरान उप अभियंता श्वेता वर्मा, सहायक राजस्व अधिकारी परमेश्वर चंद्राकर एवं स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना एवं स्वच्छता विभाग के कमलेश द्विवेदी सहित अन्य मौजूद रहे। सुपेला संडे मार्केट के बाद लक्ष्मी मार्केट जहां पर सब्जी, मांस, मटन विक्रय एवं मसाला आदि का विक्रय किया जाता है यहां लंबे अरसे से नाली से अतिक्रमण कर लिया गया था, हालांकि निगम ने तीन दफा इस बाजार पर अतिक्रमण को लेकर कार्रवाई की है। लेकिन कुछ समय से फिर से अतिक्रमण के कारण स्वच्छता कर्मचारियों को नाली की सफाई में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था वही बारिश के दिनों में नाली से प्रवाह अवरुद्ध हो रहा था, बाजार में खरीदी के लिए आने वाले लोगों को खरीदारी के लिए जगह नहीं मिल पाती थी, हादसों से भी इनकार नहीं किया जा सकता था इन सभी कारणों से आज लक्ष्मी मार्केट के पूरे इलाके में नालियों से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को अंजाम दिया गया है।

# निरंतर योगाभ्यास करने से मिलती है शारीरिक एवं मानसिक रोग से मुक्ति : मंत्री अनिला

## गंगा मैया मंदिर प्रांगण मे आयोजित हुआ जिला स्तरीय योग अभ्यास कार्यक्रम, जिले के विभिन्न स्थानों पर भी किया गया योगाभ्यास



पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ''मानवता के लिए योग'' थीम पर मंगलवार जिले के विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिला स्तरीय योग अभ्यास कार्यक्रम जिला मुख्यालय बालोद के समीप ग्राम झलमला में स्थित गंगा मैया मंदिर के प्रांगण में आयोजित हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री अनिला भेड़िया शामिल हुई। इस अवसर पर मंत्री भेड़िया ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए जिले के नागरिकों को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने जिला स्तरीय योग कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति में आदि काल से चली आ रही है। योग सभी के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि योग करने, ध्यान लगाने तथा निरंतर योगाभ्यास करने से शारीरिक एवं मानसिक रोग से मुक्ति मिलती है। शरीर और मन स्वस्थ रहता है। उन्होंने योग को अपने दिनचर्या में शामिल करने की अपील की है। संजारी-बालोद विधायक संगीता सिन्हा और कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने भी अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास में शामिल हुए। उन्होंने भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जनपद पंचायत बालोद की अध्यक्ष प्रेमलता साहू, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, सरपंच ग्राम पंचायत झलमला सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं आदि मौजूद थे।

# गंगा मैया मंदिर प्रांगण में जिला स्तरीय योग का शुभारंभ




पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री अनिला भेंड़िया की उपस्थिति में बालोद जिले के गंगा मैया मंदिर प्रांगण में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा, कलेक्टर जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव सहित अधिकारीगण, गणमान्य नागरिक और स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# ग्राम बोरी में नया पोल तथा ग्राम मेढकी और बघमरा में विद्युत आपूर्ति समस्या का किया गया तत्काल निराकरण

**बालोद।** ग्राम बोरी में नया पोल तथा ग्राम मेढकी और बघमरा में विद्युत आपूर्ति की समस्या का तत्काल निराकरण किया गया। विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि ग्राम बोरी (खपरी) में खेत से गुजरे तार की ऊंचाई नया पोल लगाकर बढ़ा दी गई है, जिससे शॉट सर्किट होने की संभावना दूर हुई और किसी भी प्रकार के खतरे होने से निजात मिला। उन्होने बताया कि ग्राम मेढ़की व बघमरा में पूर्व से विद्यमान ट्रांसफॉर्मर में गर्मी सीजन के कारण एक फेस में लोड ज्यादा बढ़ने से बार-बार फ्यूज उड़ जा रहा था। जिसे तकनीकी परीक्षण करके विद्यमान निम्न दाब लाईन के तीनों फेसों में लोड बैलेसिंग करने पर ट्रांसफॉर्मर से फ्यूज उड़ना बंद हुआ एवं ट्रांसफॉर्मर के खराब कट आउट को भी बदली कराया गया। जिससे बार-बार सप्लाई बंद होने की समस्या से निजात मिला। उन्होने बताया कि उक्त ग्राम के ग्रामीणों द्वारा बालोद सबस्टेशन से 11 केव्ही लाईन जोड़ने की मांग किया गया था। चूंकि रेल्वे क्रासिंग केबल होने के कारण बालोद सबस्टेशन से जोड़ना संभव नहीं है। वर्तमान में सांकरा सबस्टेशन से 11 केव्ही लाईन के माध्यम से विद्युत आपूर्ति किया जा रहा है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर महापौर पाल एवं आयुक्त सहित पार्षद एवं निगम के अधिकारी/कर्मचारियों ने सीखें योग के गुर





पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

सत विजय ऑडिटोरियम सेक्टर 5 में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे, जिला अध्यक्ष भिलाई शहर कांग्रेस कमेटी मुकेश चंद्राकर सहित महापौर परिषद के सदस्य एवं निगम के अधिकारी/कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। प्रशिक्षित योग गुरु के माध्यम से सभी ने प्रार्थना से योग की शुरुआत की और विभिन्न मुद्राओं में योग किया। महापौर ने भिलाई वासियों को योग दिवस पर बधाई और शुभकामनाएं दी तथा योग को नियमित दिनचर्या में अपनाने की अपील भी की। महापौर ने कहा कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है और मन की एकाग्रता बढ़ती है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक ऊर्जा को भी बल देती है। योग से जुड़कर हम जीवन में रोग को दूर भगा सकते हैं। भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने कहा कि योग सिर्फ कसरत नहीं है बल्कि यह एक ऊर्जा के रूप में काम करता है, योग को अपनाकर सेहतमंद और बीमारियों से बचा जा सकता है। ऑक्सीजन लेवल बनाए रखने के लिए भी योग एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने कहा कि योग हमारी परंपरा से जुड़ी हुई है यदि हम सब नियमित रूप से योग करें तो तन भी स्वस्थ रहेगा और मन भी स्वस्थ रहेगा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा आएगी। योग दिवस के अवसर पर महापौर परिषद के सदस्य सीजू एंथोनी, लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, लालचंद वर्मा, चंद्रशेखर गवई, नेहा साहू, मालती ठाकुर एवं अन्य पार्षद गण सहित गणमान्य नागरिक तथा जोन आयुक्त एवं निगम के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। इससे पूर्व महापौर नीरज पाल ने योग प्रशिक्षक को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिवादन किया वही निगम आयुक्त ने भी कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महापौर को स्मृति चिन्ह भेट किया।

# केन्द्र के निशाने पर पहले किसान थे और अब नौजवान : सोहेल बेग

पायनियर संवाददाता ◄ देवकर
www.dailypioneer.com



केन्द्र की सरकार ने हाल ही में एक तुगलकी फरमान जारी कर दिया है अग्निपथ के नाम से जिसमें। जिसमें देस भर के नवजवान और युवा पीढ़ी को निसाने रखा जा रहा है ? जिसे कहां जा रह है कि अब सेना में सेवा 62 साल तक नहीं 4 साल तक ही दे सकेंगे सेवा। मगर केन्द्र सरकार यह बताऐ की 4 साल के बाद क्या करेंगे देश के युवा जिस काले कानून के लिए देश भर में छात्र-हिंसा करने में उतर आऐ है। जिनमें मुख्य रूप से से बिहार, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, सहित कई राज्यों में छात्र रेल्वे स्टेशन, बस व सरकारी संपत्ति को क्षतिग्रस्त करने में लगे हैं? दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी अपनी तानाशाही व अपने असफलता को छुपाने को यह बोलने में लगी है कि कांग्रेस पार्टी देश के युवाओं से हिंसा करा रही हैं । मगर केन्द्र की सरकार व भारतीय जनता पार्टी के सारे लोग यह बतलाए की कोई भी युवा किसी भी राजनीतिक दल के कहने पर अपनी जान को जोखिम में नहीं डालेंगे । यह छात्र क्रांति है यह छात्र आवाज़ है इसे केन्द्र की सरकार नहीं दबा सकती लगातार केंद्र की सरकार पहले किसानों पर अत्याचार करी फिर तिन काले कानून लाकर जिसके लिए देश-भर के लाखों किसानो को सड़कों पर उतरकर लड़ाई-लड़ने में मजबूर हो गए थे जिसमें कई किसानों ने सरकार की ग़लत नितियों के चलते अपनी जान दे दी उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी बताऐ मोदी सरकार। इसी कड़ी में युवा कांग्रेस के पूर्व नगर उपाध्यक्ष सोहेल बेग ने भी छात्र आवाज़ को बुलंद करते हुए आवाहन किया है कि अगर केन्द्र सरकार इस तुगलकी फरमान को वापस नहीं लेगी तो छात्र रूकेंगी नहीं। केन्द्र के सरकार को छात्रों और युवाओं के आगे झुकना ही पड़ेगा और अपनी तुगलकी फरमान वापस लेना ही पड़ेगा।

# संघ ने पदोन्नति में 3 वर्ष रिलैक्सेशन देने रखी मांग




**थानखमरिया।** शालेय शिक्षक संघ ने जुलाई 2019 में संविलियन हुए सहायक शिक्षकों को 3 वर्ष रेलक्सेसन के तहत प्रमोशन देने की उठी माँग। पूर्व में कबीरधाम ,बेमेतरा व दुर्ग जिला में और दुर्ग संभाग में 01-04-2021 के वरिष्ठता सूची अनुसार 3 वर्ष रेलक्ससेसन तहत प्रधान पाठक के पदों पर सहायक शिक्षकों व शिक्षकों को पदोन्नत किया जा चुका है। चुकी राजपत्र दिनांक 5 मार्च 2019 के पदोन्नति नियमानुसार जुलाई में संविलियन हुए सहायक शिक्षक 01-अप्रैल-2022 की स्थिति 3 वर्ष रेलक्ससेसन के तहत पदोन्नति हेतु पात्र हो चुके है और राजपत्र दिनांक 31 दिसम्बर 2021 के अनुसार जुलाई 2019 में संविलियन हुए सहायक शिक्षक 3 वर्ष रेलक्ससेसन के तहत पदोन्नति हेतु पात्र हो चुके है। चूंकि अभी कोर्ट में स्टे लगने की वजह से प्रमोशन नही हो पाया है, आगामी समय मे जब भी पदोन्नति होगा तो जुलाई 2019 में संविलियन हुए सहायक शिक्षकों द्वारा उन्हें पदोन्नति देने व पदोन्नति प्रक्रिया में शामिल करने की मांग उठ रही है। इसीलिए जुलाई 2019 में संविलियन हुए सभी सहायक शिक्षकों ने शालेय शिक्षक संघ,जिला-कबीरधाम के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र चंद्रवंशी, प्रांतीय प्रवक्ता गजराज सिंह राजपूत एवं लोहारा ब्लॉक अध्यक्ष राकेश जोशी के माध्यम से जिलाशिक्षाधिकारी महोदय को जुलाई 2019 में संविलियन हुए सहायक शिक्षकों को पदोन्नति प्रस्ताव में शामिल कर व पदोन्नति प्रदान करने हेतु मांग किया गया व ज्ञापन सौंपा।

# हाईस्कूल मोखा के व्याख्याता निलंबित वही चार व्याख्ताओं को कारण बताओ नोटिस जारी

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले के विकासखंड गुरुर के शासकीय हाई स्कूल मोखा के व्याख्याता कैलाश कुमार साहू को छात्राओं से छेड़छाड़ के मामला में प्रथम दृष्टया जांच उपरांत दोषी पाए जाने पर लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ नवा रायपुर द्वारा आदेश जारी कर छग सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 09 उपनियम (1) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में श्री साहू का मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गुरूर निर्धारित किया गया है तथा निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जायेगा। जारी आदेश में कहा गया है कि कैलाश कुमार साहू, व्याख्याता (एलबी) शासकीय हाई स्कूल मोखा विखं गुरुर का उक्त कृत्य छ.ग.सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 03 के विपरीत है। साथ ही उक्त स्कूल के चार व्याख्ताओ एन के साहू प्रभारी प्राचार्य (मूल पद व्याख्याता एलबी), राधारमण वारदे व्याख्याता (एल बी), बसंत कुमार हिरवानी व्याख्याता (एलबी) और पवनरेखा मरकाम व्याख्याता (एलबी) को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इन्हे उक्त संबंध में अपना प्रतिवाद उत्तर 15 दिवस के भीतर जिला शिक्षा के माध्यम से अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस जिला स्तरीय कार्यक्रम में ग्रहमंत्री,विधायक, महापौर,कलेक्टर सहित बड़ी संख्या में लोगों ने किया योगाभ्यास

**दुर्ग।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर खालसा पब्लिक स्कूल में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष शालिनी सहित अन्य अधिकारीगण व जनप्रतिनिधियों ने योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में संभागायुक्त महादेव कांवरे, आईजी बद्रीनारायण मीणा, कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे, सीसीएफ बीपी सिंह, एसपी डा. अभिषेक पल्लव, अपर कलेक्टर अरविंद एक्का, जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन, राजेन्द्र साहू , एमआईसी सदस्य मनदीप सिंह भाटिया,पार्षद बिजेंद्र भारद्वाज,एल्डरमेन कृष्ण देवांगन,सहित सहित जिला प्रशासन अधिकारी व नगर पालिक निगम अधिकारी व कर्मचारी समेत नागरिक, छात्र-छात्राओं ने भी योगाभ्यास किया। इस अवसर पर गृहमंत्री साहू ने कहा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने योग दिवस के आयोजन के लिए विशेष रूप से निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से मन की एकाग्रता को बढ़ाने में मदद मिलती है योगिक क्रियाओं से शारीरिक संतुलन साधता है।विधायक वोरा ने कहा कि योग का मतलब सिर्फ शरीर का व्यायाम नहीं है, यह मन, बुद्धि और शरीर आदि का शुद्धिकरण है। प्राणायाम से अपनी सांस पर नियंत्रण कर सकते हैं। उन्होंने कहा अपने आप को परमात्मा से जोड़े। महापौर बाकलीवाल ने कहा योग हमारी प्राचीन भारतीय विरासत का एक हिस्सा है।

## योग के लिए हर इंसान प्रतिदिन 15 से 20 मिनट निकाले

# योग शरीर,मन और आत्मा को जोड़ता है : अवधेश सिंह चंदेल

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विश्व में योग की महत्ता से सभी को अवगत कराया है जिसके फलस्वरूप पूरा विश्व अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को एक उत्सव के रूप में मना रहा है।

इसी कड़ी में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर पंचायत बेरला के शा.पूर्व माध्यमिक शाला बेरला में भाजपा प्रदेशकार्यसमिति सदस्य व पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, भाजपा जनप्रतिनिधि, स्कूल स्टाफ व बच्चो के साथ योगाभ्यास किया। अवधेश चंदेल ने कहा योग के लिए कम से कम में 15 से 20 मिनट प्रतिदिन समय निकालें आज के जीवन मे इन्हें मुख्य स्थान दे ।जैसे जीने के लिए हवा जरूरी है, वैसे ही योग हमारे जीवन के लिए जरूरी है। आज के आधुनिक दौर में लोग काफी तनाव और डिप्रेशन में रहते है तनाव को मूल से दूर करने के लिए योग ही एकमात्र इलाज है यदि दिनभर में सिर्फ 15 से 20 मिनट भी योग के लिए दिए जाएं तो इससे शरीर और मन को अनगिनत लाभ पहुँचते है। योग शरीर, मन और आत्मा को जोड़ता है। योग मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है। योग करने से व्यक्ति के तनाव दूर हो जाते हैं। योग शरीर को बीमारियों से मुक्त रखता है। यहां तक कि योग कई प्रकार के बीमारियों का इलाज भी करता है।

प्राचीन भारतीय संस्कृति में योगा एक प्रमुख कला है, जिसकी मदद से हमारे पूर्वज स्वस्थ जीवन जिया करते थे। आज वर्तमान में हर व्यक्ति को योगा का महत्व समझना चाहिए ताकि वह अपने स्वस्थ शरीर के लिए योगा को अपने दिनचर्या में अपनाएं। इस अवसर पर पार्षद मानक चतुर्वेदी, दाऊलाल कुर्रे ,शिवझड़ी सिन्हा, लता वर्मा ,पार्षद प्रतिनिधि संतोष साहू, जित्तू जैन ,यतीश द्विवेदी, रोहित माहेश्वरी, बलराम यादव, राजू जायसवाल, लेखराम साहू योग शिक्षक वाशु शर्मा स्कूल स्टाफ सहित बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

# योग कर मन व शरीर को रखे निरोग : महापौर शशि

**रिसाली।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मंगलवार को नगर पालिक निगम रिसाली ने मैत्रीकुंज स्थित मंगल भवन में योग शिविर का आयोजन किया। शिविर में महापौर शशि सिन्हा ने कहा कि योग को उत्सवधर्मिता के रूप में बिल्कुल न ले। इसे अपने दैनिक दिनचर्या में शामिल करे। यह निरोग रहने का एक मात्र साधन है। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री जितेन्द्र साहू सह पत्नी विशेष रूप से उपस्थित थे। योग शिविर में सुबह 6:30 बजे आर्ट ऑफ लिविंग के मास्टर टेऊनर गुलाब जी को विशेष रूप से योगाभ्यास के लिए आमंत्रित गया था। उनके मार्ग दर्शन में सभापति केशव बंछोर, आयुक्त आशीष देवांगन, महापौर परिषद के सद्स्य सनीर साहू, चन्द्रभान सिंह ठाकुर, गोविन्द चतुर्वेदी, सोनिया देवांगन, ईश्वरी साहू, पार्षद डॉ. सीमा साहू, अनिल देशमुख, जमुना ठाकुर, रमा साहू, विधि यादव, गजेन्द्री कोठारी, ममता बाई सिन्हा समेत नागरिक व बड़ी संख्या में निगम के कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। शिविर का समापन सुबह 8 बजे हुआ।

**पौध भेंट कर स्वस्थ रहने की दी शुभकामनाएं:** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव जितेन्द्र सरिता साहू ने योग शिविर में पौध वितरण किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में स्वस्थ रहने के साथ-साथ पर्यावरण को हरा भरा रखने का संकल्प ले। मनुष्य की जिम्मेदारी अन्य प्राणियों से अधिक है।

## भाजपा नेत्री का पति पुलिस की गिरफ्त में

# फर्जी व कूटरचित मार्कशीट के सहारे इंजीनियर बने संतोष चौधरी को बालोद पुलिस ने किया गिरफ्तार धोखाधड़ी एवं कूटरचना का मामला दर्ज

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



फर्जी व कूटरचित मार्कशीट के सहारे इंजीनियर बने सन्तोष चौधरी को आखिरकार बालोद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैं। आरोपी बीते 5 सालों से पुलिस को चकमा दे रहा था। पुलिस से लुक छिपकर रह रहा था। बताया जा रहा है कि आरोपी संतोष चौधरी के द्वारा मई-जून 1991 में मध्यप्रदेश बोर्ड ऑफ टेक्निकल एजूकेशन भोपाल तृतीय वर्ष सिविल डिप्लोमा का फर्जी एवं कूट रचित मार्कशीट को बालोद नगर पालिका क्षेत्र में सरंचना इंजीनियर का प्रस्तुत कर अनुबंध प्राप्त कर नक्शा लोगो को बनाकर देता रहा और अवैध लाभ कमाता रहा। जिसकी शिकायत राजेश कुमार चोपड़ा ने 5 मई 2017 को तात्कालिक एसपी से की थी। बालोद पुलिस ने प्राप्त शिकायत की जांच की तो पाया कि आरोपी राजीव गांधी प्राघोगिक विश्वविद्यालय (भोपाल) से के सम्बंध में डिप्लोमा बाबत टेक्नीशियन सत्यापित प्रति प्राप्त किया गया। जिसमें फेल (अनूउतीर्ण) होना लेख हैं। जिसके बाद भी आरोपी संतोष चौधरी के द्वारा तकनीकी शिक्षा बोर्ड भोपाल द्वारा मई-जून 1991के अंतर्गत अंकसूची नम्बर 00237 सिविल इंजीनियरिंग पॉलिटेक्निक धमतरी का डिप्लोमा में फेल होना पाया गया।

मामले में आरोपी पर धोखाधड़ी एवं कुटरचना का मामला किया गया दर्ज। धारा420, 467, 468, 471 लगाई गई हैं। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया हैं। आपको बता दे कि आरोपी संतोष चौधरी वरिष्ठ भाजपा नेत्री एवं प्रदेश भाजपा के महिला मोर्चा में आमंत्रित सदस्य प्रतिभा चौधरी के पति है।

# रामा मैग्नेटो मॉल के चर्चित भूगोल बार का मैनेजर ड्रग्स के साथ पकड़ाया

पायनियर संवाददाता बिलासपुर
www.dailypioneer.com

छह साल पहले 7 नवंबर 2016 को शहर के एक युवक गौरांग बोबडे की संदिग्ध मौत की घटना से चर्चित हुए भूगोल बार के मैनेजर को पुलिस ने हाई प्रोफाइल ड्रग्स मौली(एम डी एम ए) के साथ गिरफ्तार किया है। यह ड्रग्स महानगरों में बड़े होटलों में आयोजित पार्टी में खपाई जाती रही है। अब आशंका जताई जा रही है कि इस तरह की ड्रग्स पार्टी बिलासपुर में भी होने लगी है। पुलिस गिरफ्तार मैनेजर से ऐसे रैकेट की जानकारी जुटा रही है। हाई प्रोफाइल घरों के लड़के लड़कियां बार में जाकर शराब के साथ ही अब ड्रग्स का सेवन करने लगी है और ड्रग्स उन्हें आसानी से मिल जाता है रेव पार्टी के बहाने ड्रग्स मुंह मांगी कीमत पर मिलने लगी है और बिलासपुर इससे अछूता नहीं रह गया है इसका उदाहरण भूगोल बार के मैनेजर की गिरफ्तारी है।

पुलिस की एंटी क्राइम एंड कंट्रोल यूनिट टीम और चकरभाठा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रामा मैग्नेटो माल में संचालित भूगोल बार का मैनेजर योगेश द्विवेदी उर्फ राम ड्रग्स



की बिक्री करता है। वह ड्रग्स लेकर चकरभाठा क्षेत्र में खपाने की फिराक में है। इसकी सूचना एस पी पारुल माथुर को दी गई। फिर टीम ने उनके निर्देश पर सोमवार को चकरभाठा पुलिस के साथ बजरंग पेट्रोल पंप के पास घेराबंदी कर बार के मैनेजर को पकड़ लिया। उसकी तलाशी लेने पर टीम ने उससे चार ग्राम मौली ड्रग्स बरामद किया। इसकी कीमत लगभग 5 हजार रुपए है।

उल्लेखनीय है इसी भूगोल बार में पार्टी के दौरान नवजवान पुलिस अफसरों से विवाद हो चुका है। टी आई हरविंदर सिंह ने बताया कि जब्त मादक पदार्थ मिथाइल एनिडियोक्सी मेथामफेटामाइन (एम डी एम ए) को आम तौर पर एक्सटसी या मौली के रूप में जाना जाता है। मौली एक मनो सक्रिय दवा है, जो मुख्य रूप से मनोरंजक उद्देश्यों के लिए उपयोग किया जाता है। उन्होंने बताया कि आमतौर पर इस ड्रग्स का इस्तेमाल ब? होटलों में आयोजित ड्रग्स पार्टी में किया जाता है। पुलिस बार में पहले भी छापेमारी कर चुकी है और अब भूगोल बार में ड्रग्स पार्टी का कनेक्शन जुटा रही है। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि भूगोल बार का मैनेजर व आरोपी योगेश द्विवेदी उर्फ राम मूलतः मध्यप्रदेश के रीवा जिले के पंडरा थाना चोरहटा का रहने वाला है। पुलिस उससे पूछताछ कर भूगोल बार में ड्रग्स पार्टी के संबंध में जानकारी जुटा रही है। हालांकि, अभी उससे इन ड्रग्स पार्टी से जुड़ी कोई जानकारी नहीं दी है। पुलिस बार मैनेजर योगेश द्विवेदी से पूछताछ कर ड्रग्स सप्लायर ओर खरीदारों की भी जानकारी जुटा रही है। साथ ही यह पता लगाया जा रहा है कि वह ड्रग्स कहां से लाता था और बिलासपुर में किसे बेचता था। ड्रग्स के साथ पकड़े गए मैनेजर के साथ पुलिस ने भूगोल बार के संचालक अंकित अग्रवाल को भी पकड़ा गया था। उस समय रात में दोनों रायपुर रोड के एक ढाबा में खाना खाने गए थे। पुलिस ने मैनेजर के साथ ही अंकित अग्रवाल को भी पकड़ा था, लेकिन उससे ड्रग्स बरामद नहीं होने के कारण उसे छोड़ दिया गया। चकरभाठा टी आई मनोज नायक का कहना है कि अभी बार संचालक को जांच के दायरे में रखा गया है। उसका कनेक्शन मिलने पर उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

### भूगोल बार में भी पुलिस ने ली तलाशी

भूगोल बार के मैनेजर के पकड़े जाने के बाद पुलिस भी हरकत में आ गई है। सोमवार को पुलिस की टीम इस कनेक्शन खंगालने के लिए भूगोल बार भी गई थी, जहां तलाशी लेने के साथ ही सी सी टी वी फुटेज भी देखा गया है। इसी आधार पर पुलिस इस ड्रग्स सप्लायर्स और पैडलर्स की जानकारी जुटा रही है।

### पुलिस अफसरों से हुआ था विवाद

इससे पहले भी भूगोल बार चर्चा में रहा है। 5-6 महीने पहले पुलिस अधिकारियों की पार्टी के दौरान भूगोल बार में विवाद हो गया था। यहां बाउंसरों ने महिला डीएसपी के पति के साथ विवाद कर दिया था। इस दौरान मारपीट भी हो गई थी और मामला थाने पहुंचा था। हालांकि, अब बीते कुछ माह से बार का संचालन अंकित अग्रवाल कर रहा है।

## स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल

**रायगढ़।** जिला शिक्षा अधिकारी एवं सदस्य सचिव स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम विद्यालय समिति, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला रायगढ़ अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम योजनान्तर्गत संचालित 9 विद्यालयों में शिक्षकीय एवं गैर शिक्षकीय रिक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति के माध्यम से भर्ती की जानी है, जिसके लिए 26 जून को शासकीय नटवर स्कूल रायगढ़ में पूर्वान्ह 11 बजे से वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से साक्षात्कार लिया जाएगा। उक्त भर्ती में केवल शासकीय व्याख्याताध्शिक्षकध्कर्मचारी ही साक्षात्कार में सम्मिलित होंगे। अंग्रेजी माध्यम में प्रतिनियुक्ति हेतु अंग्रेजी में अध्यापन में दक्षता होना अनिवार्य होगा। प्रतिनियुक्ति की सेवाएं 4 वर्ष की होगी। साक्षात्कार के अंकों के आधार पर चयन किया जाएगा। साक्षात्कार में अपनी सहमति के साथ-साथ वरिष्ठता सूची- संविलियन आदेश अथवा नवीन नियुक्ति आदेश की प्रति लाना अनिवार्य होगा। अन्य जिले के अभ्यर्थी आवेदन कर सकते है किन्तु उन्हें अपने जिला शिक्षा अधिकारी से अनापत्ति प्रमाण-पत्र लाना अनिवार्य होगा। जिले के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

# सड़क दुर्घटनाओं में घायलों के लिए देवदूत बना हाईवे पेट्रोलिंग वाहन



■ अब चलित कैंप लगाकर लोगों को कर रहे जागरूक

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले में यातायात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग ने पद्धार ग्रहण करते ही यातायात विभाग सड़क-सड़क दुर्घटनाओं की घटना में लगाम लगाने लगातार प्रयासरत है। जिसके तहत शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में पहुंचकर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। यातायात विभाग के जवान अब हाईवे पेट्रोलिंग के जरिए भी चलित कैंप लगाकर आम जन को आपकी सुरक्षा हमारा संकल्प मुहिम के जरिये जागरूक करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए यातायात विभाग के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग ने बताया कि पुलिस हेड क्वार्टर से प्राप्त 03 हाईवे पेट्रोलिंग वाहन सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों के लिए देवदूत के रूप में सामने आया है। हाईवे में लगातार होनें वाली सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर ये हाईवे पेट्रोलिंग वाहन लगातार पेट्रोलिंग में रहती है, इस दरम्यान सड़क दुर्घटना की जानकारी मिलने पर तत्काल वहां पहुंचकर घायल व्यक्ति को सही समय पर अस्पताल पहुंचा रही है, जिससे घयल व्यक्ति की जान बच रही है। इस संबंध में शहर के कुछ लोगों का कहना था कि हाईवे पेट्रोलिंग आम जन के लिए वरदान साबित होगी। इस वाहन के जरिये सड़क दुर्घटनाओं में होनें वाली मौतों के आंकड़ों को रोकने मदद्गार साबित होगा। साथ ही साथ यातायात विभाग के द्वारा चलाये जा रहे चलित कैंप से लोगों में जागरूकता आएगी और लोग यातायात नियमों का पालन करेंगे तो सड़क दुर्घटनाओं की घटना में भी कमी होगी।

# पिता के डांट से क्षुब्ध किशोरी भागी घर से

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

20 जून की शाम थाना भूपदेवपुर में 17 वर्षीय किशोर बालिका के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने आए परिजन बालिका के दो दिन पहले 18 जून की सुबह अचानक घर से बिना बताए चले जाने की बात बताएं और बताये कि वे अपने रिस्तेदार, जान पहचान में बालिका का पता किये कहीं पता नहीं चला है। बालिका के इस तरह बिना बताये चले जाने पर परिजान काफी परेशान थे। थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक अमित शुक्ला द्वारा परिजनों से बालिका के हुलिया, बोलचाल की जानकारी लेकर परिजनों की सहमति पर बालिका के वर्तमान फोटो विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर कर जानकारी देने कहा गया। थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देकर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 363 का अपराध दर्ज कर परिजनों से उनके आसपास के रिश्तेदार, बालिका की सहेलियां की जानकारी लेकर परिजनों से बारीकी से पूछताछ किये जिस पर बालिका के पिता द्वारा बालिका को 18 जून की सुबह घर के बाहर बैठे रहने पर डांट फटकार करना बताएं। वहीं थाना प्रभारी के निर्देशन पर बालिका की पतासाजी में बालिका के रिस्तेदारों के यहां बालिका की खोजबिन कर रहे सहायक उपनिरीक्षक डीपी चैहान के हमराह पुलिस टीम को ग्राम टायंग में बालिका उसके मामा के यहां मिली। पुलिस टीम द्वारा बालिका को साथ लेकर थाना लाया गया जिसका महिला अधिकारी से कथन कराया गया जिसमें बालिका पिताजी के डांट से रुष्ट होकर घर से भाग जाना एवं किसी प्रकार का अपराध का घटित होना नहीं बताया गया।

## योग से आंतरिक ऊर्जा का विकासः श्वेता शुक्ला



**जांजगीर-चांपा।** बम्हनीडीह में संचालित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश माध्यम में अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया कार्यक्रम की सुरुवात माँ सरस्वती के पूजन से सुरु हुआ।तत्पश्चात अतिथि एवम योगाचार्य का स्वागत श्रीफल व साल भेट कर किया गया।कार्यक्रम में प्रशिक्षक योगाचार्य नानकचंद साहू एवं नरेंद्र जायसवाल के मार्गदर्शन में प्राणायाम भ्रामरी कपाल भारती जैसे ऊर्जा मयी योग करवाये गए। प्राचार्य श्वेता शुक्ला ने अपने उद्बोधन में बताया कि मेडीटेशन से आंतरिक ऊर्जा का विकास होता हैं जो रोग और तनाव को दूर करता हैप्राचार्य ने कहा कि वे स्वयं प्रतिदिन योग करती हैं और स्कूल में मेडिटेशन से ही विद्यार्थियों की कक्षा की सुरुवात होती हैं जो उनके मानसिक विकास के लिए आवश्यक हैं। योग आंतरिक ऊर्जा का मुख्य स्रोत हैं जिसे हर किसी को अपने दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति गगन जयपुरिया ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक योग है जिसे पूरी दुनिया अंतराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाती है योग ध्यान विद्यार्थी जीवन का मुख्य आधार है जिससे स्कूल के माद्यम से अनिवार्यतः करवाया जाना चाहिए ।

# हिमाचल में फंसे मजदूर भूखे प्यासे रहने को विवश



पायनियर संवाददाता जैजैपुर
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश के पठानिया इट्ट भठठे में गांव नरगला तहसील ज्वाली जिला कांगड़ा (हिमंचालप्रदेश) छत्तीसगढ़ के गांव भोथिया गांव ओडेकेरा तह. जैजैपुर जिला सक्ती और गांव सेमरा तह नवागढ़ जिला जांजगीर चांपा के 40 मजदूर को अभी तक पैसा नहीं दिया गया है आज 27 दिन हो गया इनको मदत नही मिल पा रहा है।खाने के लिए राशन नही दिया ।मजदूरी किया है उसका पैसा भी नही दे रहा ईट भट्ठे के मालिक दोनों भाई मानू,भानु, बल्कि इन सभी मजदूरों को मारने पीटने का धमकी दिया जा रहा है।मजदूरों के छोटे छोटे बच्चे भी हैं। इसकी शिकायत भंधवा मुक्ति मोर्चा दिल्ली में शिकायत किया लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुआ इस संबंध में भीम आर्मी जिला शक्ति के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष हेमन्त आदिले को शिकायत मिला एवं भीम आर्मी के छतीसगढ प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार जांगड़े जी को अवगत कराया तो वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बात किया और जल्द सुरक्षित छत्तीसगढ़ लाने का भरोसा दिलाया।भीम आर्मी हिमाचल प्रदेश की टीम इनकी मदद कर रही है ।

# साहू हेल्पलाइन ने विवाह योग्य कन्या के घर जाकर दी सहयोग राशि एवं खाद्यान्न दिया

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



साहू हेल्प लाइन सक्ति के सदस्यों ने ग्राम भगोडीह के दामिनी यादव पिता दिलीप यादव जिनका विवाह 29 जून को होना है उनके घर पहुचकर विवाह के लिए 11 हजार रु सहयोग राशि एवं 1 क्विंटल चावल की आर्थिक सहायता दी,इस कार्य में साहू हेल्प लाइन शुरुवात करने वाले अशोक साहू के साथ मे मेम कुमार साहू, हेमन्त साहू,भोला शंकर साहू, आकाश साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष साहू सँघ लवसरा उपस्थित थे,इस नेक कार्य मे साहू हेल्प लाइन को संजय साहू तहसील अध्यक्ष साहू संघ जांजगीर, रूप नारायण साहू तहसील अध्यक्ष साहू संघ बमनिहडीह,यशवंत साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ रगजा, बोधराम साहू,शांति लाल साहु,रामचरन साहू तहसील अध्यक्ष साहू संघ नवागढ़ सीताराम साहू,प्रेम साहू का विशेष योगदान रहा,एवम साहू समाज की ओर से सभी को बहुत बहुत धन्यवाद ज्ञापित किया गया,ज्ञात हो कि साहू हेल्प लाइन अभी तक सिर्फ साहू समाज के विवाह योग्य कन्याओं को आर्थिक सहायता करते आया है ये पहली बार है कि साहू हेल्प लाइन के सदस्यों ने अन्य समाज की लड़की के लिए भी राशि इकठ्ठा कर आर्थिक सहायता दी है।

## जिले में 70.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 21 जून तक 70.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 5.7 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 79.5 मिली मीटर, पुसौर में 96, खरसिया में 108.5, सारंगढ़ में 52.2, बरमकेला में 62, घरघोड़ा में 36.6, तमनार में 100.1, लैलूंगा में 44.7, धरमजयगढ़ में 45, सरिया 68.3 एवं छाल तहसील में 79 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## हटाये गए खरसिया बीईओ, कलेक्टर ने जारी किया आदेश

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह द्वारा गत दिवस विकासखण्ड खरसिया अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय एवं यूथ सेंटर खरसिया का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जहां यूथ सेंटर खरसिया में पेयजल की गंभीर समस्या पायी गयी। जिससे प्रथम दृष्टियां यह प्रतीत होता है कि विकासखण्ड अधिकारी खरसिया ए.के.भारद्वाज द्वारा यूथ सेंटर खरसिया में पेयजल संबंधी समस्या के निराकरण हेतु किसी प्रकार की कोई पहल नहीं की गयी है। साथ ही कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान भारद्वाज अनुपस्थित पाए गए। श्री भारद्वाज द्वारा अपने दायित्व के प्रति गंभीर नहीं होने के कारण उक्त स्थिति निर्मित हुई है।

# महिला स्व सहायता समूह की संचालित राशन दुकान की जांच पर रोक, समूह को मिला स्टे

पायनियर संवाददाता बिलासपुर
www.dailypioneer.com

जिले के तखतपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत भरारी में पिछले 4 साल से आस्था महिला स्व सहायता समूह द्वारा संचालित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के दुकान के खिलाफ ग्राम पंचायत के उपसरपंच और कुछ पंचों द्वारा झूठी शिकायत करके राशन दुकान को निलंबित कराने की कोशिश की गई तथा राजनीतिक दबाव भी अधिकारियों पर डलवाया गया लेकिन छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने महिला स्व सहायता समूह के पक्ष में स्थगन देते हुए खाद्य सचिव तखतपुर के अनुविभागीय अधिकारी ,खाद्य निरीक्षक तथा ग्राम पंचायत भरारी के उपसरपंच व शिकायतकर्ता पंचों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने का आदेश दिया है । उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत भरारी में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन दुकान का संचालन वहां की आस्था महिला स्व सहायता समूह द्वारा पिछले 4 साल से किया जा रहा है ।इस दौरान समूह के खिलाफ राशन वितरण को लेकर कभी शिकायत नहीं की गई थी लेकिन उपसरपंच और कुछ पंचों ने कलेक्टर से लेकर एसडीएम एवं जनप्रतिनिधियों तक को इस आशय की शिकायत की कि केंद्र से 5 किलो अतिरिक्त चावल हितग्राहियों को देने का आदेश हुआ है उसे महिला समूह द्वारा नहीं दिया जा रहा है ।इस शिकायत पर खाद्य निरीक्षक द्वारा जांच किया गया एवं मौके पर चावल का उपलब्ध होना पाया गया लेकिन खाद्य निरीक्षक ने दुर्भावना वश तथा राजनीतिक दबाव के चलते दुकान संचालन के खिलाफ अपनी रिपोर्ट दे दी ।यह रिपोर्ट एसडीएम तखतपुर के पास पहुंची इसी बीच शिकायत कर्ताओं ने अधिकारियों पर राशन दुकान को निलंबित करने के लिए राजनीतिक दबाव भी डलवाया ।इसकी जानकारी होने पर महिला स्व सहायता समूह ने जांच की कारवाई को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में याचिका दायर की। याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस पी सेम कोशी की एकल पीठ ने महिला स्व सहायता समूह के पक्ष में स्थान देते हुए खाद्य सचिव के साथ ही तखतपुर sdm , खाद्य निरीक्षक, ग्राम पंचायत भ रारी के उप सरपंच सहित शिकायत कर्ता पंचों को भी नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

## जिला प्रशासन ने 06 श्रमिकों को कराया बंधकमुक्त, सकुशल हुई वापसी

**मुंगेली।** जिला प्रशासन द्वारा उत्तरप्रदेश राज्य के गोरखपुर में बंधक बनाए गए पथरिया विकासखण्ड के 06 श्रमिकों को बंधकमुक्त कराकर सकुशल उनके गृहग्राम बावली भेजा गया। जिला प्रशासन को 13 जून 2022 को उत्तर प्रदेश राज्य के गोरखपुर में जिले के 06 श्रमिकों को बंधक बनाए जाने के संबंध में शिकायत प्राप्त हुआ था। उक्त शिकायत को कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने गंभीरता से लिया और संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर श्रम विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा तहसील पथरिया के सरगांव थाना अंतर्गत ग्राम बावली के 06 श्रमिकों को दुर्गावती देवी ईंट भट्ठा ग्राम लकोड़ी थाना कौड़ीराम जिला गोरखपुर उत्तरप्रदेश से मुक्त कराकर सकुशल उनके गृहग्राम तक पहुंचाया गया।

# सृष्टि शर्मा होंगी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल दाऊपारा मुंगेली की प्राचार्य



पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

विकासखण्ड मुंगेली के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोना की व्याख्याता श्रीमती सृष्टि शर्मा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम दाऊपारा मुंगेली की प्राचार्य होंगी। छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार श्रीमती शर्मा को उक्त स्कूल में प्राचार्य के पद पर अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ किया गया है। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा आई. पी. यादव प्राचार्य स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम दाऊपारा मुंगेली की प्रतिनियुक्ति समाप्त कर उनके मूल संस्था शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गंगद्वारी विकासखण्ड पथरिया में अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त प्राचार्य के पद पर पदस्थ किया गया है।

## मालिक के स्कार्पियो वाहन को लेकर फरार, आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जांजगीर-चांपा।** अपने मालिक के स्कार्पियो वाहन को लेकर फरार होने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे, थाना अकलतरा की कार्यवाही आरोपी को विंध्यनगर जिला सिंगरौली मध्यप्रदेश से किया गया गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध थाना अकलतरा में अपराध पंजीबद्ध आरोपी के कब्जे से स्कार्पियो वाहन एवं उसके 02 बच्चों को किया गया बरामद। प्रार्थी जवाहर आदिले निवासी अकलतरा ने माह अप्रैल 2022 में थाना अकलतरा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका ड्राइवर सन्नी पाटले निवासी बम्हनी 28.फर.22 को उसके स्कोर्पियो क्रमांक सीजी 11 एसी 4625 को परिवार सहित गिरौदपुरी घूमाने ले जाऊंगा कहकर ले गया था जो वापस नहीं आया।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बलौदाबाजार, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

Tel. No.:- 07727-223138 E-mail :- cmobalodabazar@rediffmail.com & cmobalodabazar@ymail.com

क्रमांक/214/लो.नि.वि./न.पा.प./2022 बलौदाबाजार, दिनांक 21/06/2022

**// मैन्युअल निविदा आमंत्रण संशोधन सूचना //**

नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार द्वारा दिनांक कार्यालयीन सत्र क्रमांक/1931/लो.नि.वि./न.पा.प./2022 बलौदाबाजार, दिनांक 17.02.2022 को आमंत्रित मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना जिसमें निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 04.06.2022 के सीन पर 04.07.2022 एवं परीक्षण उपरांत निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि 05.06.2022 के स्थान पर 05.07.2022 पढ़ा जावे।

निविदा की शेष नियम एवं शर्तें यथावत रहेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, बलौदाबाजार



**नाम परिवर्तन**

मैं अमन मानिकपुरी उम्र 25 वर्ष पिता स्व. मनीष मानिकपुरी जाति पनिका निवासी बजरंग वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) का हूं जो कि नीचे लिखे अनुसार शपथपूर्वक कथन करता हूं कि-

1. यह कि मेरे छोटे भाई का सही एवं सत्य नाम अंशु मानिकपुरी है उसके आधार कार्ड क्र. 3024 3994 2878 एवं में दर्ज है।
2. यह कि मेरे भाई जिनके पिता का नाम जो कि सभी दस्तावेजों में राहुल रंगारे के नाम पर जारी किया गया है। जिसे सुधार कर स्व. मनीष मानिकपुरी किया जा रहा है, जो कि सत्य है। जिस पर किसी की भी कोई आपत्ती नहीं कि जायेगी।
3. यह कि मेरा छोटे भाई गुरुकुल विद्यालय भाटापारा में अध्ययनरत है जहां स्कूली दाखिल खारिज में उसका नाम अंशु रंगारे पिता राहुल रंगारे दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्ण है।
4. यह कि मेरे छोटे भाई का सही नाम अंशु मानिकपुरी है मेरा भाई उक्त नाम से सभी जगहों पर जाना एवं पहचाना जाता है।
5. यह कि मेरा द्वारा किसी भी तथ्यों को नहीं छिपाया गया है।
6. यह कि उपरोक्त कथनों के समर्थन में यह शपथपत्र अंशु मानिकपुरी दर्ज कराने के समर्थन में गुरुकुल विद्यालय भाटापारा आवश्यकतानुसार प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं अमन मानिकपुरी उम्र 25 वर्ष पिता स्व. मनीष मानिकपुरी जाति पनिका निवासी बजरंग वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) का हूं। शपथपत्र की कंडिका 01 से 05 तक का कथन मेरी जानकारी में सत्य और सही है जिसे पढ़ कर व समझ कर आज दिनांक 30 मार्च 2022 को मुकाम भाटापारा में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

शपथकर्ता



**न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक क/वा/नजूल/2022 मुंगेली, दिनांक 17.06.2022

**श्री विजय गुप्ता पिता स्व. श्री ओंकार गुप्ता**
निवासी मोहल्ला गांधी वार्ड मुंगेली तहसील मुंगेली,
जिला मुंगेली(छ.ग.)....................................आवेदक

बनाम

**छ.ग.शासन**.............................................अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक **श्री विजय गुप्ता पिता स्व. श्री ओंकार गुप्ता,** निवासी गांधी वार्ड मुंगेली तहसील मुंगेली जिला मुंगेली की ओर से स्वतः उपस्थित होकर नगर मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 39-ए, प्लाट नं. 122, क्षेत्रफल 701 वर्गमीटर नजूल भूमि का नजूल कर नवीनीकरण की अवधि दिनांक 31/03/2020 को समाप्त हो जाने के कारण पुनः नवीनीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालों को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 12/07/2022 को दिन के 02:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 17/06/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

(तीर्थराज अग्रवाल)
नजूल अधिकारी
मुंगेली (छ.ग.)



**न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक क/वा/नजूल/2022 मुंगेली, दिनांक 07.06.2022

**सत्यपाल पिता जुमड़ामल**
निवासी शिवाजी वार्ड मुंगेली,
तहसील मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)........................आवेदक

बनाम

**रेखचंद रोहरा पिता जुमड़ामल रोहरा,**
निवासी शिवाजी वार्ड मुंगेली,
तहसील मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.).....................अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से नगर मुंगेली के आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक **सत्यपाल पिता जुमड़ामल,** निवासी शिवाजी वार्ड मुंगेली स्वतः उपस्थित होकर नगर मुंगेली के मोहल्ला गांधी वार्ड मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 38-बी, प्लाट नंबर 303/13, क्षेत्रफल 26 वर्गमीटर नजूल भूमि पर पंजीकृत दान पत्र दिनांक 27/05/2022 को दान पत्र के आधार पर नजूल रिकार्ड में आवेदक अपना नाम दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अन्तर्गत धारा 109, 110 भू.रा. संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालों को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 23/06/2022 को दिन के 02:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 07/06/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

(तीर्थराज अग्रवाल)
नजूल अधिकारी
मुंगेली (छ.ग.)



**न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक क/वा/नजूल/2022 मुंगेली, दिनांक 17.06.2022

**श्री संजय मल्लाह पिता श्री भंवर लाल,**
निवासी मोहल्ला शंकर वार्ड मुंगेली तहसील मुंगेली,
जिला मुंगेली(छ.ग.)....................................आवेदक

बनाम

**छ.ग.शासन**.............................................अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक **श्री संजय मल्लाह पिता श्री भंवर लाल,** निवासी शंकर वार्ड मुंगेली तहसील मुंगेली जिला मुंगेली की ओर से स्वतः उपस्थित होकर नगर मुंगेली के मोहल्ला शंकर वार्ड स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 39-ए, प्लाट नं. 41/1, क्षेत्रफल 108 वर्गमीटर नजूल रिकार्ड में **(केशर बाई पति भंवरलाल)** के नाम पर दर्ज चला आ रहा है। जिसका नजूल कर नवीनीकरण की अवधि दिनांक 31.03.2020 को समाप्त हो जाने के कारण पुनः नवीनीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालों को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 12/07/2022 को दिन के 02:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 17/06/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

(तीर्थराज अग्रवाल)
नजूल अधिकारी
मुंगेली (छ.ग.)



**न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक क/वा/नजूल/2022 मुंगेली, दिनांक 10.06.2022

**श्रीमति अनामिका पाठक पति शैलेष पाठक,**
निवासी मोहल्ला सरदार पटेल वार्ड मुंगेली,
तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.)............................आवेदक

बनाम

**श्री विनोद कुमार दुबे पिता श्री मानिकलाल दुबे वगै.,**
निवासी वार्ड नं. 23 खपरगंज बिलासपुर,
तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.).....................अनावेदकगण

इस सूचना के माध्यम से नगर मुंगेली के आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक **श्रीमति अनामिका पाठक पति शैलेष पाठक,** निवासी मोहल्ला सरदार पटेल वार्ड मुंगेली स्वतः उपस्थित होकर नगर मुंगेली के मोहल्ला पुराना बस स्टैण्ड मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 38-ए, प्लाट नंबर 12, क्षेत्रफल 485 वर्गमीटर में से क्षेत्रफल 112 वर्गमीटर नजूल भूमि पर पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 31.03.2022 को क्रय करने के आधार पर आवेदक नजूल रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अन्तर्गत धारा 109, 110 भू.रा. संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालों को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 28/06/2022 को दिन के 02:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 10/06/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

(तीर्थराज अग्रवाल)
नजूल अधिकारी
मुंगेली (छ.ग.)



**न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक क/वा/नजूल/2022 मुंगेली, दिनांक 10.06.2022

**श्रीमति आशा लता बाजपेयी पति श्री विमल किशोर,**
निवासी मोहल्ला सरदार पटेल वार्ड मुंगेली,
तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.)............................आवेदक

बनाम

**श्री विनोद कुमार दुबे पिता श्री मानिकलाल दुबे वगै.,**
निवासी वार्ड नं. 23 खपरगंज बिलासपुर,
तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.).....................अनावेदकगण

इस सूचना के माध्यम से नगर मुंगेली के आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक **श्रीमति आशा लता बाजपेयी पति श्री विमल किशोर,** निवासी मोहल्ला सरदार पटेल वार्ड मुंगेली स्वतः उपस्थित होकर नगर मुंगेली के मोहल्ला पुराना बस स्टैण्ड मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 38-ए, प्लाट नंबर 12, क्षेत्रफल 485 वर्गमीटर में से क्षेत्रफल 100 वर्गमीटर नजूल भूमि पर पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 31.03.2022 को क्रय करने के आधार पर आवेदक नजूल रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अन्तर्गत धारा 109, 110 भू.रा. संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालों को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 28/06/2022 को दिन के 02:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 10/06/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

(तीर्थराज अग्रवाल)
नजूल अधिकारी
मुंगेली (छ.ग.)

# आयोग ने कलेक्टर जशपुर को पीड़ित पक्षकार का डीएनए टेस्ट की राशि शासकीय स्तर से मदद करने लिखा पत्र

## बीएसएफ में कार्यरत अनावेदक के पेंशन एकाउंट से प्रतिमाह दस हजार रुपये आवेदिका के एकाउंट में जमा करने के निर्देश दिए गए

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य नीता विश्वकर्मा ने कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में महिलाओं से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए जन सुनवाई की। सुनवाई में 09 प्रकरण को नस्तीबद्ध किया गया है। इस अवसर पर अधिवक्ता शमीम रहमान सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन उपस्थित थे। प्राप्त प्रकरण में पटवारी से हस्ताक्षर अभिलेख प्रस्तुत किया है। जो प्रकरण में संलग्न है। तहसीलदार ने यह भी जानकारी दिया कि सभी आवेदकगण घास जमीन पर कब्जा धारी है इनके मकान को हटान की कोई भी कार्यवाही शासन स्तर पर नहीं किया जा रहा है। अपने-अपने कब्जे में यह लोग बने रहेंगे शासन के अधीन घास जमीन पर पट्टा की कार्यवाही की जाती तो केवल उसी दशा में आवेदिका गणो को पट्टा मिल सकेगा। जिसकी समझाईश आवेदिकागणों को दिया गया। इसके साथ ही प्रकरण को नस्तीबद्ध किया गया। उभय पक्ष उपस्थित आवेदिका लगभग डेढ़ वर्ष से अपने मायके में निवासरत है। दोनों बच्चों को छिनकर अपने पास रखा लिया था। अनावेदक व्याख्याता है, इनका वेतन 60 हजार रुपये प्रतिमाह है। जिसमे से अनावेदक को कटकर 50 हजार हाथ में मिलता है। आवेदिका ने बच्चों को प्राप्त करने हेतु बाल कल्याण समिति के पास आवेदन प्रस्तुत किया था। बाल कल्याण समिति ने बच्चों को प्राप्त करने का आदेश दिया। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष ने एक आदेश को किया था। जिसमें दोनों नाबालिग बच्चों को अनावेदक को देने का आदेश दिया गया था। आज सुनवाई के दौरान ही पति-पत्नी के मध्य एक काउंसलिंग किया गया जिसमें आयोग की अधिवक्ता शमीम रहमान के साथ बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष निर्मला जांगड़े एवं सदस्य विजय गुप्ता ने सुलह करवाया और पति पत्नी के मध्य 7 बिंदुओं पर सशक्त राजीनामा तैयार किया गया है, जिसके अनुसार पति पत्नी दोनों नाबालिग बच्चों के हित में एक साथ रहने के लिए तैयार हुए इस शर्त पर हस्तलिखित है। दोनो के हित मे शपथ पत्र बनाने के भी निर्देश दिए गए हैं जो दो प्रति में तैयार किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी बाल कल्याण समिति के सदस्य को जिम्मेदारी दिया गया है। दोनों पक्षों में लिखित शर्तो पर आपसी राजीनामा तैयार नोटरी से निष्पादित कराने कहा गया। इस प्रकरण की निगरानी जिला संरक्षण अधिकारी को एक वर्ष की निगरानी करने के निर्देश दिए गए।

एक अन्य प्रकरण में उभय पक्ष उपस्थित अनावेदक ने पिछले आदेश में 10 हजार देने के आदेश का पालन केवल 4 माह किया और अब कोई भी भरण पोषण नहीं दिया जा रहा है। अनावेदक बीएसएफ में नौकरी करता था। जहां से उसे पेंशन प्राप्त हो रही है और उसके पास 9 एकड़ जमीन से अलग आमदनी होती है। किन्तु अनावेदक अपने कुंठित मानसिकता के कारण अपने पत्नी एवं बच्चों को भरण देने से इंकार कर रहा था और दिये गये आदेश को नियमित पालन भी नहीं कर रहा है।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफइंश्योरेंस ने पॉलिसीधारकों के लिए 968.8 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड वार्षिक बोनस की घोषणा की

**मुंबई।** नए बिजनेस सम एश्योर्ड के मामले में भारत के सबसे बड़े प्राइवेट जीवन बीमाकर्ता आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने सभी पात्र पॉलिसीधारकों को वित्त वर्ष 2022 के लिए 968.8 करोड़ रुपये का वार्षिक बोनस घोषित किया है। यह बोनस भुगतान का लगातार 16वां वर्ष है जो कि अब तक सर्वाधिक रिकॉर्ड है और यह वित्त वर्ष 2021 के बोनस से 12 अधिक है। 31 मार्च, 2022 तक लागू सभी प्रतिभागी नीतियां (participating policies) इस वार्षिक बोनस को प्राप्त करने के लिए पात्र हैं, जिसे पॉलिसीधारकों के लाभों में जोड़ा जाएगा। इससे लगभग दस लाख भाग लेने वाले पॉलिसीधारक इससे लाभान्वित होंगे, जो उन्हें उनके दीर्घकालिक वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के करीब ले जाएगा। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस द्वारा पेश किए गए अभिनव उत्पादों की रेंज ग्राहकों को घोषित बोनस के रूप में पूंजी गारंटी और ग्रोथ, दोनों की सुविधा प्रदान करती है। इसके अलावा यह जीवन बीमा के माध्यम से परिवार को वित्तीय सुरक्षा भी प्रदान करता है। मजबूत फण्ड मैनेजमेंट के साथ साथ रिस्क मैनेजमेंट क्षमताओं ने कंपनी के पॉलिसीधारकों को लगातार रिकॉर्ड बोनस के साथ पुरस्कृत करने में सक्षम बनाया है।

## हाशिये पर खड़ी और कमजोर आबादी तक पहुँचने और टीकाकरण में आने वाली बाधाओं की पहचान करने में मोमेंटम रूटीन इम्युनाइजेशन ट्रांसफॉर्मेशन एंड इक्विटी प्रोजेक्ट का अहम् योगदानः डॉ. संजय कपूर



**रायपुर।** मोमेंटम रूटीन इम्युनाइजेशन ट्रांसफॉर्मेशन एंड इक्विटी प्रोजेक्ट का वित्तपोषण यूएसएआईडी करता है। यह महत्वपूर्ण घटकों, जैसे- मांग पैदा करना, जोखिम पर संवाद, सामुदायिक संलग्नकता, निजी क्षेत्र की भागीदारियाँ, केन्द्र और राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम करना- एसबीसीसी, डाटा एनालीसिस, सप्लाय चेन लॉजिस्टिक्स को जोड़ता है। मोमेंटम रूटीन इम्युनाइजेशन ट्रांसफॉर्मेशन एंड इक्विटी प्रोजेक्ट से अवगत कराते हुए डॉ. संजय कपूर, मैनेजिंग डायरेक्टर, जॉन स्नो इंडिया ने बताया कि यह प्रोजेक्ट हाशिये पर खड़ी और कमजोर आबादी तक पहुँचने और टीकाकरण करवाने में इन समूहों के समक्ष आने वाली बाधाओं की पहचान करने पर केन्द्रित रहा है। यह प्रोग्राम ऐसे समूहों तक पहुँचने के लिए स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों के साथ काम करता है, जैसे- बुजुर्ग लोग, दिव्यांगजन, ट्रांसजेंडर और हिजड़ा समुदाय के सदस्य, और अत्यधा हाशिये पर खड़े जातीय समूह। मोमेंटम रूटीन इम्युनाइजेशन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय/ यूनिवर्सल इम्युनाइजेशन प्रोग्राम के तकनीकी प्रबंधन को सहयोग और देश में कोविड-19 के टीकाकरण के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करता है। भारत के कोविड-19 टीकाकरण अभियान के सबसे चुनौतीपूर्ण पहलुओं में से एक रहा है महिलाओं को टीका लगवाने के लिए लामबंद और सहमत करना, क्योंकि महिलाओं को पुरुषों से ज्यादा डर है। लैंगिक आधार पर मुख्य रूप से गर्भवती महिलाओं, स्तनपान करवाने वाली माताओं, ट्रांसजेंडर्स और प्रवासी महिला श्रमिकों का टीकाकरण नहीं हुआ है। उदाहरण के लिए, कोविड-19 टीकाकरण तक पहुँचने में ट्रांसजेंडर्स पहले से ही कई सामाजिक लांछनों, हिंसा और सामाजिक लाभों से वंचित होने का सामना करते हैं। इस समूह के लिए टीकाकरण प्राथमिकता नहीं है और लाभार्थियों को पूरी तरह से पता नहीं है कि सेवा कहाँ और कैसे प्राप्त करें। इस समुदाय की विभिन्न चिकित्सकीय चुनौतियाँ हैं और हॉर्मोन का इलाज हुआ है, इसलिए ये लोग टीके की सुरक्षा को लेकर शंकाओं से भरे हैं। एक अनुमान के अनुसार इनकी आबादी 0.4 मिलियन है। इसके अलावा पहचान, सुरक्षा पर मनोबल बढ़ाना, टीका लगवाने में संकोच, टीकाकरण पर विश्वास का अभाव, स्वास्थ्य की चिंताओं के कारण टीके की सुरक्षा को लेकर डर उन चुनौतियों में से कुछ हैं, जिनका सामना गर्भवती महिलाओं ने किया है। सुरक्षा के डर के कारण संकोच, साइड-इफेक्ट्स को लेकर मिथक के कारण दैनिक मजदूरी की संभावित हानि और व्यस्त चर्या के कारण जागरूकता की गतिविधियों और टीकाकरण शिविरों में भागीदारी नहीं रही। यूएसएआईडी/ इंडिया ने अपने कार्यान्वयन भागीदारों जॉन स्नो इंक इंडिया (एम-आरआईटीई) और कैटलिस्ट मैनेजमेंट सर्विसेस- कोविड एक्शन कोलेबोरेटिव के साथ मिलकर समाज के कमजोर और सुविधा-वंचित सदस्यों तक पहुँचने के लिए एक मोबाइल वैक्सीनेशन प्रोग्राम लॉन्च किया है। यह प्रोग्राम दो अग्रणी निजी संस्थाओं गिव इंडिया (भारत के सबसे बड़े डोनेशन प्लेटफॉर्म्स में से एक) और उएम (अमेरिकन बहुराष्ट्रीय समूह निगम) के साथ भागीदारी में परिचालित हो रहा है और एक निजी मोबाइल टीकाकरण कंपनी- वैक्सीन ऑन व्हील्स भी इसमें साथ दे रही है। डॉक्टरों और नर्सों के साथ 75 से ज्यादा मोबाइल यूनिट्स देश के 22 सबसे कम सेवा-प्राप्त ज़िलों में निकलेंगी। यह ज़िले झारखण्ड, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में हैं। ये यूनिट्स एक गाँव से दूसरे गाँव जाएँगी और इनका लक्ष्य अगले 3 महीनों में 6 लाख से अधिक डोजेस देना है। निजी क्षेत्र की संलग्नता सरकार के 'हर घर दस्तक' प्रोग्राम के अनुरूप है, जिसका लक्ष्य है टीके की खुराक को कमजोर और हाशिये पर खड़े समुदायों के करीब ले जाकर पहुँच की असमानता को कम करना। मोबाइल वैन के माध्यम से टीकाकरण, देश में टीकाकरण की 100 कवरेज हासिल करने के प्रस्तावित तरीकों में से एक है।

## एसबीआई उपमहाप्रबंधक ने योग के गुणकारी रहस्य को बताया






**रायपुर।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा बैंक में योग दिवस मनाया गया। भारतीय स्टेट बैंक से उप महाप्रबंधक राधा कृष्ण राव जी ने बताया कि भारतीय स्टेट योग शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने के लिए बहुत प्रभावी है। बैंक की उत्पादकता और लाभप्रदता बढ़ाने के लिए भी बहुत जरूरी है। आज स्टाफ सदस्यों के द्वारा एवं उनके परिवारों के सदस्यों के द्वारा इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया गया। इस अवसर पर मृत्युंजय योगा क्लब से विशेष अतिथि के रूप में प्रीति झा अनुदेशक के रूप में उपस्थित रहे। प्रीति झा ने योग एवं और प्राणायाम के बारे में बताया और बहुत से आसन का प्रशिक्षण भी दिया। इस अवसर पर मुकेश राठौड़ सहायक महाप्रबंधक, मुख्य प्रबंधक सुसीम बोस, अमरजीत, मनोज राय, रजनीश यादव, माधुरी घोड़के,सहित राजेश पंतुल्ला, मकरन्द पटेल, धनंजय मुंगटवार, आनंद अग्निहोत्री, रुद्र भोई, रंजीत अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। रजनीश यादव ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## बालक आदित्य राजे ने अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर विभिन्न योगासन के साथ उसके महत्व को बताया



**रायपुर।** शहर के 8 वर्षीय होनहार बालक आदित्य राजे ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आज शासकीय प्राथमिक शाला बटंग, (विकासखंड पाटन ,जिला दुर्ग) के प्रांगण में वहां के शिक्षक विद्यार्थीओ के साथ योगासन किया एवं उन्हें योग करने के विभिन्न आसन एवं उनके महत्व को बताया, आदित्य ने सभी से आग्रह किया कि प्रतिदिन कम से कम 20 मिनट जरूर योगा क्रिया करें क्योंकि योगा से हम स्वस्थ रहेंगे और साथ ही साथ हम सभी स्वस्थ होंगे तो हमारा देश व समाज स्वस्थ और समृद्धि होगा, इस आयोजन मे प्रधान पाठक ,स्कूल के शिक्षक, पालकगण, पंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे एवं सभी ने आज विश्व योगा दिवस के शुभ अवसर पर आदित्य राजे के साथ योगासन किया, पौष्टिक आहार एवं फल का वितरण परिवार एवं साथियों के द्वारा किया गया द्य उसके पहले भी आदित्य को छत्तीसगढ़ योग आयोग ,आर्ट ऑफलिविंग उत्कर्ष योगा, डीपीएस स्कूल रायपुर द्वारा योगा के क्षेत्र में समय समय पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाणित अवं पुरुष्कृत किया जा चूका है!

## वर्षा बागड़े भिलाई सेक्टर 6 की अध्यक्ष चुनी गई, अनिल मेश्राम का इस्तीफा मंजूर, सभी अधिकारों को किया शून्य



**रायपुर।** दि बुद्धिष्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष बी.एस.जागृत विज्ञप्ति जारी में जानकारी दी गई कि दुर्ग (भिलाई) में प्रेस कांन्फ्रेस आयोजित की गई। प्रेस कान्फ्रेन्स में दि बुद्धिष्ट सोसायटी ऑफ इंडिया (भारतीय बौद्ध महासभा) पंजीयन क्र. 3227/1955 पी.टी.एफ . - 982 के ट्रस्टी एस.आर. काण्डे दुर्ग, बी.एस. जागृत छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष, महासचिव भोजराज गौरखेड़े छत्तीसगढ़, उपाध्यक्ष सी.एल. महेश्वरी रायपुर, उपाध्यक्ष संजय सेन्द्रे रिटायर्ड सत्र न्यायाधीश दुर्ग, महासभा, उपाध्यक्ष शंकरलाल देवदास, जितेन्द्र मेश्राम एवं नवगठित बुद्ध विहार सेक्टर-6 के पदाधिकारी को जिम्मेदारी दी। अध्यक्ष वर्षा बागड़े, कार्यवाहक अध्यक्ष जीवन सूर्यवंशी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के.के. चैहान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक वासनिक, महिला उपाध्यक्ष अनीता मेश्राम, महासचिव सुधेश रामटेके, कोषाध्यक्ष नरेन्द्र सेन्डे, सचिव अजय रामटेके, सुभाष गजभिये, सचिव उषा मेश्राम, कपिल तभाने, प्रचार प्रसार सचिव सुभाष गजभिये को नई कार्यकारिणी में स्थान दिया गया एवं उन्हें नियुक्ति दी गई। जानकारी दी गई कि अनिल मेश्राम जो कि भूतपूर्व बुद्धिष्ट सोसायटी ऑफ इंडिया सेक्टर-6 एवं प्रदेश अध्यक्ष थे, उनके द्वारा भिलाई, राजनांदगांव, बिलासपुर कुछ अन्य स्थानों पर कार्यकारिणी गठित की थी, प्रदेश महिला प्रकोष्ठ एवं जिला महिला प्रकोष्ठ की नियुक्ति अनिल मेश्राम के द्वारा की गई थी, जिसे केन्द्रीय कार्यकारिणी दि बुद्धिष्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के महासचिव शंकर राव ढेंगरे के द्वारा उनके समस्त अधिकार छीन लिये गये एवं कमेटियां भंग कर दी गई है। उसका इस्तीफा स्वीकार किया गया।

## अविनाश चितवन में नए एक्सटेंशन की लॉन्चिंग 25 और 26 जून को

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




मेगा रेजीडेंशियल प्रोजेक्ट अविनाश चितवन में नए एक्सटेंशन की लॉन्चिंग 25 और 26 जून, 2022 को की जाएगी। इस अवसर पर अविनाश ग्रुप की ओर से दो दिन का खास लॉन्चिंग प्रोग्राम रखा गया है। इस रियल एस्टेट कंपनी का मानना है कि नए एक्सटेंशन के जरिए लोगों को एक और मौका देने जा रहे हैं, नेचर के करीब आशियाने के सपनों को पूरा करने का। अविनाश ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर आनंद सिंघानिया के मुताबिक कचना स्थित प्रोजेक्ट अविनाश चितवन तेजी से आकार ले रहा है, जिसमें दीं जाने वाली सुख-सुविधाएं लोगों की जीवनशैली को उन्नत बनाएंगी। सबसे खास यह है कि यहां कई ऐसी अद्वितीय सुविधाएं दे रहे हैं जो लोगों को प्रकृति के करीब लाएगी। टाउनशिप का फेज-1 लगभग 50 एकड़ में है और अब नया फेज-2 लेकर आ रहे हैं जो कि 20 एकड़ का है। दोनों फेज के साथ टाउनशिप 70 एकड़ की है। अविनाश चितवन में हम प्रीमियम रेजीडेंशियल प्लॉट्स, अपॉर्टमेंट और विला के विकल्प दे रहे हैं। यहां 'विला इन स्काय' तर्ज पर अपॉर्टमेंट हैं। अविनाश चितवन का वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्टक्चर रहवासियों को ढेर सारी सहूलियतें प्रदान करेगा। यहां हर तरह की छोटी-बड़ी सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा गया है जैसे 70 फीट की मेन रोड, 40-40 फीट की कनेक्टिंग रोड, 24|7 सिक्योरिटी, कॉमन एरिया में पावर बैकअप, 24|7 वॉटर सप्लाई, सीसीटीवी सर्विलेंस, सोलर पावर, रैन वॉटर हार्वेस्टिंग, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, पार्किंग की पर्याप्त जगह, कमर्शियल स्पेस, जॉगर्स ट्रेक, फुटपाथ, अंडरग्राउंड इलेक्ट्रिक केबलिंग, क्लोज्ड कैंपस, बूम बेरियर। टाउनशिप में पांच बस स्टॉप भी बनाए जा रहे हैं। टाउनशिप का भव्य प्रवेश द्वार प्लांटेशन और फाउंटेन के साथ तैयार हो चुका है। अंदर की सभी रोड का डेवलपमेंट किया जा रहा है। वहीं, चितवन का उत्सव क्लब हाउस मॉडर्न ऐमिनिटीज से लैस होगा। क्लब में एसी जिम, स्विमिंगपूल, स्प्लैश पूल, लगून पूल, जाकूजी, स्टीम बॉथ, योगा स्टूडियो, मेडिटेशन रूम, बैंकेट हॉल, गेस्ट रूम, चिल्ड्रन प्ले एरिया, लॉन टेनिस, इंडोर बैडमिंटन कोर्ट, इंडोर जिम, टेबल टेनिस जैसी फैसिलिटीज होंगी। क्लब का इंटीरियर और स्विमिंगपूल का निर्माण कार्य जारी है। इसके अलावा 46000 वर्गफीट में मंदिर और उसका प्रांगढ़ बनकर तैयार हो चुका है। मिनी मॉल की तरह अविनाश चितवन में कमर्शियल भी लाया जाएगा।

## प्रदेश का पहला मंदिर जहां माताजी के साथ बाबा की होती है पूजा

**रायपुर।** देवेंद्र नगर रोड फोकटपारा में एक ऐसा मंदिर है जहां मां कामाख्या के साथ हजरत झिरिया वाले बाबा की वार्षिकी पूजा होती है। मां कामाख्या की गुवाहटी केअलावा प्रदेश में यह दूसरा मंदिर है जहां माता की वार्षिकी पूजा गुवाहटी स्थित कामाख्या मंदिर में होने वाले विधि विधान से की जाती है। वार्षिकी पूजा में सैकड़ों भक्त देश विदेश से शामिल होने यहां आते है। जो अपने मनोकामना सिद्धि की बखान करते नहीं थकते है। मां कामाख्या का विग्रह फोकट पारा स्थित मंदिर में स्थापित जहां पिछले 30 वर्षो में मां का वार्षिकी पूजा हो रही है। 22 जून से प्रारंभ वार्षिकी पूजा में 23 को विशेष श्रृंगार,24 को दो दिन के लिए पट बंद होगा। 26 जून को पट खोला जाएगा। सुबह से ही अनुष्ठान का सिलसिला शुरू होगा। वहीं दोपहर को माता की शोभा यात्रा



**कामाख्या मंदिर के साधक धीरेंद्र विश्वकर्मा 30 सालों से कर रहे अनवरत पूजा**

## कृषि विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर हुआ ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन



**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के 36वें स्थापना के अवसर पर अखिल भारतीय कृषि छात्रसंघ, छत्तीसगढ़ और रोपण पत्रिका के संयुक्त तत्वाधान में ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें पूरे भारतवर्ष के 37 विश्वविद्यालय से लगभग 953 छात्र छात्राओं ने पंजीयन कराया था और 519 छात्र छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया था। प्रथम स्थान पर परमानंद वर्मा, पी एच डी प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान पर मुस्कान तिवारी, बी एस सी चतुर्थ वर्ष और तृतीय स्थान पर शिवम् योगी बी एस सी चतुर्थ वर्ष रहें। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करने हेतु अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय में रखा गया था, जिसके मुख्य अतिथि डॉ. (मेजर) जी के श्रीवास्तव, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, विशिष्ठ अतिथि के रूप में अमित नामदेव, संपादक, रोपण पत्रिका और अखिल भारतीय कृषि छात्र संघ के राष्ट्रीय शिक्षा परिषद के डिप्टी चेयरमैन विकाश लुनावत ने सभी विजेताओं को ट्रॉफी, नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि जी ने अपने संबोधन में कहा की अखिल भारतीय कृषि छात्रसंघ और रोपण पत्रिका द्वारा आयोजित क्विज प्रतियोगिता छात्र छात्राओं के ज्ञानवर्धन के लिए उपयोगी साबित हुआ और भविष्य में ऐसे ज्ञानवर्धक आयोजन करने हेतु प्रोत्साहित भी किया। कार्यक्रम के अंत में अखिल भारतीय कृषि छात्र संघ, छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष हेम प्रकाश वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। कृषि विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर हुआ ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का अयोजन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के 36वें स्थापना के अवसर पर अखिल भारतीय कृषि छात्रसंघ, छत्तीसगढ़ और रोपण पत्रिका के संयुक्त तत्वाधान में ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

**NOTICE UNDER SECTION 72 OF INDIAN PARTNERSHIP ACT 1932**

**To whom so ever it may concern**

Notice is hereby given that the constitution of partnership firm M/s Swastik Projects, Swastik, 15/210, Gopal Dall Mill Building, Dr. Virdi Gali, Ramsagar Para, Raipur (CG) PIN Code 492001 had been reconstituted on 01-01-2021. In this regard Mr Somya Agrawal Voluntary Retirement in the firm and new Partner Mr. Hemant Lunkad, Mr. Poonam Chand Linkad & Mr. Khanpara Mayur Chandubhai is joining the firm the partnership deed is executed on 01-01-2021.

**Narendra Agrawal (Partner)** **Hemant Lunkad (Partner)** **Poonam Chand Lunkad (Partner)** **Khanpara Mayur Chandubhai Partner**

For, **Swastik Projects Raipur (CG)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार, बेरला जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

**// उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र बनाने //**

क्रमांक/177/वा.तह./2022 बेरला दिनांक 10/06/2022

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक/आवेदिका कु. स्नेहलता अन्य 04 पिता/पति स्व. मणीलाल महेश्वरी निवासी ग्राम-केशडबरी प.ह.न. 02 तहसील-बेरला, जिला-बेमेतरा ने ग्राम-केशडबरी तहसील-बेरला जिला-बेमेतरा के द्वारा अपने पिता स्व. श्री मणीलाल महेश्वरी शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोहभट्ठा तहसील-बेरला में प्रधान पाठक के पद पर कार्यरत थे। पिता जी की सेवाकाल के दौरान दिनांक 16/04/2021 को कोरोना से स्वर्गवास हो जाने पर पेंशन एवम उपादान की राशि प्राप्त करने के लिए कु. अपर्नालता महेश्वरी के नाम पर देने की आपसी सहमति पत्र दिनांक 01/04/2022 को निष्पादित किया गया है। अन्य भाई-बहन को किसी भी प्रकार की आपत्ति नहीं है अतः पिता स्व. श्री मणीलाल महेश्वरी की मृत्यु के उपरांत पेंशन एवं उपादान की राशि प्राप्त करने के लिए उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र प्रदाय करने कलेक्टर महोदय बेमेतरा से आवेदन प्राप्त हुआ है।

उक्त प्रतिवेदन दिनांक 27/06/2022 तक पेश करना सुनिश्चित करें।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**बेरला**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कुम्हारी, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

**// दावा आपत्ति सूचना //**

क्र/1638/राज.वि./नामां./2022 कुम्हारी, दिनांक -21/06/2022

नगर पालिका परिषद कुम्हारी में अपने स्वयं के भवन/भूमियों को क्रय-विक्रय किया जाकर नगर पालिका अभिलेख में नाम परिवर्तन करने हेतु निम्नानुसार आवेदन प्राप्त हुआ है। उक्त प्रकरणों पर नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत् नामांतरण किये जाने पर यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था/समुदाय को आपत्ति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने की तिथि से 15 दिन के अन्दर लिखित में नगर पालिका कार्यालय में अपना दावा/आपत्ति आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। भवन/भूमि नामांतरण संबंधी विवरण निम्नानुसार है:-

**क्र. 1, हस्तांतरणकर्ता का नाम व पता** - श्रीमती शांता दुबे पति श्री छोटेलाल दुबे, वार्ड क्रं.-09 कुम्हारी, जिला-दुर्ग (छ.ग.), **हस्तांतरिती का नाम व पता** - श्री संतोष दुबे पिता श्री छोटे लाल दुबे, वार्ड क्र.-09 कुम्हारी, जिला-दुर्ग (छ.ग.), **भवन/भूमि का विवरण** - भूखण्ड क्रं.-65, क्षेत्रफल 247 वर्गफटी वार्ड क्रं.-09 कुम्हारी, जिला-दुर्ग (छ.ग.), **नामांतरण का आधार** - मृत्यु उपरांत।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कुम्हारी**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - माँ कर्मा माता
वार्ड क्र. 38, वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **21.07.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 187/22.06.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 69/38, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - जगदेव साहू S/o गोविन्द्र राम साहू, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- नवीन कुमार साहू S/o श्री जगदेव साहू.

मुहर

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम,**
**बीरगांव**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - ठाकुर देव
वार्ड क्र. 18, वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **21.07.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 188/22.06.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 581/18, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - बबली सिंह W/o गोविन्दनारायण सिंह, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- कुषमा शुक्ला W/o अनिल कुमार शुक्ला.

मुहर

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम,**
**बीरगांव**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - माँ अब्दुल रउफ
वार्ड क्र. 28, वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **21.07.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 189/22.06.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 785/28, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - स्व. चंद्रिका प्रसाद S/o सुकालु राम देवांगन, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- शांति देवांगन W/o स्व. चंद्रिका देवांगन,
मोहन, विष्णु कुमार, भोलाराम, पिताम्बर, दुर्गा S/o स्व. चंद्रिका प्रसाद.

मुहर

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम,**
**बीरगांव**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - मो. अब्दुल रउफ
वार्ड क्र. 28, वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **21.07.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 190/22.06.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 321/28, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - स्व. चंद्रीका प्रसाद देवांगन S/o सुकालू राम देवांगन, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- (1) शांति देवांगन W/o स्व. चंद्रीका प्रसाद देवांगन
(2) मोहन लाल S/o स्व. चंद्रीका प्रसाद देवांगन
(3) विष्णु कुमार S/o स्व. चंद्रीका प्रसाद देवांगन
(4) भोलाराम प्रसाद S/o स्व. चंद्रीका प्रसाद देवांगन
(5) पिताम्बर S/o स्व. चंद्रीका प्रसाद देवांगन
(6) दुर्गा S/o स्व. चंद्रीका प्रसाद देवांगन.

मुहर

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम,**
**बीरगांव**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - मो. अब्दुल रउफ
वार्ड क्र. 28, वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **21.07.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 181/22.06.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 303/28, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - स्व. चंद्रीका प्रसाद देवांगन S/o सुकालू राम देवांगन, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**-
(1) शांति देवांगन W/o स्व. चंद्रीका प्रसाद देवांगन
(2) मोहन लाल S/o स्व. चंद्रीका प्रसाद देवांगन
(3) विष्णु कुमार S/o स्व. चंद्रीका प्रसाद देवांगन
(4) भोलाराम प्रसाद S/o स्व. चंद्रीका प्रसाद देवांगन
(5) पिताम्बर S/o स्व. चंद्रीका प्रसाद देवांगन
(6) दुर्गा S/o स्व. चंद्रीका प्रसाद देवांगन.

मुहर

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम,**
**बीरगांव**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - माँ कर्मा माता
वार्ड क्र. 38, वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **21.07.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 182/22.06.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 69/38, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - जगदेव साहू S/o गोविन्द राम साहू, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- दिव्यांश साहू S/o जगदीश साहू.

मुहर

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम,**
**बीरगांव**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - मिनीमाता
वार्ड क्र. 37, वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **21.07.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 183/22.06.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 16/37, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - कृष्णा कुमार जंघेल S/o रामनाथ जंघेल, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- अशोक कुमार जंघेल S/o रामनाथ जंघेल.

मुहर

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम,**
**बीरगांव**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - छत्रपति शिवाजी
वार्ड क्र. 15, वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **21.07.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 184/22.06.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 106/15, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - जसबिंदर सिंह S/o स्व. दिलीप सिंह, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- सोमनाथ साहू S/o केशव राम साहू.

मुहर

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम,**
**बीरगांव**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - रानी लक्ष्मी बाई
वार्ड क्र. 7, वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **21.07.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 185/22.06.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 262/7, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - जगौता बाई पाल W/o फागु राम पाल, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- गजानंद धनकर S/o स्व. फागुराम धनकर.

मुहर

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम,**
**बीरगांव**

# मांगों को लेकर हड़ताल पर गए सफाई कर्मचारी, स्कूलों में चरमराई व्यवस्था

## 27 तक ब्लॉक मुख्यालय में करेंगे प्रदर्शन, आगे की रणनीति भी तैयार

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव/छुरिया
www.dailypioneer.com

जिले भर में स्कूल सफाई कर्मचारियों ने आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरु कर दी है। वेतन में बढ़ोतरी की मांग को लेकर इससे पहले भी कर्मियों ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा था। सफाई कर्मी 27 जून तक विकासखंड मुख्यालयों में प्रदर्शनरत रहेंगे। इसके बाद राजधानी में प्रदर्शन की तैयारियां की जा रही है। अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से स्कूलों की साफ-सफाई व्यवस्था चौपट हो चुकी है। कई स्कूलों में तो छात्र ही यह काम कर रहे हैं।

छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ के प्रांतीय आव्हान पर सभी ब्लाक के अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी 22 जून से काम बंद कर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए हैं।



छुरिया ब्लाक के अंशकालीन सफाई कर्मचारियों की बैठक मां कर्मा भवन कल्लूबंजारी में हुई। यहां निर्णय अनुसार 22जून से 27 जून तक ब्लाक मुख्यालय छुरिया में धरना, प्रदर्शन एवं रैली निकाल कर अपने मांग को लेकर शासन को ज्ञापन सौंपने की तैयारी है।

छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ के ब्लाक अध्यक्ष गोविंद मंडावी, उपाध्यक्ष जितेन्द्र पटेल एवं सचिव ढालसिंह साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ के शासकीय विद्यालयों में अंशकालीन सफाई कर्मचारी विगत बारह वर्षो से अत्यंत ही अल्प मानदेय पर काम कर रहे हैं। नियमितिकरण सहित विभिन्न मांगों के संदर्भ में शासन को समय-समय पर अवगत कराया गया। हमारी मांगों अनसुनी ही रही। अब हमे अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाना पड़ रहा है। मांग पूरी होने तक हमारा आंदोलन निरंतर जारी रहेगा।

छुरिया ब्लाक के अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी 22जून से 27जून तक जनपद कार्यालय के सामने छुरिया में नियमित रूप से धरना प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद रैली निकाल कर शासन के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। ब्लाक व तहसील स्तर के समस्त अधिकारियों को पूर्व सूचना दे दी गयी है।

प्रथम दिवस के हड़ताल में प्रमुख रूप से संघ के ब्लाक अध्यक्ष गोविंद मंडावी, उपाध्यक्ष जितेन्द्र पटेल, सचिव ढालसिंह साहू, संरक्षक अजय मषराम, कोषाध्यक्ष एवन सहारे, मीडिया प्रभारी निसार मियां, सलाहकार द्वय बबीता साहू , पुष्पा देवांगन,सदस्य गण गजेन्द्र कोहकट्टा, धनुष टेकाम, धनंजय मंडावी,हुमेश कुमार ,संजू मंडावी,भूपेन्द्र निषाद,पुष्पा भुआर्य ,अमेरिका, किरण बाई चम्पाबाई,पुनेश्वरी साहू, कुंती बाई,हबीब खान,बसंत साहू आदि सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# खेती-किसानी : खरीफ सीजन में खुर्रा जुताई व बुआई का दौर

## लाईचोपी व रोपाई के लिए झमाझम का इंतजार

पायनियर संवाददाता डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर क्षेत्र सहित अंचल में खरीफ सीजन के लिए कृषि कार्यों में तेजी आ गई है। अंचल के पारंपरिक कृषकवर्ग खुर्रा जुताई के बाद धान की बुआई कर रहे हैं। सिंचाई सुविधा विहीन किसान पारंपरिक लाईचोपी के लिए औसत बारिस की आस में हैं, तो वहीं सिंचाई सुविधा संपन्न किसानों का थरहा पौधा भी रोपाई के लिए क्यारी में तैयार हो रहा है। यानी लाईचोपी एवं रोपाई के लिए झमाझम का इंतजार है।

डोंगरगांव नगर व अंचल कृषि पर आधारित है। नब्बे फीसदी ग्रामीण कृषि पर ही आश्रित हैं। जून के दूसरे पखवाड़े में प्री मानसून की बारिश से ही किसानों के खेत सफाई व जुताई होकर अनुकूल बारिश व मौसम के लिए तैयार है। इस दरम्यान किसान खाद के लिए जरूर भटकते नजर आ रहे हैं। जानकारी मुताबिक अंचल के विभिन्न सहकारी समितियों में पर्याप्त खाद की किल्लत किसानों के चिंतन का विषय हो गया है। बहरहाल किसान जैसे तैसे कृषि केंद्रों से खाद उठाव कर सिर्फ झमाझम बारिश का इंतजार कर रहे हैं।



### किसानों का मुख्य सिरदर्द डीएपी

केंद्र सरकार से बमुश्किल सब्सिडी वहन करने डीएपी खाद की कीमत तो संभाल ली गई, लेकिन डीएपी की उपलब्धता पर राजनैतिक दलों की ओर से कमतर ही पहल किए जा रहे हैं। राज्य सरकार रोपाई के पूर्व डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की दिशा में जरूर नजर आती है। इधर जब तक डीएपी का रैक पहुंचेगा, तब तक ग्रामीण किसान कृषि केंद्रों में लुट चुके होंगे।

### कृषि सीजन के मार्केट में उछाल

कृषि सीजन में किसान वर्ग भले ही खेत की ओर रुख किये हुए हैं, फिर भी खेतों में उपयोगी पारंपरिक उपकरणों व ट्रैक्टर सामान, बारिश से बचाव के छतरी व टीन शेड सहित कवेलू के लिए सामग्री खरीदी के दौर से मार्केट में उछाल भी है। हालांकि रोपाई शुरू होने के बाद से मार्केट में तीन माह तक मंदी भी छाए रहने के आसार हैं।

# मृतक के दस्तखत कर खुद को बनाया पार्टनर, पुलिस में शिकायत

- महावीर चौक में संचालित भाटिया पेट्रोल पंप के संचालकों के खिलाफ खुला मामला

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भाटिया पेट्रोल पंप संचालन में हिस्सेदारी हासिल करने के लिए प्रोपराईटरकी मौत के 5 साल बाद फर्जी हस्ताक्षर कर फर्जी दस्तावेज तैयार करने का मामला सामने आया है। इस मामले को लेकर पुलिस और अन्य अधिकारियों से लिखित शिकायत की गई है। शिकायतकर्ता ने दस्तावेजी तथ्यों के साथ आरोप लगाते हुए तत्काल महावीर चौक स्थित पेट्रोल पंप का संचालन बंद किए जाने की मांग की है। महावीर चौक में संचालित भाटिया पेट्रोल पंप के संचालकों पर कूटरचना के गंभीर आरोप लगे हैं। देवेंद्र सिंह गरचा ने पुलिस व वाणिज्यकर अधिकारी से शिकायत में बताया है कि मौजूदा संचालक गुरदीप सिंह भाटिया व बलबीर कौर ने प्रोपराईटर गुरभेज सिंह भाटिया की मृत्यु वर्ष 2008 में हो जाने के उपरांत वर्ष 2013 में उनकी फर्जी हस्ताक्षर कर भाटिया पेट्रोल पंप में हिस्सेदारी हासिल की है। उनकी इस शिकायत के बाद हड़कंप की स्थिति है।

### खुद किए मृतक के दस्तखत

देवेंद्र सिंह गरचा ने अपनी लिखित शिकायत में बताया है कि भाटिया पेट्रोल पंप के संचालक गुरभेज सिंह भाटिया की मौत 09 सितंबर 2008 को हो चुकी है। उनकी मौत के 5 साल बाद दिनांक 29 अप्रैल 2013 को वाणिज्य कर अधिकारी राजनांदगांव को संचालक फर्म की पूर्व की संरचना में परिवर्तन व पंजीयन प्रमाण पत्र हेतु एक आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया। इसमें गुरदीप सिंह व बलबीर कौर द्वारा मृतक के फर्जी हस्ताक्षर किए गए हैं। उन्होंने उक्त आवेदन की प्रति और स्व. गुरभेज का मृत्यु प्रमाण पत्र के साथ यह शिकायत दर्ज कराई है।

### कई और पेंच में फंस रहे संचालक

भाटिया पेट्रोल पंप के संचालकों पर और भी कई तरह के आरोप लगे हैं। शिकायतकर्ता देवेंद्र सिंह गरचा ने आरोप लगाया है कि सरदार गुरभेज सिंह के फर्जी हस्ताक्षर से आरोपियों द्वारा डीड ऑफ पार्टनरशिप तैयार करवाई गई और इसे कहीं से नोटरी या पंजीयन भी नहीं करवाया गया। यही नहीं मौजूदा संचालकों द्वारा पूर्व में भाड़ा नियंत्रण अधिकारी के समक्ष डीलर की हैसियत से हस्ताक्षर कर आवेदन प्रस्तुत किया गया जबकि उस दौरान वह डीलर थे ही नहीं।


# आइल का टैंकर पलटा, बड़ी दुर्घटना टली

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जीई रोड पर आईल भरे टैंकर के पलटने से हड़कंप मच गया। बुधवार की सुबह यह हादसा राजनांदगांव-दुर्ग नेशनल हाईवे में सीआईटी कॉलेज तिराहे पर हुआ। टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे जा उतरा और पलट गया। घटना के बाद टैंकर में भरा आईल लीक होकर आसपास फै ल गया।

बताया गया कि यह टैंकर जला आईल लेकर नागपुर से रायपुर की ओर जा रहा था। हालांकि हादसे में कोई जनहानि नहीं होने की खबर है। घटना की सूचना मिलने के बाद यातायात पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे।

जानकारी मुताबिक नागपुर से रायपुर जा रहा एक टैंकर तिराहे पर



अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। यातायात पुलिस के मुताबिक सामने एक ट्रक के आ जाने से टैंकर चालक वाहन को नियंत्रित नहीं कर पाया। जिसके चलते टैंकर सडक् से उतरकर नीचे उतरकर पलट गई। हादसे में टैंकर चालक को मामूली चोंटे आई है।

पुलिस का कहना है कि टैंकर में जला हुआ आईल भरा हुआ था। जिसका उपयोग ग्रीस बनाने के लिए किया जाता है। नागपुर से रायपुर की ओर जाते हुए हादसे में बड़ी घटना टल गई। अगर टैंकर बीच सड़क पर पलटता तो यह घटना बड़े हादसे में तब्दील हो सकती थी।

# लैपटॉप चोरी करने वाले नाबालिग सहित दो गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com

गंडई पुलिस ने बीते दिवस लैपटॉप चोरी करने वाले युवक और एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक लैपटॉप को बेचने की फ़िराक से नगर में घूम रहा था। जिसे मुख़बिर की सूचना पर युवक को घेराबन्दी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर युवक ने लैपटॉप चोरी करना स्वीकार किया है।

गौरतलब हो कि बीते 31 मई को प्रार्थी कोमल वर्मा (25) कृतबांस थाना गंडई निवासी ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि रात्रि करीबन 12 से 4 बजे के बीच दुकान का ताला तोड़कर वहां रखे लेनोवा कंपनी का लैपटॉप, मोबाइल फोन, गल्ले में रखे 1500 रूपये और पास - बुक सहित अन्य समान चोरी हो गया है। जिस पर थाना गंडई अपराध कमांक 154 / 2022 धारा 457, 380 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया था।

इसी दौरान पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि गंडई पंडरिया निवासी मनोज मेरावी चोरी गए लैपटॉप को बेचने के लिये ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर घेराबंदी कर संदेही को पकड़कर पूछताछ किया गया। पूछताछ



करने पर 31 मई के रात्रि करीबन 1.00 बजे अपने एक नाबालिग साथी के साथ कृतबांस स्थित कोमल वर्मा की दुकान से लैपटॉप, मोबाईल, केबल वायर व अन्य समान चोरी करना उसने स्वीकार किया। जिसके कब्जे से लेनोवा कंपनी का लेपटॉप, केबल वायर, ताला तोड़ने में उपयोग किये गये सेंट्रिगं हथौडी को जप्त किया गया। आरोपी मनोज मेरावी एवं उसके साथी विधि से संघर्षरत बालक के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है।

# राजनांदगांव की दो बेटियां भारत की अंडर-16 बास्केटबॉल टीम में

## मुख्यमंत्री ने दोनों खिलाड़ियों को दी बधाई

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

राजनांदगांव की दो बेटियों को भारत की अंडर-16 बॉस्केटबॉल टीम में स्थान मिला है। भारतीय खेल प्राधिकरण के राजनांदगांव ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षण ले रहीं प्रार्थना साल्वे और मोनी अडला जॉर्डन के अम्मान में आयोजित फीबा एशिया अंडर-16 बास्केटबॉल चैंपियनशिप में देश की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह चैंपियनशिप 24 जून से 30 जून तक आयोजित है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और खेल मंत्री उमेश पटेल ने भारतीय टीम में इन दोनों के चयन के लिए बधाई दी है। उन्होंने चैंपियनशिप में अच्छे प्रदर्शन के



लिए दोनों को शुभकामनाएं भी दी हैं। डेल्ही पब्लिक स्कूल, राजनांदगांव की इन दोनों छात्राओं का चयन इस साल जनवरी में इंदौर में हुई जूनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। इन दोनों खिलाड़ियों ने अम्मान में होने वाले एशियन चैंपियनशिप के लिए बेंगलुरू में आयोजित भारतीय टीम के कैंप में भी हिस्सा लिया है।

# अग्निपथ से 4 वर्षों में रिटायर्ड होकर कहां जायें युवा

- सांसद के बयान पर एआईसीसी मेंबर क्रांति बंजारे

पायनियर संवाददाता डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

केंद्र सरकार की युवाओं को लेकर महत्वाकांक्षी योजना अग्निपथ की आग छत्तीसगढ़ में फैली हुई है। राजधानी रायपुर के भाजपा सांसद सुनील सोनी के कथित बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के सदस्य व एआईसीसी मेंम्बर क्रांति बंजारे ने कहा कि सांसद सुनील सोनी और भाजपा को आत्ममंथन करना चाहिए कि आखिर मोदी सरकार के द्वारा बनाई गई योजनाओं का देशभर में विरोध क्यों होता है?



छग कांग्रेस नेत्री बंजारे ने पायनियर को जारी प्रतिक्रिया में कहा कि भाजपा के नेता अग्निवीरो को रिटायरमेंट के बाद भाजपा दफ्तरों में चौकीदार की नौकरी देने की बात करते हैं। मोदी सरकार के मंत्री अग्निपथ योजना से जुड़ने वाले युवाओ को बाल काटने, कपड़ा धोने, ड्राइविंग की ट्रेनिग देने की बात करते है। सांसद सुनील सोनी राज्य सरकार पर युवाओ को शराब कोचिया बनाने का झूठा आरोप लगाकर युवाओ को अपमानित कर रहे हैं। बंजारे के मुताबिक देश के युवा मोदी सरकार से दो करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष मिलने का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में सेना भर्ती में मात्र 4 साल नौकरी के लिये अग्निपथ योजना शुरू कर उन लाखों युवाओं के जख्मों पर नमक छिड़का गया है, जो युवा सेना में पूर्णकालिक सेवा करना चाहते हैं। ऐसे युवाओं को सांसद सुनिल सोनी बताये की रिटार्यमेंट के बाद उनके पास रोजगार के क्या साधन होंगे?

## पुराने अफसरों ने कर रखा था बेड़ागर्क, नए अफसरों ने दिखाया एक्शन

# हनईकलकला में साढ़े तीन लाख से होगी शाला भवन की मरम्मत, लगेगी पाठशाला भी

पायनियर संवाददाता मानपुर
www.dailypioneer.com

नक्सल प्रभावित मानपुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम हनईकलकला में शाला के बहिष्कार के बाद क्षेत्र के अफसर और नेताओं के कान खड़े हो गए। इस मामले में दूसरे ही दिन प्रशासनिक महकमा एसडीएम के साथ ग्राम हनईकलकला पहुंचा। एसडीएम ने पहुंचकर व्यवस्था बहाली के लिए ग्रामीणों से सार्थक चर्चा कर समस्या का हल निकाला। शाला संचालन की वैकल्पिक व्यवस्था की तथा जर्जर भवन का संधारण सुनिश्चित करने का जरूरी दिशा निर्देश भी संबंधितों को दिया।

दरअसल वर्षो से यहाँ जमे प्रशासनिक कारिंदों की उदासीनता



शासन-प्रसासन की बेरुखी से खफ़ा आदिवासियों ने किया शाला का बहिष्कार

पायनियर संवाददाता मानपुर
www.dailypioneer.com

धुर नक्सल प्रभावित आदिवासी बाहुल्य मानपुर इलाके में ग्राम हनईकल कला के ग्रामीणों ने गांव में शाला संचालन का बहिष्कार कर दिया है। 20 जून को इसकी सूचना प्रसाशन को देने बड़ी संख्या में ग्रामीण मानपुर तहसील कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। बता दें कि नए शिक्षा सत्र के आरंभ तिथि से ही यहाँ के ग्रामीण अपने बच्चों को स्कूल नही भेज रहे हैं। नतीजतन स्कूल सूना है। वहीं शाला के मास्टर शाला समय तक स्कूल में रहकर बिना अध्यापन के रोजाना वापस लौटने को मजबूर हैं। दरअसल गांव का प्राथमिक शाला भवन लंबे समय से अति जर्जर स्थिति में है। छत की छड़ें बाहर झांक रहीं हैं वहीं सीमेंट के टुकड़े नीचे झड़ कर बच्चों को चोटिल करने लगे हैं। ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक, जनपद पंचायत सीईओ समेत अफसर-नेताओ को साल दर साल कई मर्तबा अपनी समस्या बताई लेकिन हुक्मरानो ने आदिवासी नौनिहालों व ग्रामीण जरूरतों की सुध नही ली। लंबे समय से जर्जर भवन में अपने बच्चों की जान हथेली में रखकर उन्हें पढ़ा रहे ये आदिवासी आखिरकार शासन-प्रसासन की बेरुखी से तंग आकर अब आंदोलित हो गए हैं तथा शाला का बहिष्कार कर अपने बच्चों के भविष्य को अब दांव पर उन्होंने लगा दिया है। अपने बच्चों के भविष्य व सुरक्षा के लिए चिंतित ग्रामीणों ने प्रसासन को ज्ञापन सौंपकर बहरहाल अपनी ये मंशा जाहिर कर दी है कि जब तक शाला भवन की मरम्मत अथवा नए शाला भवन की व्यवस्था नही की जाती वे अपने बच्चों को स्कूल नही भेजेंगे। दूसरी ओर नायब तहसीलदार सृजल साहू ने उच्च अधिकारियों को मसले से अवगत कराकर जल्द व्यवस्था बहाल करने का भरोसा दिलाया है।

ने हनईकलकला के आदिवासी नौनिहालों को जर्जर भवन में जान हथेली पर रखकर पढ़ने को मजबूर कर रखा था। कई मर्तबा जिम्मेदार अफसर व जनप्रतिनिधियों को ग्रामीणों ने अपनी व्यथा सुनाई लेकिन किसी ने भी इनकी सुध नही ली। हाल ही में यहाँ पदस्थ हुए एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार समस्या की जानकारी मिलते ही गाँव पहुंचे। एसडीएम ने गंभीरता दिखाई और तत्काल आंगनबाड़ी भवन में शाला संचालन व्यवस्था सुनिश्चित कर ग्रामीणों को बच्चों को स्कूल भेजने के लिए राजी किया। वहीं संबंधित अफसर को तत्काल शाला भवन का संधारण भी सुनिश्चित करने निर्देशित किया। एसडीएम की तत्परता पर ग्रामीणों ने भी खुशी जाहिर की और कहा कि पहले के अफसरों ने हमारी समस्या पर ध्यान नही दिया। नए अधिकारी गांव में आए और उन्होंने उनकी समस्या सुलझाई।

### साढ़े तीन लाख से मरम्मत, आंगनबाड़ी में लगेगा स्कूल



एसडीएम की दखल के बाद तत्काल जनपद पंचायत मानपुर द्वारा साढ़े तीन लाख रुपए की राशि हनईकलकला शाला भवन के मरम्मत के लिए स्वीकृत की गई। इस राशि से पुराने छत को उखाड़कर नई छत भवन में बनाई जाएगी व और भी कार्य होंगे। इससे पूर्व ग्रामीणों के साथ मिलकर एससडीएम ने आंगनबाड़ी में आंगनवाड़ी समय से परे समय में शाला संचालन करना भी सुनिश्चित किया। ग्रामीणों ने शाला बहिष्कार समाप्त कर दिया हैतथा अगली तिथि से यहाँ पाठशाला भी लगेगी।

### खोज खोज कर बुलाया बच्चों को, मना डाला प्रवेशोत्सव भी

एसडीएम ने पहुंचकर व्यवस्था बहाली के लिए कुछ सार्थक पहल की। जिसके चलते मामला सुलझा।एसडीएम की दखल के बाद शाम को ऐसे अफसर भी नेताओं को लेकर गाँव पहुंचे जिन्होंने पहले तो आदिवासी नौनिहालों की सुध नहीं ली लेकिन जब खबर से हड़कंप मचा तो इन्होंने आनन फानन में यहाँ पहुंचकर बच्चों की छुट्टी के घंटों बाद खेत गली गांव में घूम-घूमकर खेल रहे चंद बच्चों को जर्जर स्कूल के सामने इकट्ठा कर शाला प्रवेशोत्सव भी मना डाला। जिन बच्चों की समस्याओं को झांकने की फुर्सत नही थी उन बच्चों को बाकायदा चॉकलेट तक खिलाया गया वही पुस्तकें भी बांट दी गई।


## कार्यालय, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग कवर्धा (छ.ग.)

// निविदा आमंत्रण सूचना//

क्रमांक-4179/NIT-05/2022-23/व ले लि दिनांक 20/06/2022

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 04/07/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 11/07/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि - 12/07/2022 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
निविदा कारों की श्रेणी - "द" श्रेणी से "अ" तक

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम NoOfCalls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) बैंक साल्वेंसी (रू. में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| T0021 | जिला कबीरधाम के शास. हायर सेकेंडरी स्कूल वीरेन्द्रनगर में विशेष मरम्मत का कार्य (21-22) प्रथम आमंत्रण | 4.96<br>3720.00<br>74400.00 |
| T0022 | जिला कबीरधाम के ग्राम नवघटा स्कूल भवन में विशेष मरम्मत का कार्य (21-22) प्रथम आमंत्रण | 4.75<br>3565.00<br>71250.00 |
| T0025 | जिला कबीरधाम के आई.टी.आई.छात्रावास भवन में विशेष मरम्मत का कार्य (21-22) प्रथम आमंत्रण | 4.60<br>4600.00<br>69000.00 |
| T0027 | जिला कबीरधाम के शास. हायर सेकेंडरी स्कूल भवन इन्दोरी का विशेष मरम्मत का कार्य (21-22) प्रथम आमंत्रण | 4.99<br>4990.00<br>74850.00 |

निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग संभाग कवर्धा

G - 92334/3

# अफगानिस्तान में तेज भूकंप, 920 लोगों की मौत, बढ़ सकता है आंकड़ा

## अफगानिस्तान में भूकंप से 250 से अधिक लोगों की मौत

वार्ता ➤ काबुल
www.dailypioneer.com



अफगानिस्तान में आये भीषण भूकंप में कम से कम 920 लोगों की मौत हो गई और 150 से अधिक घायल हो गये। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.1 आंकी गई। उन्होंने कहा कि भूकंप से सर्वाधिक पक्तिका प्रांत में तबाही हुई है। वहां मलबे और बर्बाद घरों के दृश्य काफी भयावह नजर आते हैं। एक स्थानीय सरकारी अधिकारी के हवाले से कहा कि मरने वालों की संख्या 250 से अधिक होने की आशंका है। इस प्राकृतिक आपदा में 150 से अधिक लोग घायल हुए हैं। बख्तर न्यूज एजेंसी ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से बताया कि कल रात पक्तिका और खोस्त प्रांत में आए भूकंप में 280 लोगों की जान चली गई और 600 से अधिक लोग घायल हो गए। मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। तालिबान द्वारा नियुक्त प्रवक्ता बिलाल करीमी ने ट्विटर पर कहा, ÷दुर्भाग्य से, कल रात पक्तिका प्रांत के चार जिलों में भीषण भूकंप आया, जिसमें हमारे सैकड़ों देशवासी मारे गए और घायल हुए। साथ ही कई घर नष्ट हो गए।÷ उन्होंने कहा कि हम सभी सहायता एजेंसियों से आग्रह करते हैं कि आगे की तबाही को रोकने के लिए तुरंत क्षेत्र में टीमें भेजें। बीबीसी ने अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के हवाले से कहा कि भूकंप का केन्द्र जमीन से लगभग 51 किमी की गहराई में स्थित था।

### लोगों को मलबे से निकालने का काम जारी

सुबह अफगानिस्तान की सरकारी न्यूज एजेंसी के रिपोर्टर अब्दुल वाहिद रायन ने ट्वीट कर बताया था कि पक्ति का प्रांत के बरमल, जिरुक, नाका और ज्ञान जिलों में मरने वालों की संख्या 255 तक पहुंच गई है, जबकि 155 लोग घायल हैं। लोगों को मलबे से बाहर निकालने के लिए सुरक्षा बलों के हेलिकॉप्टर इलाके में पहुंच गए हैं।

### इमरजेंसी एजेंसियों से मदद की अपील

सरकार के प्रवक्ता बिलाल करीमी ने ट्वीट किया- दुर्भाग्य से, कल रात पक्ति का प्रांत के चार जिलों में भीषण भूकंप आया। जिसमें हमारे सैकड़ों देशवासी मारे गए और घायल हो गए और दर्जनों घर तबाह हो गए। हम सभी इमरजेंसी एजेंसियों से अपील करते हैं कि आगे की तबाही को रोकने के लिए इस इलाके में टीमें भेजें।

# कनाडा में मंकीपॉक्स के मामलों की संख्या 200 के करीब पहुंची

वार्ता ➤ ओटावा
www.dailypioneer.com



कनाडा में गत शुक्रवार से 30 अतिरिक्त संक्रमण के मामले सामने आने के बाद देश में सक्रिय मंकीपॉक्स के मामलों की संख्या 198 तक पहुंच गई है। कनाडा की मुख्य जन स्वास्थ्य अधिकारी थेरेसा टैम ने शुक्रवार को राष्ट्रव्यापी मंकीपॉक्स के मामलों को 168 पर अपडेट किया। प्रांत के अनुसार एक विश्लेषण से पता चला कि क्यूबेक में 141 मामले, ओंटारियो में 21, अल्बर्टा में चार और ब्रिटिश कोलंबिया में दो मामले थे। क्यूबेक स्वास्थ्य प्राधिकरण ने मंगलवार को ट्विटर के माध्यम से कहा,÷20 जून तक, क्यूबेक में 171 मामले दर्ज किए गए हैं, और 27 मई से टीके का 5,895 डोज दिया जा चुका है। क्यूबेक स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा प्रदान किए गए मामलों की संख्या कनाडा के कुल मामलों में जुड़ गई है जो वायरस के 198 पुष्ट मामलों तक पहुंच गई है क्योंकि डेटा ब्रिटिश कोलंबिया, अल्बर्टा और ओंटारियो के प्रांतों के लिए अपरिवर्तित है। मंकीपॉक्स एक जूनोटिक बीमारी है जो जानवरों से मनुष्यों में फैलती है और कुछ अफ्रीकी देशों में स्थानिक है।

रोगज़नक़ वायरस के उसी परिवार से आता है जो चेचक का कारण बनता है, जिसे 1980 में मिटा दिया गया था। अमेरिका में कई डॉक्टरों ने सार्वजनिक रूप से कहा है कि बीमारी आसानी से पहचानी जा सकती है और इलाज योग्य है और आबादी को घबराना नहीं चाहिए।

# जयशंकर ने इथोपिया में किया भारतीय दूतावास का उद्घाटन

**अदिस अबाबा।** भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने बुधवार को अफ्रीकी देश इथोपिया की राजधानी अदिस अबाबा में भारतीय दूतावास का उद्घाटन किया। डॉ. जयशंकर ने इस अवसर पर मौजूद इथोपिया की महिला एवं सामाजिक मामलों की मंत्री इर्गोगी तेसफाये और विदेश मंत्री तेसमाये यिल्मा का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मेरे साथ इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए इथोपिया की महिला एवं सामाजिक मामलों की मंत्री इर्गोगी तेसफाये और विदेश मंत्री तेसमाये यिल्मा का धन्यवाद। अदिस अबाबा में भारतीय दूतावास का उद्घाटन बेहद सुखद है। इसके लिए यहां भारतीय दूतावास और उनकी टीम को बधाई उन्होंने बहुत अच्छा काम किया है। विदेश मंत्री रवांडा के किगाली में कॉमनवेल्थ हेड्स ऑफ गवर्नमेंट मीटिंग (चोगम) की 26वीं बैठक में हिस्सा लेने गये हैं । यात्रा के बीच उन्होंने इथोपिया में भारतीय दूतावास का उद्घाटन किया। कोविड-19 के खतरे को देखते हुए चोगम की बैठक दो बार टाली जा चुकी है।

# मियामी हवाईअड्डे पर विमान में लगी आग, तीन घायल

**मियामी।** अमेरिका के मियामी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते ही 126 लोगों को ले जा रहे एक विमान का लैंडिंग गियर फटने और आग लगने से तीन लोग घायल हो गये। सीएनएन के मुताबिक, फ्लाइट साढ़े पांच बजे (स्थानीय समयानुसार) सैंटो डोमिंगो से आ रही थी, तभी गियर फट गया और आग लग गई। तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मियामी-डेड फायर एंड रेस्क्यू की प्रवक्ता एरिका बेनिटेज़ ने कहा कि दमकलकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे, उन्होंने विमान के पंख में आग लगी देखी। उन्होंने कहा कि दमकल कर्मियों ने आग पर नियंत्रण कर लिया है और ईंधन के रिसाव को कम किया जा रहा है। कुल तीन घायलों को स्थानीय क्षेत्र के अस्पतालों में ले जाया गया है। इस बीच, राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने कहा कि विमान मैकडॉनेल डगलस एमडी-82 था और घटना की जांच शुरू की जाएगी।

# इमरान खान की हत्या की योजना बना रहे आतंकवादी, आतंक विरोधी विभाग की चेतावनी

एजेंसी ➤ इस्लामाबाद
www.dailypioneer.com



आतंकवादी पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की हत्या की योजना बना रहे हैं और इसके लिए अफगानिस्तान में एक हत्यारे से सहायता मांगी है। पाकिस्तान मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आतंकवाद विरोधी विभाग, खैबर पख्तूनख्वा विंग ने चेतावनी दी है।

रिपोर्ट बताती है कि आतंकवाद विरोधी विभाग ने सभी संबंधित एजेंसियों को इमरान खान की सुरक्षा के लिए हर संभव उपाय करने के निर्देश दिए हैं।

**18 जून को जारी किया गया था अलर्ट?-** एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी का हवाला देते हुए अखबार ने बताया कि विभाग ने 18 जून को अलर्ट जारी किया था। हालांकि धमकी को गुप्त रखने और इसे सोशल मीडिया पर लीक होने से रोकने के आदेश थे। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के नेताओं ने हाल के दिनों में इमरान खान पर खतरे को लेकर चिंता जताई है। पीटीआई नेता फैयाज चौहान ने कहा है कि मेरे पास जानकारी है कि कुछ लोगों ने अफगानिस्तान में 'कोच्चि' नामक आतंकवादी को इमरान खान की हत्या करने का आदेश दिया है।

### शहबाज शरीफ ने किया हर संभव सुरक्षा का वादा

इमरान खान विश्वास मत हारकर ढाई महीने से सत्ता से बाहर हैं। उन्होंने सत्ता में रहते हुए अमेरिका पर आरोप लगाया था कि जो बाइडन सरकार उन्हें सत्ता से हटाना चाहती है हालांकि वाशिंगटन से इससे इनकार किया है। इमरान खान ने मई महीने में कहा था कि उनकी जान को खतरा है। इसके बाद पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने गृह मंत्रालय को इमरान खान को हर संभव सुरक्षा देने का निर्देश सुरक्षा एजेंसियों को दिया था।

# सऊदी अरब और तुर्की में बढ़ रही दोस्ती, प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान जाएंगे अंकारा

एजेंसी ➤ इस्तांबुल
www.dailypioneer.com



इस्तांबुल स्थित सऊदी वाणिज्यिक दूतावास में पत्रकार जमाल खशोगी की 2018 में हत्या के बाद सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान तुर्की के दौरे पर जा रहे हैं। प्रिंस सलमान का यह दौरा तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन के रियाद दौरे के के एक महीने के बाद हो रहा है।

एक्सपर्ट्स का मानना है कि एर्दोगन का अपने सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वियों में से एक के साथ संबंधों को पुनर्जीवित करना मजबूरी है। एर्दोगन का यह फैसला बड़े पैमाने पर इकॉनमी और ट्रेड से प्रेरित है। आम चुनाव से एक साल पहले तुर्की के जीवन स्तर में गिरावट आ रही है जो एर्दोगन के दो दशक के शासन की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है।

### एक्सपर्ट्स का क्या कहना है?

वाशिंगटन इंस्टीट्यूट के तुर्की विशेषज्ञ सोनर कैगाप्टे ने एएफपी से बातचीत में कहा है कि एर्दोगन सिर्फ खुद के बारे में सोच रहे हैं। मुझे लगता है कि उन्होंने तुर्की और खुद के गौरव को मिटाकर भी चुनाव जीतना चाहते हैं। लेकिन यह सिर्फ तुर्की के बारे में नहीं है। सऊदी अरब ईरान की गतिविधियों को लेकर चिंतित है। ऐसे में वह तुर्की को अपने पाले में रखना चाहता है।

**कैसे बिगड़े दोनों देशों के बीच संबंध-** सउदी के साथ तुर्की की समस्याएं तब शुरू हुई जब अंकारा ने मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी के 2013 में काहिरा में मुस्लिम ब्रदरहुड को सत्ता से हटाने को स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। सउदी और अन्य अरब राज्यों ने ब्रदरहुड को अस्तित्व के लिए एक खतरे के रूप में देखा था। 2017 में कतर पर सउदी और उनके सहयोगियों द्वारा लगाए गए लगभग चार साल के नाकेबंदी को तोड़ने की कोशिश के बाद ये प्रतिद्वंद्विता तेज होती गई।

# श्रीलंका का दौरा करेगा भारतीय प्रतिनिधि दल

**कोलंबो।** मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन के नेतृत्व में भारत सरकार का एक प्रतिनिधिमंडल श्रीलंका की आर्थिक सहायता बढ़ाने के लिए स्थिति का आकलन करने के लिए गुरुवार यहां पहुंचेगा। दैनिक मिरर की रिपोर्ट में बताया गया कि प्रतिनिधिमंडल की श्रीलंका में तीन घंटे तक रहेगा और वह राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे और प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे के साथ बातचीत करेगा। यह यात्रा नयी दिल्ली में श्रीलंका के राजदूत मिलिंडा मोरागोडा की 20 जून को भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ बैठक के बाद हुई है। भारत इस समय श्रीलंका को तेल खरीदने के लिए 50 करोड़ डॉलर की एक और क्रेडिट लाइन को अंतिम रूप देने की तैयारी में है। वर्तमान में श्रीलंका बेहद खराब आर्थिक संकट से गुजर रहा है। श्रीलंका में वस्तुओं के आयात के लिए विदेशी मुद्रा भंडार की कमी के कारण खाद्य, दवाइयां, ईंधन जैसी आवश्यक सामग्रियों की कमी है।

# सरसों और मूंगफली तेल महंगा

वार्ता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



वैश्विक बाजार की भारी गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव मजबूत रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सरसों तेल एवं मूंगफली तेल महंगा हो गया जबकि अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा वहीं मूंग दाल, अरहर दाल और चावल के भाव चढ़ गए। **तेल-तिलहन –** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 410 रिंगिट लुढ़ककर 4800 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह अमेरिकी सोया तेल का जून वायदा 2.57 सेंट की गिरावट लेकर 70.80 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान सरसों तेल 1852 रुपये और मूंगफली तेल 35 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया वहीं सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पॉम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले दिवस के स्तर पर टिके रहे। **गुड़-चीनी-** मीठे के बाजार में टिकाव रहा। चीनी और गुड़ के भाव पड़े रहे। **दाल-दलहन –** दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान मूंग दाल 100 रुपये और अरहर दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई जबकि चना, चना दाल, मसूर दाल और उड़द दाल के भाव स्थिर रहे।

# रुपया 15 पैसे लुढ़का

**मुंबई।** दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने से आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 15 पैसे लुढ़ककर 78.13 रुपये प्रति डॉलर रह गया। पिछले कारोबारी दिवस रुपया सात पैसे की मजबूती के साथ 77.98 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। कारोबार की शुरुआत में रुपया दो पैसे फिसलकर 78.00 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और यही इसका दिवस का उच्चतम स्तर भी रहा। हालांकि लिवाली के दबाव में यह 78.13 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया और अंत में पिछले दिवस के 77.98 रुपये प्रति डॉलर की तुलना में 15 पैसे टूटकर 78.13 रुपये प्रति डॉलर रह गया।

# कीटनाशकों पर जीएसटी कम कर पांच प्रतिशत करने की मांग

वार्ता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



फिक्की की फसल सुरक्षा से संबंधित समिति एवं एग्रो केमिकल कंपनी धानुका समूह के अध्यक्ष आर जी अग्रवाल ने फसल उत्पादकता बढ़ाकर किसानों की आय दोगुनी करने के लिए कीटनाशकों पर जीएसटी की दर को पांच प्रतिशत करने की मांग की है। अग्रवाल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कीटनाशकों पर अभी जीएसटी 18 प्रतिशत है है जिसे घटाकर पांच प्रतिशत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार उर्वरकों पर पांच प्रतिशत की दर से जीएसटी लेती है और यही दर कीटनाशकों के लिए भी होनी चाहिए। उन्होंने कीटनाशकों के उत्पादन को पीएलआई स्कीम में शामिल करने की मांग भी की। अग्रवाल ने कहा कि सरकार का कृषि विस्तार कार्यक्रम बहुत धीमा है और यह किसानों की पहुंच में नहीं है। यदि निजी क्षेत्र को सरकार इस क्षेत्र में सहायता देती है तो कृषि से संबंधित आधुनिक तकनीक को किसानों तक सीधे उपलब्ध कराया जा सकता है। उन्होंने देश में नकली कीटनाशकों की विक्री पर चिंता व्यक्त करते हुये कहा कि इससे न सिर्फ किसानों की फसल बर्वाद हो रही है बल्कि उन्हें भारी आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। नकली कीटनाशकों से संबंधित सरकारी प्रक्रिया अप्रभावी है जिससे इस पर नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को सही समय पर उन्नत बीज, उर्वरक, कीटनाशक और अन्य सुविधायें उपलब्ध करायी जायें तो निश्चित रूप से उनकी आय में भारी बढोतरी होगी।

# पेट्रोल-डीजल के दाम 31 वें दिन भी स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतों तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया, जिससे लगातार 31 वें दिन ईंधन के दाम स्थिर रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार दिल्ली में आज पेट्रोल का दाम 96.72 रुपये और डीजल का दाम 89.62 रुपये प्रति लीटर है, जबकि मुंबई में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमशः 111.35 रुपये और 97.28 रुपये प्रति लीटर पर है। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर राज्यों में अलग-अलग हैं।

# शेयर बाजार ने गंवाई तेजी, सेंसेक्स-निफ्टी एक प्रतिशत से अधिक लुढ़का

वार्ता ➤ मुंबई
www.dailypioneer.com




ब्याज दरों में बढ़ोतरी और वैश्विक अर्थव्यवस्था की रफ्तार सुस्त पड़ने की आशंका से विदेशी बाजारों में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से सेंसेक्स और निफ्टी पिछले दो दिनों की तेजी गंवाकर आज एक प्रतिशत से अधिक लुढ़क गए।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 709.54 अंक गिरकर 52 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 51,822.53 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 225.50 अंक टूटकर 15,413.30 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई का मिडकैप 1.53 प्रतिशत उतरकर 21,178.06 अंक और स्मॉलकैप 1.11 प्रतिशत फिसलकर 23,854.62 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3440 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2081 में बिकवाली जबकि 1250 में लिवाली हुई वहीं 109 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में 45 कंपनियां गिरावट जबकि शेष पांच तेजी में रहीं। चौतरफा बिकवाली से बीएसई के सभी 19 समूह गिर गए। बेसिक मैटेरियल्स 2.67, ऊर्जा 2.24, यूटिलिटीज 2.08, धातु 4.96, तेल एवं गैस 2.06, रियल्टी 2.24 और टेक समूह के शेयर 1.11 प्रतिशत गिर गए। वैश्विक बाजार में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 1.46, जर्मनी का डैक्स 2.03, जापान का निक्केई 0.37, हांगकांग का हैंगसैंग 2.56 और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.20 प्रतिशत उतर गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 346 अंक की गिरावट लेकर 52,186.36 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही यह 52,272.85 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। बिकवाली के दबाव में यह दोपहर बाद 51,739.98 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। संभलने की कोशिशों के बावजूद अंत में यह पिछले दिवस के 52,532.07 अंक के मुकाबले 1.35 प्रतिशत उतरकर 51,822.53 अंक पर रहा। निफ्टी भी 93 अंक फिसलकर 15,545.65 अंक पर खुला और कारोबार के दौरान 15,565.40 अंक के उच्चतम जबकि 15,385.95 अंक के निचले स्तर पर रहा।

अंत में पिछले सत्र के 15,638.80 अंक की तुलना में 1.44 प्रतिशत टूटकर 15,413.30 अंक पर आ गया। इस दौरान मारुति, पावरग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर और टीसीएस की 0.31 प्रतिशत तक की बढ़त को छोड़कर सेंसेक्स की शेष 26 कंपनियों ने गोता लगाया। टाटा स्टील ने सबसे अधिक 5.24 प्रतिशत का नुकसान उठाया। इसके अलावा गिरावट पर रहने वाली अन्य प्रमुख कंपनियों में विप्रो 3.29, रिलायंस 3.07, एचसीएल टेक 2.61, आईटीसी 1.76, भारती एयरटेल 1.61, एलटी 1.50, आईसीआईसीआई बैंक 1.36, एनटीपीसी 1.36, और एसबीआई 0.67 प्रतिशत शामिल है।

# कीमती धातुओं में तेजी

**मुंबई।** वैश्विक बाजार की तेजी से समर्थन पाकर आज घरेलू सर्राफा बाजार में सोना 181 रुपये प्रति दस ग्राम और चांदी 896 रुपये प्रति किलोग्राम चमक गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना हाजिर 0.01 प्रतिशत बढ़कर 1838.39 डॉलर प्रति औंस हो गया जबकि अमेरिकी सोना वायदा 0.19 प्रतिशत उतरकर 1832.10 डॉलर प्रति औंस रहा। इस दौरान चांदी हाजिर 1.20 प्रतिशत चढ़कर 21.84 डॉलर प्रति औंस बोली गयी।

घरेलू स्तर पर देश के सबसे बड़े वायदा बाजार एमसीएक्स में सोना 181 रुपये बढ़कर 50835 रुपये प्रति दस ग्राम पर और सोना मिनी 156 रुपये की तेजी लेकर 50825 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया।

इस बीच चांदी 896 रुपये की बढ़त के साथ 61640 रुपये प्रति किलोग्राम पर और चांदी मिनी 803 रुपये चमककर 61880 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी।

# जैन इरिगेशन के अंतरराष्ट्रीय कारोबार का सिंगापुर की कंपनी में विलय

वार्ता ➤ जलगाँव
www.dailypioneer.com

सिंचाई प्रौद्योगिकी कंपनी जैन इरिगेशन सिस्टम्स लि.ने सिंचायी यंत्रों के अपने अंतरराष्ट्रीय कारोबार को सिंगापुर की निवेश कंपनी टेमासेक के स्वामित्व वाली रिवुलिस पीटीई लिमिटेड 'रिवुलिस' को बेचने के करार की मंगलवार को घोषणा की। जैन इरिगेशन ने एक बयान में कहा कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी जैन इंटरनेशनल ट्रेडिंग बीवी और रिवुलिस ने निश्चित लेनदेन समझौते किए हैं। इसके तहत जैन इरिगेशन के इंटरनेशनल ईरिगेशन बिजनस (आईआईबी) का अब रिवुलिस के साथ विलय किया जाएगा और इससे एक वैश्विक कंपनी का निर्माण होगा। नयी कंपनी सिंचाई और जलवायु क्षेत्र में 75 करोड़ डॉलर वार्षिक के राजस्व के साथ दुनिया में अपने क्षेत्र की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी होगी। यह सौदा नकद और स्टॉक लेनदेन हासिल किया जा रहा है। कंपनी का कहना है कि नकद आय का उपयोग जैन इरिगेशन के समेकित ऋण को 45 प्रतिशत तक घटाने के लिए उपयोग किया जाएगा। इसमें 22.5 करोड़ डालर के पुनर्गठित और आईआईबी सहित समूह की कंपनियों के पूरे ऋण शामिल हैं। इस करार के तहत विलय के बाद बनी नयी कंपनी में जैन इरिगेशन समूह की 22 प्रतिशत और शेष 78 प्रतिशत टेमासेक के पास रहेगी। जैन इरिगेशन के प्रबंध निदेशक अनिल जैन ने कहा, ÷ हम इस गठबंधन में प्रवेश करके बहुत खुश हैं। टेमासेक एक विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त निवेश कंपनी है। हम आशा करते हैं कि रिवुलिस के साथ विलय से इस क्षेत्र में एक विश्व अग्रणी कंपनी तैयार होगी।

# बदलता बस्तरः सशक्त हो रही महिलाएं, रोजगार के खुले द्वार



## अब नक्सलियों की मांद के रूप में नहीं, लीची से बनेगी अबूझमाड़ की पहचान

अबूझमाड़ अपनी नई पहचान बनाने जा रहा है। कभी नक्सलियों के गढ़ के रूप में पहचाने जाने वाले अबूझमाड़ अब अपनी नई पहचान बनाने जा रहा है। लीची का नाम सुनकर अमूमन बिहार के मुजफ्फरपुर इलाके का नाम याद आता है, लेकिन अब इस कहानी में जरा ट्विस्ट आने वाला है. छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ क्षेत्र की मीठी लीची भी मुजफ्फरपुर की लीची को टक्कर देने मैदान में आ रही है। अबूझमाड़ क्षेत्र में सर्वे और मसाहती खसरा वितरण का कार्य जोर शोर से चल रहा है और अब इसके परिणाम दिखना शुरू हो गये हैं। इस क्षेत्र में 200 एकड़ में लीची के पौधों का रोपण किया जाएगा साथ ही जिन किसानों को मसाहती खसरा मिल गया है उन सभी को 20 से 30 पौधे दिए जाएंगे। उद्यानिकी विभाग द्वारा किसानों के खेतों में पौधों का रोपण किया जायेगा और उन्हें ट्रेनिंग भी देंगे। अब सब कुछ सही चला, तो लीची इस इलाके को नई पहचान दे सकती है. लीची के पौधे को लंबी सर्दी और पर्याप्त बारिश की जरूरत होती है और अबूझमाड़ का क्षेत्र इस हिसाब से अनुकूल है। साल 1995 में ओरछा के शासकीय उद्यान में 100 पौधों का रोपण किया गया था जो अब पर्याप्त फल दे रहे हैं। इस छोटी सी सफलता ने उम्मीद को रोशनी दिखाई है. अबूझमाड़ की जलवायु, मिट्टी और मौसम लीची के बागानों के लिए उपयुक्त है, इसलिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बस्तर के अपने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान नारायणपुर के ओरछा में 200 एकड़ क्षेत्र में लीची के पौधे लगाने के निर्देश दिए थे। जिस पर अमल शुरू हो गया है।

### अबूझमाड़ के किसानों को जगी नई उम्मीद



**200 एकड़ में लगेंगे लीची के पौधे**

**अबूझमाड़ के किसान लीची की मिठास से होंगे मालामाल**

### बिहार को टक्कर देगी अबूझमाड़ की लीची

#### इस वजह से उपयुक्त है अबूझमाड़

अबूझमाड़ का क्षेत्र घनघोर जंगल है, इस वजह से यहां बारिश पर्याप्त होती है। इस क्षेत्र में छत्तीसगढ़ में सबसे अधिक वर्षा होती है। अबूझमाड़ की समुद्र तल से 16 सौ मीटर ऊंचाई होने के कारण आर्द्रता और शीतल जलवायु लीची के लिए उपयुक्त जलवायु है।

#### नहीं पड़ती मार्केटिंग की जरूरत

सीजन छोटा होने की वजह से लीची की बाजार में इतनी डिमांड है कि मार्केटिंग की जरूरत ही नहीं पड़ती है। व्यापारी बागानों से एडवांस में बुकिंग कर लेते हैं। ओरछा शासकीय उद्यान में लगे लीची के सौ पौधों के फल आने से पहले ही व्यापारी आकर बुकिंग कर लेते हैं।

#### ऐसे बिखरती है लीची की मिठास

लीची के पौधे से आय करना बहुत ही आसान है. इसके पौधों को लगाना बहुत आसान है. यदि पर्याप्त बारिश होती है, तो सिर्फ गर्मी के सीजन में पौधे को पानी देना होता है। खाद भी बहुत कम लगती है. इसके पौधे की खास बात है कि पांच साल में ही फल देने लगता है। एक सीजन में एक पेड़ में 20 किलो लीची लगती है, जो औसतन 120 रुपये किलो बिकती है। यही पेड़ 10 साल बाद प्रति सीजन क्विंटल तक फल देता है।

#### मसाहती सर्वे के बाद किसानों को लीची रोपण की ट्रेनिंग

अबूझमाड़ क्षेत्र में सर्वे और मसाहती खसरा वितरण का कार्य जोर शोर से चल रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर इस क्षेत्र में 200 एकड़ में लीची के पौधों का रोपण किया जाएगा साथ ही जिन किसानों को मसाहती खसरा मिल गया है उन सभी को 20 से 30 पौधे दिए जाएंगे। उद्यानिकी विभाग द्वारा किसानों के खेतों में पौधों का रोपण किया जायेगा और उन्हें ट्रेनिंग भी देंगे!

## आदिवासी महिलाओं ने 16 महीने में किया 50 करोड़ का व्यापार, दंतेवाड़ा में हजारों लोगों को मिला रोजगार

### डेनेक्स की पांचवी यूनिट का हुआ एमओयू, अब विदेश में बिकेंगे दंतेवाड़ा में बने कपड़े



**अब** से लगभग 16 महीने पहले छत्तीसगढ़ के आदिवासी बाहुल्य दंतेवाड़ा जिले में महिलाओं की आत्मनिर्भरता को बढ़ाने के लिए ग्राम पंचायत हारम में नवा दन्तेवाड़ा गारमेन्ट फैक्ट्री की स्थापना की गई। चूंकि कपड़े का ब्रांड नेम होना जरूरी था तो यहां बने कपड़ों को ब्रांड नाम दिया गया 'डेनेक्स'। डेनेक्स का अर्थ है 'दन्तेवाड़ा नेक्स्ट'। इस ब्रांड में दन्तेवाड़ा जिले की समृद्धि, परम्परा एवं संस्कृति की झलक दिखाई देती है। 'हारम' में स्थापित पहली डेनेक्स फैक्टरी ने सफलता के कीर्तिमान गढ़ना शुरू कर दिया जिसके बाद बारसूर,कारली और कटेकल्याण ग्राम में भी डेनेक्स यूनिट स्थापित हो चुकी है। बीते 16 माह से ही डेनेक्स की चार यूनिट से लगभग 50 करोड़ रूपए मूल्य के 6 लाख 85 हजार कपड़ों का लॉट बंगलुरु भेजा जा चुका है, जहां से इनका विक्रय पूरे देश में कश्मीर से कन्याकुमारी तक हो रहा है। दंतेवाड़ा नेक्स्ट यानि की डेनेक्स से दंतेवाड़ा के लगभग 800 लोगों को रोजगार मिला है. कभी गरीबी के साये में दिन बिताने वाली महिलाएं आज प्रतिमाह सात हजार रूपए से ज्यादा की आय अर्जित कर रही हैं। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल डेनेक्स कटेकल्याण युनिट का निरीक्षण करने पहुंचे।

मुख्यमंत्री ने डेनेक्स में काम कर रही महिलाओं से बातचीत भी की। डेनेक्स में काम करने वाली महिलाओं के चेहरे की मुस्कुराहट ये बता रही थी कि वो आर्थिक सशक्तीकरण तरफ अग्रसर हैं। अभी तक स्थापित डेनेक्स की चार यूनिट से कपडों का लाट बंगलुरू भेजा जा रहा था, लेकिन अब डेनेक्स ब्रांड की गूंज विदेशों में भी सुनायी देगी. डेनेक्स एफ्पीओ (किसान उत्पादक संघ) ने एक्सपोर्ट हाउस, तिरपुर से डेनेक्स की पांचवी यूनिट 'छिंदनार' से अगले 3 वर्षों के लिए एमओयू साइन किया है। इस एमओयू के बाद डेनेक्स की पांचवी यूनिट छिंदनार से तैयार होने वाले कपड़े यूके और यूएस के बाजार में भी नजर आएंगे।

गरीबी उन्मूलन और आर्थिक सशक्तीकरण के क्षेत्र में काम करने वाला छत्तीसगढ़ राज्य देश के अन्य राज्यों के लिए एक बड़ा उदाहरण पेश कर रहा है तभी तो जहां कभी नक्सलियों के गोलियों की आवाजें सुनायी देती थीं वहीं आज खिलखिलाकर कर हंसते हुए लोगों की आवाजें सुनायी देती हैं।

## वनांचलों में बसे ग्रामीण आदिवासी जनजातियों के लिए महुआ वृक्ष बना रोजगार का साधन



**दंतेवाड़ा** का नाम सुनकर लोगों के ज़हन में नक्सलवाद, आर्थिक सामाजिक, पिछड़ापन, घने जंगल दुर्गम पहाड़ी एवं नदी-नालों में बसे गांव आ जाते हैं। परंतु प्रकृति ने इन्ही घनी जंगलों की गोद में महुआ का पेड़ वरदान स्वरूप दिया है। महुआ विशेष रूप से जिले के ग्रामीण जीवन का सांस्कृतिक एवं आर्थिक आधार है। यह न केवल दैनिक जीवन में भोजन और पेय के लिए उपयोग किया जाता है, बल्कि इसे बेचकर आर्थिक आय भी प्राप्त किया जाता है। जंगलों से बीनकर घरों में रखा हुआ महुआ एक संपत्ति के समान होता है, जिसे कभी भी नगदी में बदला जा सकता है। वर्षों से ग्रामीण महुआ संग्रहित कर कम दामों में व्यापारियों को बेच देते हैं।

**व्यापार कर कमाएं 1 लाख 35 हजार रुपए :** अब शासन की योजनाओं से जिले महिलाओं का जन-जीवन बदल रहा है। जिला प्रशासन के सहयोग एवं मार्गदर्शन में क्षेत्र की किशोरी एवं महिलाएं नए-नए सफल प्रयोग कर रोजगार सृजन करने का काम कर रहे हैं। ऐसा ही नया और बेहतर कार्य दंतेवाड़ा वन परिक्षेत्र केन्द्रीय काष्ठागार दंतेवाड़ा के प्रसंस्करण केन्द्र व प्रशिक्षण केन्द्र में महुआ के स्वादिष्ट- हलवा, चंक्स, जैम, जेली, कुकीज, बनाकर व्यापार कर रही है। वर्तमान में 30 महिलाएं कार्य कर रही हैं, जिनके द्वारा व्यापार कर 1,35,000 रुपए का लाभ कमा चुकी है।

**महिलाओं को मिल रहा महुआ उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण :** बाजार में 'महुआ' के हलवा, चंक्स, जैम, जेली, कुकीज के ज्यादा मांग एवं स्वास्थ्य वर्धक (कैलोरी, प्रोटीन, फैट, शुगर, आयरन एवं विटामिन सी) होने के कारण 'महुआ' से खाद्य पदार्थों के हेतु प्रसंस्करण केन्द्र व प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना की गई है। इन इकाइयों के अधिक उत्पादन के लिए मशीनों की सुविधा दी गई है। वन विभाग के द्वारा इन महिलाओं को प्रशिक्षित कर महुआ को प्रसंस्करण कर इनके पाँच उत्पादों (हलवा, चंक्स, जेम, जेली एवं लड्डू, कुकीज) बना रहे हैं।

## कोदो-कुटकी, रागी प्रसंस्करण से स्व-सहायता समूह को लगभग 05 लाख रूपये की आमदनी



आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में कम उपजाऊ उच्चहन एवं कंकरीली जमीन पर किसानों द्वारा कोदो-कुटकी, रागी की फसल ली जाती है, ऐसे जमीन में अन्य फसलों का उत्पादन अच्छे से नहीं हो पाता है। कोदो-कुटकी, रागी में पोषक तत्व प्रचूर मात्रा में पाये जाते हैं। इन्हीं गुणों को ध्यान में रखते हुए इन फसलों के उत्पादन एवं प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के सहयोग से कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर में लघु धान्य (कोदो-कुटकी, रागी) प्रसंस्करण इकाई की स्थापना किया गया है, जिसका लोकार्पण प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा 27 जनवरी 2021 को किया गया। स्थापना के बाद से ही इस प्रसंस्करण इकाई में लगातार कोदो-कुटकी एवं रागी प्रसंस्करण किया जा रहा है, प्रसंस्करण इकाई की स्थापना से लेकर अब तक यहॉ 401 क्विंटल रागी तथा 440 क्विंटल कोदो का प्रोसेसिंग किया गया है।

## पार्वती कर रही इंग्लैण्ड तक महुआ की सप्लाई



मुख्यमंत्री के साथ एक छोटे से संवाद ने कटेकल्याण की पार्वती की इंग्लैंड की टिकिट बुक करा दी। कटेकल्याण की एक महिला पार्वती मोरे ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को कहा कि मुख्यमंत्री जी आपका बहुत धन्यवाद, आपके वनोपज संग्रहण का उचित मूल्य दिये जाने का लाभ हम सबको हुआ है। इस बार हम लोग महुआ इंग्लैंड तक भेजने वाले हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा क्या बात है? फिर मुख्यमंत्री ने पुनः पूछा कि क्या तुम भी इंग्लैंड जाना चाहती हो? युवती के उत्साह से भरे चेहरे को देखकर मुख्यमंत्री ने कहा कि तुम्हें भी इंग्लैंड भेजेंगे। पार्वती ने मुख्यमंत्री को बताया कि विभिन्न समूहों के माध्यम से 40 हजार क्विंटल महुआ एकत्रित हुआ है। सरकार की संग्राहकों को राहत देने की नीति से लोगों में काफी खुशी है। इन महुआ संग्राहक महिलाओं की खुशी से भरी बातचीत ने मुख्यमंत्री को भी उत्साहित कर दिया। उन्होंने जैसे ही सुना कि महुआ इंग्लैंड जा रहा है तो उन्होंने कह दिया, क्या बात है। उल्लेखनीय है कि कटेकल्याण क्षेत्र में बड़े पैमाने पर महुआ संग्रहण का कार्य होता है। महुआ के पूरा सीजन लोग इसे एकत्रित करते रहते हैं। एक तरह से महुआ यहां की संस्कृति में रचा बसा है। अब महुआ की वैश्विक पहुंच से यहां आय के नये अवसर उत्पन्न होंगे।

## मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना से अनिता की आर्थिक स्थिति हुई मजबूत



**मुख्यमंत्री** युवा स्वरोजगार योजना के तहत राज्य के युवा वर्ग को स्व-रोजगार के रूप में उद्योग, सेवा एवं व्यवसाय स्थापित करने में समग्र सहायता (वित्तीय सहायता, गांरटी, प्रशिक्षण व अनुसरण) उपलब्ध कराना है, योजना के अंतर्गत आवेदक की शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम आठवी उत्तीर्ण एवं आयु 18 वर्ष से 40 वर्ष के मध्य हो, ऐसे हितग्राही को विनिर्माण हेतु 25 लाख, सेवा उद्यम हेतु 10 लाख एवं व्यवसाय हेतु 2 लाख तक ऋष्रा प्रदाय करने का प्रावधान है। योजना से लाभांवित हितग्राहियों को 10 से 25 प्रतिशत विभागीय अनुदान की पात्रता होती है। ग्राम कोनागुड़ा के श्रीमती अनिता चिकुड़ पति श्री संतोष चिकुड़ अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिला उद्यमी है। हितग्राही ने बताया कि उनके पति जिला शिक्षा अधिकरी कार्यालय बीजापुर में कलेक्टर दर पर भृत्य की नौकरी में कार्यरत हैं। परन्तु उनकी मासिक वेतन बहुत ही कम होने के कारण परिवार चलाने में काफी कठिनाईयां होती है। हितग्राही द्वारा अपने पति के साथ घर की आर्थिक स्थिति पर सुधार पर चर्चा करते वक्त कोनागुड़ा में कोई किराना की दुकान विद्यमान न होने के कारण राशन से संबंधित व्यवसाय प्रारंभ करने का विचार आया। हितग्राही ने किराना दुकान की व्यवसाय हेतु कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बीजापुर से सम्पर्क कर मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत वर्ष 2020 में ऋष्रा हेतु आवेदन किया। विभाग द्वारा आवेदन को गांव के नजदीकी पंजाब नेशनल बैंक, संगमपल्ली को प्रेषित कर 1 लाख रूपये का ऋष्रा स्वीकृत कराया गया है।

## बस्तर का पपीता दिल्ली की सब्जी मंडी में 80 रुपये प्रति किलो में बिक रहा



**बस्तर** के दरभा ब्लॉक के मंगलपुर गांव में महिलाएं द्वारा उगाए पपीते का मीठा स्वाद दिल्ली तक पहुंच रहा है। दिल्ली की आजादपुर मंडी में पपीते की लगभग 5 टन की तीन खेप बेची जा चुकी है। जिसके 80 रुपये प्रति किलो की दर से दाम मिले हैं। ये सम्भव हुआ इन महिलाओं की हौसले और कड़ी मेहनत से।

कहते हैं इरादे अगर चट्टानी हों तो पत्थर में भी फूल खिलते हैं। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है, बस्तर की इन महिलाओं ने। मां दन्तेश्वरी पपई उत्पादन समिति की 43 महिलाओं की मेहनत से अब बस्तर के मंगलपुर गांव की पथरीली जमीन में भी पपीता के अंकुर फूट रहे हैं।मंगलपुर की ये पपीता बाड़ी नरवा, गरुवा, घुरूवा बाड़ी योजना की सफलता का उत्कृष्ट उदाहरण है। हेमवती कश्यप ने बताया कि हमने 10 एकड़ में 300 टन पपीता उगाकर 40 लाख रुपये का विक्रय किया, पपीता की खेती कर हमें पहली बार हवाईजहाज में बैठ दिल्ली जाने का मौका मिला, हमारी ज़िंदगी आपकी सरकार बदल रही है। समिति की सचिव हेमा कश्यप ने बताया कि ये जमीन बहुत ही पथरीली और बंजर थी, जमीन को खेती लायक बनाने के लिए डेढ़ महीने तक महिलाओं ने हाथों से पत्थर बीने और तकरीबन 100 ट्राली पत्थर बाहर किये। बाहर से लाल मिट्टी लाकर जमीन को समतल किया गया। महिलाओं ने समतलीकरण में श्रम दान दिया। पपीता का पौधा लगाने के लिए बेड बनाये। बड़ा बेड बनाने के लिए पुनः मिट्टी डाली गई। दिसम्बर 2021 में महिलाओं द्वारा शुरू किया गया जमीन तैयार करने का काम लगभग डेढ़ महीने चला, तब जाकर 11 जनवरी 2021 को पपीता के पौधे का रोपण शुरू हुआ। ये इन महिलाओं की कड़ी मेहनत ही है कि आज 10 एकड़ के क्षेत्र में 5500 पपीता के पौधे लहलहा रहे हैं।

## दीपक को मिला मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना का सहारा, टैक्सी की स्टेयरिंग थाम दी अपने जीवन को नई दिशा



ग्राम मटेनार के निवासी श्री लक्ष्मण गावड़े के पुत्र दीपक गावड़े जिनकी उम्र 21 वर्ष हैं और उन्होंने जिला कौशल विकास प्राधिकरण दंतेवाड़ा द्वारा प्रायोजित मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत जिला प्रोजेक्ट लाइलीहुड कॉलेज सोसायटी दंतेवाड़ा 'टैक्सी ड्राइवर' में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। दीपक गावड़े बताते हैं कि उन्हें नौकरी तलाशने के लिए बहुत ही जद्दोजहद का सामना करना पड़ा। अपने हालातों को सुधारने के लिए कई जगह काम के लिए भटकना पड़ा पर कहीं भी बात नही बनी। फिर उनके दोस्त ने बताया कि जिले में आजीविका महाविद्यालय दंतेवाड़ा रोजगारोन्मुखी कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान कर रहा है।इसके बाद श्री दीपक ने तुरंत आवेदन किया और उनका चयन हो गया। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद उन्हें अपने ही गांव मटेनार में निजी नौकरी मिल गई। आज वे काम कर रहे हैं और लगभग 6000 हज़ार रुपए मासिक आय कमा रहे हैं और अपने परिवार का आर्थिक मदद कर पा रहे हैं। इसके लिए उन्होंने लाइलीहुड कॉलेज दंतेवाड़ा और मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना का आभार जताया।मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अन्तर्गत जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार उपलब्ध कराने हेतु प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है।

## एक सफल उद्यमी के रूप में उभर कर सामने आये श्री हिरमा राम



दंतेवाड़ा के कुआकोंडा विकासखंड के ग्राम हडमामुंडा गोंगपाल निवासी श्री हिरमा राम मरकाम पिता मल्लाराम का जीवन पहले संघर्षो भरा रहा है। लेकिन अब उनकी और उनके परिवार की जिंदगी संवर गई है। श्री हिरमा राम गांव में अब किराना सामान की दुकान चलाता है जिससे उन्हें अच्छी खासी आमदनी हो जाती है। उन्होंने देखा कि इस क्षेत्र में लोगों को किराना सामान के लिए आस-पास के गांव एवं हाट-बाजार पर निर्भर रहना पड़ता है। इसलिए उन्होंने पहले छोटी दुकान की शुरूआत की इसके बाद वह उसे बढ़ाने हेतु प्रयास करने लगा। किंतु आमदनी अच्छी नहीं मिल पाती थी, जिससे वह अपनी दुकान में सामान बढ़ा सके। इसके लिए उन्होंने पालनार में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के द्वारा आयोजित शिविर से जानकारी प्राप्त कर किराना व्यवसाय हेतु ऋण लेकर दुकान बढ़ाने का सोचा इस प्रक्रिया में वह उद्योग विभाग से अधिक जानकारी एकत्रित कर अपना आवेदन तैयार कर जमा किया, जिसमें विभाग ने भी हिरमा राम को पूरा सहयोग प्रदान किया।

## उद्यानिकी की उन्नत तकनीक से किसान के आर्थिक स्थिति में हो रहा सुधार



बदलते वक्त के साथ किसान नई तकनीकी के साथ खेती कर रहे है। और मेहनत के बलबूते परिवार की आर्थिक स्थिती मजबूत करने के साथ ही समाज को नई दिशा दे रहे हैं। ऐसे ही किसान सूरज पिता बीज्जा ग्राम गंजेनार विकासखण्ड दन्तेवाड़ा का निवासी है। सूरज पूर्व में परम्परागत तरीके से खेती कर रहे थे। जिससे वर्षभर में 25-30 हजार रूपये का आय अर्जित हो पाती थी।

**उन्नत खेती अपनाकर कमा रहे लाखों रुपएः** उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन में उन्नत तकनीक से साग-सब्जी उत्पादन करना प्रारम्भ किया। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत उद्यानिकी विभाग से मल्चिंग हेतु अनुदान प्राप्त कर ड्रिप एवं मल्चिंग विधि से 1.00 हेक्टेयर क्षेत्र में बैंगन की खेती किया जिससे कृषक को 1.16 लाख की आमदनी प्राप्त हुई।



## पन्द्रह वर्षों से बंद 97 स्कूलों में बजी घंटी

### सुकमा जिले में 123 बंद शालाओं का होगा पुनः संचालन

**लाल** आतंक के लिए देश-दुनिया में पहचाने जाने वाले सुकमा ज़िले के कोण्टा विकासखंड में सलवा-जुडूम और नक्सलवाद के चलते 15 साल से बंद स्कूलों को फिर से शुरू करने में सफलता मिली है। पंद्रह साल पहले नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए सलवा जुडूम अभियान के दौरान नक्सली हिंसा के चलते विकासखंड कोण्टा के 123 स्कूल बंद करा दिए गए थे। नक्सलियों ने दर्जनों स्कूल भवनों को ढहा दिया था। जिनमें 100 प्राथमिक, 22 माध्यमिक एवं 01 हाईस्कूल शामिल है। पहले चरण में 45 शाला भवन बनकर तैयार हो चुके है, 49 भवनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। सुदूर वनांचलों में बसे इन अति संवेदनशील ग्रामों में बच्चों को पढ़ाने के लिए स्थानीय स्तर पर स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को चिन्हांकित कर सबसे पहले इन्हें अध्यापन कार्य के लिए प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षित किये गए ऐसे 97 युवकों को पंचायत स्तर पर नियुक्त किया गया। इन्हें ज़िला प्रशासन की तरफ से प्रतिमाह ग्यारह हजार रुपये का मानदेय प्रदान किया जाता है

**नक्सली आंतक की भेंट चढ़ा चिंतलनार स्कूल अब बच्चों से है गुलजार :** नक्सल हिंसा के प्रभाव के चलते बन्द हो चुके हाई स्कूल चिंतलनार सत्र 2021-22 में पुनः प्रारंभ किये जाने के बाद अब यहां के बच्चों को कहीं भटकना नहीं पड़ रहा है। इस इलाके के अति संवेदनशील और नक्सल हिंसा से सर्वाधिक प्रभावित ग्राम जगरगुंडा का हायर सेकंडरी स्कूल, माध्यमिक शाला, कन्या/बालक छात्रावास जो बीते वर्षों दोरनापाल में संचालित किया जा रहा था, वह अब सर्व सुविधाओं के साथ जगरगुंडा में ही संचालित किया जा रहा है। इस तरह ग्राम भेज्जी, किस्टाराम, गोलापल्ली, सामसट्टी की शिक्षण एवं आवासीय संस्थाएं जो कि कोण्टा, मरईगुड़ा, दोरनापाल मुख्यालय में संचालित की जाती रही अब वह सम्पूर्ण सुविधाओं के साथ उनके मूल ग्रामों में संचालित किए जाने से यहां के विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बड़ा है।

निश्चित ही यह ग्रामीणजनों के साथ शासन-प्रशासन के आपसी समन्वय, तालमेल, संवाद और मजबूत संकल्प और प्रतिबद्धता का ही सुखद परिणाम है कि आज वर्षों का अंधेरा छट गया, रोशनी की नई किरण से सुदूर वनांचल में उत्साह की नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403